

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक





रांची, गुरुवार, 05 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -167 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**अजय दास, समाज सेवी (मंगलहाट/साहिबगंज)**

**जिस समाज की नियत अच्छी होगी उस समाज की आपस मे मिलजुलकर आगे बढ़ने की रवायत होगी। समाज मे अच्छा जरूर होगा यदि समाज द्वेष भावनाओं से दूर होगा। समाज के हित के लिए लड़ना पड़े तो लड़ो समाज विरोधियों के खिलाफ खड़ा होना पड़े तो खड़ा रहो। समाज को मुझे विकास से भरपूर करके गरीब की मदद करने की आदत है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **72,200**

चांदी (प्रति किलो) : **94,000**

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **80,956.33**

निफ्टी :- **24,467.45**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **25** °

न्यूनतम तापमान : **14** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:16**

संध्या :- **17:02**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1230 को जर्मनी के रसायन शास्त्री और दार्शनिक अलबर्ट महान का निधन हुआ। इन्होंने आर्सेनिक द्वारा तांबे को सफेद करने में सफलता प्राप्त की थी।**

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सीएम, दी श्रद्धांजलि

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के दिवंगत पिता और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश स्वर्गीय एम जगन्नाथ राव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। वहीं सीएम ने ट्वीट कर शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले, जल-जंगल-जमीन के रक्षक, महान आदिवासी योद्धा जननायक टंट्या भील के शहादत दिवस पर उन्हें याद किया। साथ ही अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रतीक देश के वीर जांबाज नौ सैनिकों और उनके परिवारजनों समेत समस्त देशवासियों को भारतीय नौसेना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### पिपरवार में उग्रवादियों का उपद्रव, कोयला ढुलाई में लगे हाइवा को किया आग के हवाले

चतरा। जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र में कोयला ढुलाई में लगे हाइवा में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। बचरा स्टेडियम के पीछे ट्रांसपोर्टिंग रोड पर मंगलवार की देर रात यह घटना हुई है। टंडवा से बचरा साइडिंग तक होने वाले एनटीपीसी के कोयला ढुलाई वाले हाईवा को आग के हवाले कर दिया गया। इस घटना को अपराधियों या फिर किसी नक्सली संगठनों के जरिये अंजाम दिया गया है अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना के बाद ट्रांसपोर्टरों और कोयला व्यवसायियों में दहशत है। इस संबंध में बुधवार को एसपी विकास कुमार पांडे ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# कांग्रेस कोटे से 4 विधायकों को हेमंत सोरेन कैबिनेट में मिलेगी जगह, आरजेडी से भी मंत्री पद का लेंगे शपथ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** झरखंड में हेमंत सोरेन सरकार का कैबिनेट विस्तार 5 नंवबर को होगा. इसके लिए कांग्रेस कोटे से मंत्रियों की लिस्ट सामने आ चुकी है. इस बार भी पुराने फामूर्ले के तहत कांग्रेस के 4 विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे. जिन लोगों का नाम फाइनल किया गया है उनमें से दो पुराने चेहरे हैं. गहन विचार विमर्श के बाद आखिरकार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इन सभी के नाम पर मुहर लगा दी है.

**कांग्रेस कोटे से कौन-कौन बनेंगे मंत्री**

झारखंड कांग्रेस कोटे से जिन विधायकों का नाम फाइनल किया गया है उसमें जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, छत्तरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर और मांडर से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल है. बता दें कि इरफान अंसारी हेमंत सोरेन सरकार के पिछले कैबिनेट में ग्रामीण विकास मंत्री थे. जबकि, दीपिका पांडेय सिंह कृषि मंत्री थी. उन्हें बादल पत्रलेख के जगह मंत्री बनाया गया था.

**आरजेडी से संजय सिंह यादव का नाम फाइनल**

आरजेडी कोटे से संजय यादव को मंत्री बनाया जाना तय है. वे गोड्डा से विधायक हैं. पार्टी ने विधायक दल का नेता सुरेश पासवान को बनाया है. बता दें कि झामुमो कोटे से 6, कांग्रेस से 4 और आरजेडी से 1 विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे. गुरुवार दोपहर 12.30 बजे राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह होगा. हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को झारखंड के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी. विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बंपर बहुमत मिला था. जबकि एनडीए मात्र 24 सीटों पर सिमट गया था.

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कांग्रेस कोटे से बनने वाले मंत्रियों में क्षेत्रीय, जाति, लिंग, अनुभव और युवा सभी का ख्याल रखा गया है. उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता और विधायक दल के उपनेता, सचेतक का नाम भी तय किया जाएगा. वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस बार भी कांग्रेस कोटे से कल चार मंत्री शपथ लेंगे. उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस विधायक दल का नेता कोई मंत्री नहीं होगा, बल्कि अलग और अनुभवी विधायक को जिम्मेदारी दी जाएगी. उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व में जो भी विभाग कांग्रेस के पास था, वही विभाग इस बार भी पार्टी कोटे से चुने गए मंत्रियों के पास रहेगा. दिल्ली से रांची लौटे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पूर्व से चली आ रही परंपरा का पालन करते हुए मंत्री बनने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक नहीं कर रही है.

# जेएसएससी ने जारी किया सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** विवादों में रही जेएसएससी स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. आयोग की ओर से जारी रिजल्ट में निर्धारित पद से 10 फीसदी अधिक अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया है. चयनित अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन 16 से 20 दिसंबर के बीच किया जाएगा. आयोग ने सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए प्रतिदिन सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे और दोपहर 2:30 से शाम 5:30 बजे तक का समय तय किया है. अभ्यर्थियों को निर्धारित समय और तिथि पर प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए उपस्थित होने को कहा गया है. इसके लिए उक्त तिथि के लिए अभ्यर्थियों का रोल नंबर जारी कर दिया गया है. परीक्षा का विस्तृत रिजल्ट आयोग की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है. गौरतलब है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 21 और 22 सितंबर को झारखंड स्नातक पात्रता संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा यानी सीजीएल 2023 आयोजित की थी. जिसमें प्रश्नपत्र लीक होने की शिकायत कर छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया था, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया. इस परीक्षा में आयोग को 6,39,900 अभ्यर्थियों से वैध आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 3,04,769 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. परीक्षा आयोजित करने के लिए जेएसएससी ने 24 जिलों में 823 परीक्षा केंद्र बनाए थे.

# राहुल गांधी को योगी सरकार ने संभल जाने नहीं दिया, दिल्ली लौटे, कहा, हमारा संवैधानिक अधिकार हमें नहीं दिया जा रहा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** योगी सरकार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को आज बुधवार को यूपी के संभल जाने नहीं दिया. उन्हें दिल्ली गाजीपुर बॉर्डर पर रोक दिया गया. अब वे दिल्ली लौट रहे हैं. वे हिंसा प्रभावित संभल (उत्तर प्रदेश) दौरे के लिए रवाना हुए थे. लेकिन उन्हें दिल्ली गाजीपुर बॉर्डर पर रोक कर उन्हें आगे जाने की इजाजत नहीं दी गयी. राहुल गांधी और प्रियंका के साथ पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे. उसके बाद राहुल गांधी ने प्रशासन से मांग की कि कि वो अकेले संभल जायेंगे और पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे. मगर इसकी इजाजत भी नहीं मिली. दिल्ली गाजीपुर बॉर्डर पर दो घंटे तक अफरा तफरी मची रही.

**राहुल गांधी ने कहा, हमारा संवैधानिक अधिकार हमें नहीं दिया जा रहा**

राहुल गांधी ने कहा, हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं. पुलिस मना कर रही है. नेता विपक्ष होने के नाते मेरा अधिकार बनता है वहां जाने का, लेकिन तब भी जाने नहीं दिया जा रहा. मैं अकेला वहां जाने को तैयार हूं, लेकिन ये बात भी नहीं मानी गयी. हम सिर्फ संभल जाना चाहते हैं. वहां के लोगों से मिलना चाहते हैं. लेकिनङ्खहमारा संवैधानिक अधिकार हमें नहीं दिया जा रहा. यही है नया हिंदुस्तान, जिसमें संविधान को खत्म करने का काम किया जा रहा है.

**प्रियंका गांधी ने कहा, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, उनके संवैधानिक अधिकार हैं**

प्रियंका गांधी ने कहा, राहुल गांधी जी नेता प्रतिपक्ष हैं, उनके संवैधानिक अधिकार बाकी लोगों से अलग होते हैं. उन्हें रोका नहीं जा सकता. राहुल गांधी जी ने कहा कि मैं यूपी की पुलिस के साथ अकेला चला जाऊंगा, लेकिन पुलिस इसके लिए भी तैयार नहीं हुई. उन्हें अनुमति दी जानी चाहिए कि वो पीड़ितों से मिलने जाये. पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है. ऐसे में सवाल उठता है कि- ऐसा कौन सा सच है, जिसको छिपाया जा रहा है, क्योंकि हमने देखा है ऐसे ही सच छिपाने की कोशिश हाथरस, लखीमपुर और उन्नाव में हुई थी.

# सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर घर लौटेंगे विदेश में फंसे झारखंड के 50 कामगार

- मलयेशिया में फंसे थे देश के 70 कामगार, 50 कामगार झारखंड के रहने वाले
- कामगारों ने श्रम विभाग को भेजे थे जरूरी दस्तावेज और आवेदन
- भारतीय दूतावास ने दिलाया कामगारों का 8 महीने का बकाया वेतन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** झारखंड के 50 कामगार विदेश में फंस गए हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर सभी श्रमिक जल्द ही अपने घर लौटेंगे. मुख्यमंत्री की पहल पर सभी कामगारों को झारखंड लाने की कागजी कार्रवाई पूरी हो गई है. 11 से 18 दिसंबर के बीच बारी-बारी से सभी लोग अपने घर पहुंचेंगे.

**विधानसभा चुनाव की वजह से कामगारों की वापसी में हुई देरी**

मुख्यमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है. कहा है कि झारखंड में विधानसभा चुनावों की वजह से उनकी वापसी में देरी हो गई. अगर चुनाव नहीं होते, तो कामगार अब तक अपने घर में होते. सीएमओ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये लोग मलयेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में झारखंड से काम करने के लिए गए थे.

**मलयेशिया में फंसे थे देश के 70 कामगार**

झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितंबर 2024 को वहां काम कर रहे 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत मिली. कामगारों ने बताया कि 4 महीने से उनको वेतन नहीं मिला. उन्हें भोजन भी नहीं मिल रहा है. इसलिए वे जल्द से जल्द अपने घर लौट जाना चाहते हैं.

**50 कामगार झारखंड के रहने वाले**

मुख्यमंत्री को जब इसकी सूचना मिली, तब तक झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी थी और आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी. इसकी वजह से इनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गई थी. चुनाव समाप्त होने और नई सरकार के गठन के बाद कामगारों के स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है. 70 कामगारों में 50 कामगार झारखंड के हैं. 20 अन्य प्रदेशों के रहने वाले हैं.

**मजदूरों को मिला 8 महीने का बकाया वेतन**

अनुबंध के तहत कामगारों का 1,700 मलयेशियन रिंगिट (मुद्रा/रुपया) का वेतन तय था. उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिए जा रहे थे. इसमें भी कटौती कर ली जा रही थी. भोजन की सुविधा नहीं दी गई. कामगारों को धमकियां भी मिल रहीं थीं. इसके बाद कामगारों ने मलयेशिया पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई. बाद में कामगारों ने इस मामले से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन श्रम विभाग को भेजा. श्रम विभाग के निर्देश पर प्रोटेक्टर ऑफ एमीग्रेंट रांची को पूरे मामले की जानकारी मिली. मामला राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष पहुंचा. श्रम विभाग ने पहल की और भारतीय दूतावास, कुआलालम्पुर ने कंपनी एवं कामगारों को दूतावास में बुलाया गया. यहां दोनों पक्षों का सत्यापन किया गया.

# देवेंद्र फडणवीस ने राज्यपाल से किया सरकार बनाने का दावा, शपथ ग्रहण गुरुवार को

**एजेंसी**



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने का दावा किया है। इसके बाद राज्यपाल ने गुरुवार को शाम साढ़े पांच बजे नई सरकार की शपथ विधि को मंजूरी दे दी। इस मौके पर शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार समूह के अध्यक्ष अजीत पवार , केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुधवार को विधानभवन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में देवेंद्र फडणवीस को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने वर्षा शासकीय आवास पर गए। इन तीनों नेताओं के बीच भावी सरकार के गठन को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद आज देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ राजभवन गए और राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि आज वे शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार के साथ राज्यपाल से मिले और उन्हें एनडीए के सहयोगी दलों की ओर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने पत्र देखने के बाद हमें सरकार गठन की मंजूरी दी है। इसलिए गुरुवार शाम को हमारी सरकार का शपथ विधि होगी। हम तीनों साथ बैठकर मंत्रियों के नाम तय करने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमारी सरकार के समक्ष चुनौतियां बहुत हैं। हमने चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे जनता से किए हैं, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार ने कहा कि उन्होंने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाने का समर्थन दिया है, इसलिए काम-काज में कोई दिक्कत नहीं आएगी। शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमने देवेंद्र फडणवीस को सरकार बनाने का समर्थन दिया है। इससे पहले हम सभी साथ मिलकर जनता के हित में काम कर रहे थे। शिंदे ने कहा कि पद महत्वपूर्ण नहीं है, हमें जनता के विकास कार्यों को प्रमुखता देनी है।

THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US NOW
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...



Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.

Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org

रत्नेश ज्योतिष एवं ग्रह रत्न केन्द्र
नीलम, पन्ना, पुखराज, माणिक, गोमेद, पारदर्शी, लसुनिया, हिरा, मोती, अकीक, चन्द्रमणि, एवं सभी प्रकार के रत्न और उपरत्न चाँदी में निर्मित अंगुठियाँ उचित मुल्य पर उपलब्ध है।
विशेष - जन्मकुंडली, लाईफ रिडिंग एवं पामेस्ट्री के लिए पधारें या संपर्क करें-



स्वामी रत्नेश जी
ज्योतिषाचार्य
पताः- सिंह मेंशन, शांति नगर, हटिया, राँची (झारखण्ड) / मो०- 6200215317

# मनरेगा योजना के सफल कार्यन्वयन को लेकर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**







**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय में मनरेगा योजनाओं पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनरों ने सात महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जानकारी दी, जो योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरी हैं। मौके पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सेबेस्टियन सोरेन ने कहा कि पंचायतों में मनरेगा योजनाओं का संचालन से आमजन को सुविधाओं के साथ ही डिजिटल पेमेंट के संकल्प को प्राप्त करने में एक कदम और आगे बढ़ेगा। वहीं मनरेगा योजनाओं के तहत प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन मास्टर ट्रेनर सेबेस्टियन सोरेन,मुखिया परमेश्वर महली एवं प्रखंड समन्वयक मनीष अग्रवाल ने मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सात रजिस्टर में मजदूर से संबंधित, दूसरी ग्राम सभा से जुड़ा, तीसरा काम से संबंधित, चौथा कार्य रजिस्टर, पांचवां संपत्ति रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर व सामग्री रजिस्टर शामिल हैं। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि उक्त सभी सात रजिस्टर को अपडेट कर रखना बहुत जरूरी है। अगर यह रजिस्टर अद्यतन नहीं रहेगा तो आप कभी भी फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण में भंडरा व कैरो प्रखंड के 15 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव और वीएलइ ने भाग लिया। उससे पूर्व दो दिनों के प्रशिक्षण में काम की मांग, कार्य आवंटन, मास्टर रोल और ई-मास्टर रोल भरने सहित अन्य का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर मुखिया सुमित उरांव, टेले उरांव, धनेश्वरी उरांव, ममता देवी, सुमन्ति तिग्गा, पंचायत सचिव महिपाल भगत, आशीष भगत, अजय भगत, रेखा कुजूर, अलोक भगत, वीएलई मृत्युजय तिवारी, मुन्ना ठाकुर, सरोज राम,मुजेबूल अंसारी, नवल उरांव सहित अन्य मौजूद थे.

## डीएमएफटी मद से हो रहे पथ का निर्माण का उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया निरीक्षण

**सड़क निर्माण के दौरान प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता के विषय पर ग्रामीण से ली गई जानकारी**



**रामगढ़ ।** सोमवार को डीएमएफटी मद से हो रहे हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा टीम गठित कर हो रहे हैं निर्माण कार्यों का ऑन द स्पॉट जाकर पदाधिकारियों द्वारा किया गया निरीक्षण। रामगढ़ जिला अंतर्गत ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पथ निर्माण सहित अन्य योजनाओं के तहत लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से हो रहे निर्माण कार्यों का जांच हेतु उपायुक्त चंदन कुमार के निदेर्शानुसार टीम गठित किया गया। जांच टीम द्वारा डीएमएफटी के तहत विभिन्न योजना अंतर्गत नेहरू रोड में सड़क निर्माण कार्य का पदाधिकारियों द्वारा जा जाकर निरीक्षण किया गया साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा की गई इस दौरान लोगों ने डीएमएफटी के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए उपायुक्त को धन्यवाद कहा। जांच टीम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो अप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, डीएमएफटी लीड सुकांतो मेटे, सहायक अभियंता भवन निर्माण शुभम सक्षम सहित अन्य उपस्थित थे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले और इस्कॉन भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को लेकर लोहरदगा मे विरोध प्रदर्शन.




बांग्लादेश से हिंदू हटाने के सड्यंत्र के खिलाफ लोहरदगा जिला समहरानालय के समक्ष सनातनियों ने किया धरना प्रदर्शन. हिंदू, सिख जैन और बौद्ध धर्म के विरुद्ध बांग्लादेश के स्थानीय कटर पंथियों द्वारा खुलेआम मारपीट करने और विभिन्न तरह के शारीरिक एवं मानसिक यातना देकर कष्ट पहुंचाने का काम किया जा रहा है. इसके साथ ही बांग्लादेश के मठ मंदिरों में तोड़ फोड़ कर कब्जा करने का काम किया जा रहा है. जिसका विरोध लोहरदगा में धरना प्रदर्शन के माध्यम से किया गया. बांग्लादेश सरकार के नीतियों और कटटर पंथीयों के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए स्वामी चिन्मयानंद को रिहा करने की मांग किया. वहीं मोहमद यूनुस सरकार के विरुद्ध जमकर विरोध किया. लोहरदगा जिले के विभिन्न हिंदू सनातन संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने प्रदर्शन में शामिल होकर बांग्लादेश सरकार के विरोध मे प्रदर्शन किया. और बांग्लादेश में हिंदू सनातन संस्कृति की रक्षा और न्याय की मांग किया है

## भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव पहुंचे पतरातू, आईटीआई संस्थाओं का किया निरीक्षण, उनके शब्दों से छलकी संतुष्टि

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**





**पतरातू ।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कौशल विकास और उद्यमिता बेहतर ढंग से संचालित करने और उसमें केंद्र सरकार के सहयोग से जो भी योजनाएं हो उन्हें राज्य सरकार तक पहुंचने में अपनी महत्वपूर्ण योगदान के लिए बुधवार को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (टरऊए) के वर्तमान सचिव अतुल कुमार तिवारी , संजीव कुमार बेसरा (निदेशक रोजगार एवं प्रशिक्षण झारखंड) (श्रम आयुक्त अधिकारी) सुरेंद्र कुमार लाल (मिशन निर्देशक) के साथ उनकी टीम पतरातू पहुंची। इस संबंध में अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि वित्त मंत्री ने जिस स्कीम की घोषणा की है जिसके तहत पूरे देश के लगभग 1000 आईटीआई को सुधारा जाएगा। जिसके लिए लगभग सात हजार करोड़ का अनुदान रखा गया है। इस सिलसिले में भी चर्चा करने के लिए हम रांची आए हैं। जहां पर हमने देखा कि राज्य सरकार के साथ मिलकर दो-तीन संस्थाएं आईटीआई को बढ़ावा देने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। हमने उसे प्रत्यक्ष देखा एवं उसकी समीक्षा की। इससे केंद्र सरकार की जो स्कीम है इसकी परिकल्पना में हमें काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड के लोग बहुत मेहनती और अच्छे काम करने के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं। यहां के हर जिले की अपनी अलग भूमिका है। जिसका हमने श्रम आयुक्त के साथ मिलकर आकलन किया ताकि लेबर एंप्लॉयमेंट और स्किल गैप का मिलान करके कौशल विकास के क्षेत्र में हम नई रूपरेखा तैयार कर पाएं।

## सिसई थाना क्षेत्र के भदौली में विवाह मंडप को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए लीज धारक को सौपा गया



**गुमला(सिसई):** सिसई सीओ नितेश रौशन खलखो और थानेदार संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को भदौली विवाह मंडप को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए लीजधारक को तीन साल के लिए सपुर्द कराया गया। इस दौरान लीजधारक दीपक कुमार अधिकारी ने बताया कि बीते मार्च महीने में कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गुमला द्वारा भदौली विवाह मंडप का तीन साल के लिए लीज प्राप्त हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा विवाह मंडप की चाबी नहीं मिलने पर अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था। ज्ञात हो जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय सीओ को लीजधारक को विवाह मंडप आवंटित कराने का निर्देश दिया गया था। जिस पर बुधवार को कार्रवाई करते हुए सीओ नितेश रौशन खलखो, थानेदार संतोष कुमार सिंह सीआई सह उप निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, अमीन प्रेम कुमार व स्थानीय लोगों की उपस्थिति में विवाह मंडप भवन का ताला खुलवाकर लीजधारक दीपक कुमार सिंह को सौंप दिया गया है ।दुसरी ओर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बहुचर्चित रावण मैदान की घेराबंदी का कार्य सीओ और थानेदार की उपस्थिति में बुधवार को संवेदक द्वारा शुरू करा दिया गया है।

## लिंग आधारित हिंसा समाप्त हेतु रैली का हुआ आयोजन



**लोहरदगा :** जिला समाज कल्याण ,लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के सहयोग से लोहरदगा प्रखंड के ग्राम बसरी के राजकीय उच्च विद्यालय , बंसरी में छात्राओं के बीच लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए आगामी 10 दिसंबर को होने वालेअंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया ।इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को चाईल्ड लाइन नंबर 1098,112 और 181 घरेलू हिंसा हेल्फ लाइन नंबरों से अवगत कराया गया। साथ ही कम बाल विवाह कहीं हो रहा हो या होने वाला हो तो उस हेल्फ लाइन नंबर में निःशुल्क सेवा पर अपने मानवता का परिचय देते हुए आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि द्रोपदी कुजूर, खरछढर से संध्या देवी, प्रधानाध्यापक अनिल टोप्पो,जिला बाल संरक्षण इकाई से अखिलेश्वर पांडेय, सेविका यसोदा उरांव ,मीना उरांव एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र ,छात्राएं उपस्थित थी

## सेन्हा में विधिक सेवा प्राधिकार के तहत आवासीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक



सेन्हा आवासीय विद्यालय जोगना प्रांगण में जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंतर्गत लीगल लिटरेसी के रूप में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 12: 30 बजे अपराह्न से 1:30 बजे अपराह्न तक किया गया। कार्यक्रम के तहत लोहरदगा जिले के विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नामित अधिवक्ता फुन्नी साहू एवं सहयोगी पैरा लीगल वालंटियर्स पुन्नू देवी द्वारा बाल श्रम,बाल विवाह,नशा मुक्ति,निःशुक्ल वकील मुहैया सम्बन्धी प्रावधान,साइबर क्राइम,पॉक्सो एक्ट से सम्बंधित जानकारी दी गई। उक्त विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए जिज्ञासापरक प्रश्नों का समाधान भी बताया गया। साथ ही साथ शिक्षा मंत्रालय के तत्त्वावधान में एनसीई आरटी द्वारा प्रत्येक तीन साल पर आयोजित होने वाली विद्यालय में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का आयोजन भी किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा,श्री जागेश्वर महतो,सीमा कुमारी जायसवाल,प्रफुल्ल लोमगा, निरानंद किशोर,सुजीत कुमार सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन एई करकेट्टा महोदया द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन रमेश कुमार उपाध्याय द्वारा दिया गया।

## भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी का ओ0पी0 जिंदल कम्युनिटी कॉलेज, पतरातू में हुआ भ्रमण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**पतरातू ।** भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने पतरातु यू स्थित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज का भ्रमण किया जिसमें सर्व प्रथम सचिव तिवारी जी का स्वागत, पतरातु जिंदल स्टील एवं पावर प्लांट के हेड सतेन्द्र सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर किया। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सम्माननीय अतिथि को नृत्य एवं स्वागत गान करते हुए मुख्य भवन तक ले गए। जहाँ पर संस्थान के प्राचार्य ने अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर झारखण्ड सरकार के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के निदेशक एवं श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा, जिंदल फाउंडेशन पतरातु के रवि निवास, मानव संसाधन विभाग के सतीश कुमार सिंह उपस्थित रहे। मौके पर सचिव ने संस्थान के मुख्य भवन तथा वर्कशाप का निरीक्षण किया। जिसमे उन्होनें संस्थान में उपस्थित वर्कशाप तथा परिसर को देखा एवं प्रशिक्षुओं से बातचीत भी की। इसके बाद उन्होंने संस्थान के लोगो के साथ एक औपचारिक बैठक कर संस्थान के प्राचार्य से संस्थान के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की । इस दौरान सचिव ने संस्थान के प्रबंधन को संस्थान में नए व्यवसाय को संचालित करने के लिए क्षेत्रीय निदेशालय (आर.डी.एस.डी.ई) के प्रमुख क्षेत्रीय निदेशक बी.के. दुबे तथा कार्यालयाध्यक्ष पी.के. मडावी से परामर्श कर शीघ्र ही नए व्यवसाय संचालित करने का भी निर्देश दिया। अन्त में उन्होंने सभी को मंगलकामना प्रदान करते हुए आगे बढने का आर्शिवाद दिया।

## रुपए लेकर नहीं लौटाने का एक आरोपी गिरफ्तार

**पीड़ित ने व्यवसाय के नाम पर 97 लाख 64 हजार रुपए की ठगी का लगाया था आरोप।**

**कुडू –** लोहरदगा : व्यवसाय के नाम पर पैसे लेकर ना लौटाने के एक आरोपी को कुडू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गौर तलब है कि कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी व्यवसायी तबरेज गौहर ने इसी वर्ष 27 मार्च को बिहार के गया जिले सिविल लाइन अंतर्गत करीम गंज अब्बास लेन निवासी काशिफुर रहमान 40 वर्ष पिता फैजुल रहमान के खिलाफ 97 लाख 64 हजार रु लेकर नही लौटाने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि करीब एक वर्ष से पीड़ित से व्यापार शुरू करने के नाम पर आरोपी ने करीब आठ किस्तों में लिए 97 लाख 64 हजार रुपए लिए थे और पैसे नही लौटा रहा था। लंबे समय से चक्कर लगवा रहा था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कुडू थाना कांड संख्या 37/2024 धारा 419, 420/34 भादवी के तहत मामला दर्ज किया था। और शिकायत के सात माह बाद गिरफ्तार करने पर सफल हुई केस के अनुसंधानकर्ता लवकुश सिंह ने रांची के आजाद नगर में मो नईम के घर पर किराए में रह रहे आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## झूमरा पहाड़ का अस्तित्व खतरे में :- रवि कुमार महतो

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री सह कोर कमेटी सदस्य रवि कुमार महतो ने कहा कि बसन्तपुर कोतरे परियोजना सीसीएल CCL की अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना जिसमें 1162 हेक्टेयर जमीन/जंगल यानी 2872 एकड़ जमीन/जंगल को उजाड़कर 50 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है। क्या विकास के लिए जंगलों का विनाश जरूरी है।क्या जंगल के बिना जीवन संभव है? यह परियोजना क्षेत्र वासियों के लिए अभिशाप साबित होगी। 2872 एकड़ जंगल का काटा जाना। सरकार क्यों नहीं वैकल्पिक ऊर्जा की श्रोतों का खोज करती है? कोयला आज है कल नहीं सरकार को रिन्यूएबल सोर्स ऑफ एनर्जी की ओर पहल करनी चाहिए न कि जंगल नष्ट करना चाहिए। दुष्प्रभावः 1.झुमरा पहाड़ का अस्तित्व खतरे में। 2.चूटवा नदी का अस्तित्व खतरे में। 3.वन्य जीवों का अस्तित्व खतरे में। 4.जलवायु परिवर्तन का दंश। 5.आप पलायन को मजबूर होंगे। 6.आने वाली पीढ़ी को क्या आप बंजर जमीन देंगे? 7.वनोत्पादों पर खतरा 8.प्रदूषण से संक्रमित रोगों का खतरा 9. इकोसिस्टम पर खतरा। 10.वनोत्पादों पर निर्भर जनजातियों पर खतरा। 11.जल जंगल जमीन हमारा है उस पर अधिकार हमारा है। झुमरा पहाड़ सहित बसन्तपुर, रहावन, पचमो ,केदला ,घाटो की भविष्य के बारे में सोचें आने वाले समय में क्या बचेगा वहां बंजर जमीन बचेंगे। कृषि योग्य भूमि व जंगल से खनन कर ली जाएगी । वन को समाप्त कर दिया जाएगा। आप कहां जाएंगे? कुछ साल के बाद आपको पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा। सोचे विचारें तभी अपना जल जंगल जमीन दें। रवि महतो ने कहा जंगल के बदले जंगल की बात होगी। जल के बदले जल की बात होगी। जंगली जानवरों के बदले जंगली जानवरों की बात होगी। वनोत्पादों के बदले वनोत्पादों की बात होगी। नौकरी लेकर नौकर बनना है आपको या जमीन के साथ मालिक बने रहना है। अब जमीन के बदले नौकरी नहीं कृषि योग्य जमीन की बात होगी हिस्सेदारी की बात होगी। क्षणिक लोभ के कारण कुछ सालों में आपका पूरा भविष्य आनेवाली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय होगी। अपनी पीढ़ी को हमलोग क्या देंगे,बंजर जमीन देंगे। अभी भी समय है साथियों समय रहते हम लोग आंदोलित होते हैं। अपने हक और अधिकार को समझें जानें तभी हमलोगों का अस्तित्व बचेगा। अगर जल जंगल जमीन नहीं है तो अपना वजूद भी नहीं बचेगा। आने वाली पीढ़ी के बारे में सोचें। अभी आप दो एकड़ जमीन देंगे एक नौकरी ले लेंगे आपका भविष्य अच्छा होगा आने वाली पीढ़ी का भविष्य अच्छा हो पाएगा क्या? आप कभी सोचे हैं? उनके पास कृषि योग्य जमीन ही नहीं बचेगी। वो पलायन करने को मजबूर होंगे। अभी 2872 एकड़ जंगल को समाप्त करने की योजना में करोड़ों पेड़ काटे जाएंगे लाखों जानवर नष्ट हो जाएंगे इसका दुष्प्रभाव पूरे इकोसिस्टम को चुकाना पड़ेगा। पर्यावरणीय क्षति कौन पूरा करेगा? इतना सारा जंगल विकसित होने में वर्षों लगेंगे।

## 06 दिसंबर को होगी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के सभी मीडिया प्रभारी की बैठक



**रामगढ़ ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा पार्टी के मजबूती एवम टाइगर जयराम महतो के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा सोशल मीडिया से सम्बंधित जानकारी हेतु पंचायत मीडिया प्रभारी, प्रखंड मीडिया प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी की एक महत्वपूर्ण बैठक 06.12.2024 को रामगढ़ न्यू बस स्टैंड स्थित पूरी ग्रीनलैंड पार्क रामगढ़ मे समय 11 बजे, दिन शुक्रवार को एक बैठक रखी गई है ।इस बैठक में सिर्फ मीडिया प्रभारी ही सादर आमंत्रित है।

## लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के जुरिय रोड मे बाइक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के जुरिय रोड मे बुधवार को बाइक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को लोहरदगा सदर थाना की पुलिस एवं स्थानीय लोगों के सहायता से घायल युवक को प्राथमिक उपचार हेतु लोहरदगा अस्पताल भेजा जहां ऑन ड्यूटी तैनात चिकित्सक ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। घायल युवाक की पहचान गुड्डु कुमार के 25 वर्ष से पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जुरिय रोड के रास्ते बीएस कॉलेज की ओर जा रहे थे इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कनेक्टिंग फ्लाइट ओवर का निर्माण योजना का दुकानदार संघ ने किया विरोध

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** फ्लाई ओवर विकास के लिए सड़क किनारे 14 फीट का दायरा बढ़ाने के खिलाफ बहुबाजार दुकान संघ के सैकड़ों लोगों ने बहुबाजार चौक के सामने बुधवार को पथ निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया. लोगों ने कहा कि सैकड़ों दुकान तोड़कर फ्लाई ओवर का निर्माण किया गया. इससे महीनेभर सैकड़ों दुकानदारों ने बेरोजगार होकर घर में बैठे रहे. कांटाटोली से लेकर बहु बाजार तक फ्लाई ओवर का निर्माण के लिए 25 फीट अधिग्रहण किया जा चुका है. अब सड़क किनारे 14 फीट पथ निर्माण विभाग द्वारा जमीन अधिग्रहण करने की मांग किया जा रहा है. इससे सभी दुकानदारों में आक्रोश है.



**कोरोना ने परिवार को बेघर किया**

**अब पथ निर्माण विभाग ने किया परेशान**

दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण के लिए 11 फीट से 26 फीट दुकान तोड़ी गई. अब फ्लाई ओवर का निर्माण भी हो चुका है. वर्तमान समय में कनेक्टिंग फ्लाइट ओवर का निर्माण की योजना बनाई जा रही है. पथ निर्माण के द्वारा सर्वे भी कराया जा रहा है और फिर 14 फीट दुकान तोड़ने की योजना बनाई जा रही है. यह योजना शुरू हुआ तो सभी दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे.

**ये मांगे हैं इनकी**

वर्तमान हेमंत सोरेन वाली सरकार से दुकानदार संघ ने दुकान बचाने की अपी की है. साथ ही मांगें रखी हैं.

-बहुबाजार के दुकानों को बार-बार तोड़ने की योजनाओं पर विराम लगाया जाए.

-बहुबाजार के दुकानदारों को स्थाई बंदोबस्त किया जाए.

-बहुबाजार परिसर के आधुनिक शौचालय एवं पेयजल की सुविधा की जाए.

मौके पर ये रहे मौजूद मौके पर सुखपाल सिंह,राजू कुमार,ब्रजेश ठाकुर, मुहम्मद शकिल,राजकुमार नागवंशी, मुहम्मद शेराज, सुधीर घोष, नवनीत सिंह समेत अन्य शामिल थे.

## डायन-बिसाही के नाम पर महिला को चार महीने से किया जा रहा प्रताड़ित

**चान्हो**. प्रखंड के चुटियो गांव में डायन-बिसाही के नाम पर 50 वर्षीय महिला को ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है. भुक्तभोगी महिला ने नरकोपी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है. बुढ़मू के किसी ओझा के कहने पर महिला को गांव में हुई मौतों के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे ग्रामीण भुक्तभोगी महिला के अनुसार, गांव में कुछ लोगों की बीमारी और अन्य कारणों से मौत हो गयी थी. मौतों की वजह जानने के लिए गांव के लोग चार माह पहले बुढ़मू के किसी ओझा के पास गये थे. उसके बाद ही उसे डायन-बिसाही का आरोप लगा प्रताड़ित किया जाने लगा. महिला के अनुसार, ग्रामीणों ने उस पर चार लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था. गरीबी का हवाला देकर जब उसने रुपये देने से मना कर दिया, तो ग्रामीण गोलबंद हो गये और उसे तरह-तरह से परेशान करने लगे.

**ग्रामीणों ने लगायी पाबंदी, तो पुलिस की मौजूदगी में काटा धान**

महिला के अनुसार, ग्रामीणों ने उसका घर तोड़ने की कोशिश की. उसके घर की बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया. अब तो उसका घर से बाहर निकलना भी दूभर कर दिया गया है. अभी धनकटनी का मौसम है, लेकिन ग्रामीणों ने उसके खेत से धान काटने पर भी पाबंदी लगा दी है. इसकी जानकारी मिलने पर मंगलवार को नरकोपी पुलिस चुटियो गांव पहुंची. पुलिस की मौजूदगी में ही पीड़िता के खेत से धान कटवाया गया.

## जेसीइआरटी में कला महोत्सव का आगाज



**रांची.** जेसीइआरटी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित कला महोत्सव का मंगलवार को आगाज हुआ. दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला महोत्सव का उद्घाटन राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने किया.

**बेहतर करियर का विकल्प बन गयी है कला विधा**

महोत्सव में 24 जिलों से चुने गये 641 प्रतिभागी छह कला विधाओं में अपनी प्रतिभा का मंचन करने पहुंचे हैं. कार्यक्रम की शुरूआत गिरिडीह की छात्राओं ने “मन की वीणा” गीत से की. पद्मश्री मधु मंसूरी ने मौके पर नागपुरी गीत “झारखंड कर कोरा” की प्रस्तुति देकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया. इस अवसर पर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि आज कला विधा बेहतर करियर का विकल्प बन चुकी है.हर कला के लिए रियलिटी शो का आयोजन होता है.अपनी कलात्मक प्रतिभा में निपुण बनेंगे, तो भविष्य के अवसरों का लाभ उठाना आसान होगा.निदेशक शशि रंजन ने यूपीएससी में भी कलात्मक प्रतिभाओं की अहमियत पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चो में समग्र और व्यापक शिक्षा को बढ़ावा देने का काम पूरा किया जायेगा.

**मंच प्रदान करता है कला महोत्सव**

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने कहा कि कला महोत्सव भाषा, संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का काम कर रही है. हमारी कला संस्कृति हमारी धरोहर है. ऐसे में बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के लिए ही कला महोत्सव का लगातार आयोजन किया जा रहा है.वर्ष 2023 में राष्ट्रीय कला महोत्सव में झारखंड ने 10 कला विधाओं में से तीन पदक अपने नाम किये थे.इस वर्ष बच्चे अपनी प्रतिभा से पदक की संख्या को बढ़ाने का प्रयास करें.इस मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि आज शराब पीकर कला का प्रदर्शन करना फैशन बन गया है. यह ना केवल कला-संस्कृति, बल्कि मंच का भी अपमान है.कला विधाएं हमें अनुशासित और स्वस्थ जीवन जीने की सीख देती हैं. मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेसीइआरटी के उपनिदेशक प्रदीप चौबे और एसडीइओ नवीन बारा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

## झारखंड में हाड़ कंपाने वाली पड़ेगी ठंड, 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा पारा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड में इस साल हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ेगी. इसको लेकर मौसम विभाग ने लोगों को अलर्ट भी किया है. आने वाले दिनों में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है. इस दौरान सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाया रहेगा. बाद में आसमान साफ हो जाएगा. छह और सात दिसंबर को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा. बाद में आसमान साफ होगा.झारखंडी पर्यटन स्थल



**अगले दो दिनों के अंदर दिखने लगेगा ठंड का असर**

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के अंदर ठंड का असर दिखने लगेगा. तापमान में भी गिरावट आएगी. पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा और सिमडेगा में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी. वहीं राज्य के शेष इलाकों में भी अगले तीन दिनों के अंदर तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट आने की संभावना है.

**राजधानी रांची में छाया रहेगा कोहरा**

मौसम विभाग के अनुसार, पांच दिसंबर को राजधानी रांची में सुबह में हल्का कोहरा छाया रहेगा. बाद में आसमान साफ हो जाएगा. पांच दिसंबर को राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है. वहीं राज्य में सबसे अधित तापमान जमशेदपुर में 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जबकि गढ़वा में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

## सर्जना चौक के पास बिल्डिंग में लगी भीषण आग



**रांची:** मेन रोड के सर्जना चौक स्थित लालजी हीरजी रोड में एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गयी है. अगलगी की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है. घटना की सूचना पाकर पुलिस ने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी. मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से बिल्डिंग में आग लगी है. आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है. इसका पता आकलन के बाद ही चल पायेगा.

## दो से तीन माह के अंदर हरमू फ्लाइओवर के टेंडर की प्रक्रिया हो जाएगी पूरी



**रांची।** कांटाटोली, रातू रोड के बाद अब सरकार ने हरमू फ्लाइओवर निर्माण की कवायद शुरू कर दी है. अगले दो से तीन महीने के अंदर टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. हरमू फ्लाई ओवर के निर्माण में लगभग 300 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे, इस फ्लाइओवर की लंबाई 3.5 किलोमीटर होगी. फिलहाल हरमू से कडरू रेडिशन ब्लू तक फ्लाईओवर के निर्माण के लिए परामर्शी की तलाश जारी है. इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है. फिलहाल इस प्रोजेक्ट के लिए एक कंपनी ने 34 फीसदी कम रेट पर टेंडर भरा है. पथ विभाग इसकी समीक्षा कर रहा है.

**वैकल्पिक सड़क तैयार कर ही होगा काम चालू**

हरमू फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वैकल्पिक मार्ग तैयार कर किया जाएगा. इसकी वजह यह है कि इस सड़क से वीवीआईपी मूवमेंट अधिक होता है. विधानसभा, प्रोजेक्ट भवन, हाईकोर्ट वीवीआईपी जाते हैं.

## डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रांची नगर निगम ने इस एजेंसी का किया चयन, लोगों से की ये अपील

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची :** रांची नगर निगम ने डोर टू डोर कचरा उठाव के लिए एजेंसी का चयन कर लिया है. स्वच्छता कॉर्पोरेशन नामक एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है. इससे संबंधित अधिसूचना निगम ने जारी कर दी है. संबंधित एजेंसी राजधानी के सभी 53 वार्ड में जाकर हर घर से कचड़ा उठाने का काम करेगी. निगम ने इसके लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है. बता दें कि कुछ समय पहले ही नगर निगम ने कचरे का उठाव के लिए टेंडर निकाला था.




**क्या कहा गया है जारी अधिसूचना में**

रांची नगर निगम द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि डोर टू डोर कलेक्शन हेतु आमंत्रित निविदा के क्रम में स्वच्छता कॉर्पोरेशन का चयन हुआ है. प्राइमिरी कार्य कलेक्शन के लिए यह एजेंसी सभी 53 वार्डों में प्रत्येक हाउसहोल्ड का सर्वे और आरएफआईडी की शुरूआत किया जाना है. निगम ने इसके लिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है.

**स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में रांची 32वें स्थान पर**

रांची नगर निगम ने राजधानी को साफ सुथरा रखने के लिए कई कदम उठाये हैं. इसके अंतर्गत सूखा और गीला कचरा को अलग अलग किया जाता है. इसके अलावा ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग पर भी काम किया गया है. साथ ही साथ समुदायिक टॉयलेट और वॉटर बॉडी की सफाई को भी सुनिश्चित किया गया. स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में रांची देश में 32वें स्थान पर है. जबकि धनबाद की रैंकिंग 40 है.

## बाबूलाल ने देवेंद्र फडणवीस को बधाई व शुभकामनाएं दी



**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कहा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र को फडणवीस विकास एवं उन्नति के शिखर पर ले जाएंगे। बधाई एवम शुभकामनाएं देने वालों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,निवर्तमान सांसद दीपक प्रकाश,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह आदि शामिल हैं।

## झारखंड के रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी! दिल्ली जाना हुआ आसान, रेलवे ने फिर से चला दी ये ट्रेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची:** झारखंड के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. अब रांची से दिल्ली जाना आसान हो गया है. जी हां, भारतीय रेलवे ने जिस ट्रेन को रद्द कर दिया था, अब उस ट्रेन को रेगुलर चलाने की घोषणा कर दी गई है. इससे सीधे दिल्ली की यात्रा करने वालों को काफी सहूलियत होगी. दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में भीड़ भी कम रहेगी.



**फिर से चलेगी हटिया-आनंद विहार टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन**

दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से यह जानकारी दी गई है. साउथ ईस्टर्न रेलवे रांची डिवीजन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी (सीपीआरओ) की ओर से यह जानकारी दी गई है. सीपीआरओ ने बताया है कि 12873/ 12874 हटिया-आनंद विहार टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन फिर से शुरू किया जा रहा है.

**हटिया-आनंद विहार टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस को कर दिया था रद्द**

उन्होंने बताया कि जाड़े के सीजन में कोहरे की वजह से रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन संख्या 12873/ 12874 हटिया-आनंद विहार टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस को रद्द करने की घोषणा की गई थी. अब इन ट्रेनों को फिर से बहाल किया जा रहा है. उन्होंने ट्रेन बताया कि ट्रेन कब से चलेगी. झारखंड की राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 12873 हटिया-आनंद विहार टर्मिनल (त्रि साप्ताहिक) एक्सप्रेस 5 दिसंबर को हटिया से आनंद विहार के लिए रवाना होगी.

**आनंद विहार से 6 नवंबर को हटिया के लिए चलेगी ट्रेन**

दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के सीपीआरओ के मुताबिक, ट्रेन संख्या 12874 आनंद विहार टर्मिनल-हटिया (त्रि साप्ताहिक) एक्सप्रेस 6 दिसंबर से आनंद विहार टर्मिनल से हटिया के लिए रवाना होगी. इस ट्रेन को सर्दियों के मौसम में आमतौर पर 3 महीने के लिए रद्द कर दिया जाता था.

## मनरेगा मजदूरों ने मंत्री के झूठे दावों का पदार्फाश किया, 5 दिसंबर को होगा प्रदर्शन

**रांची:** नरेगा संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की. जिसमें मोदी सरकार और केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (नरेगा) के लिए बजटीय आवंटन की कमी को उजागर किया. किसान कार्ड को मनमाने ढंग से हटाने और मनरेगा के कामकाज पर ग्रामीण विकास मंत्री और राज्य मंत्री (एमओएस) द्वारा किए गए दावों को मजदूरों ने खारिज कर दिया. राज्य मंत्री चन्द्रशेखर पेम्मासानी के अनुसार, एनडीए सरकार ने मनरेगा बजट में सालाना 20,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है.

**5-6 दिसंबर को जंतर-मंतर पर होगा धरना**

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने स्पष्ट किया कि फंड ट्रांसफर ऑर्डर समय पर दिए जाते हैं. लेकिन श्रमिकों के खातों में भुगतान में हफ्तों या महीनों की देरी होती है. झारखंड नरेगा वॉच की अफसाना खातून ने बताया कि कम बजट आवंटन के कारण वेतन भुगतान में समस्याएं आ रही हैं. मजदूरों ने मनरेगा मजदूरी को तत्काल 800 रुपए प्रति दिन करने की मांग करने के साथ-साथ एनएमएमएस और एबीपीएस जैसी तकनीकी हस्तक्षेपों की भी आलोचना की. बिहार से जितेंद्र पासवान ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ियों के कारण श्रमिकों को अपने वेतन की प्राप्ति में मुश्किलें आ रही हैं. पश्चिम बंगाल के एक मजदूर अंबरीश सोरेन ने केंद्र द्वारा राज्य को मनरेगा फंड रोकने की निंदा की और आरोप लगाया कि तीन साल से अधिक समय से कार्य रुका हुआ है और मजदूरी का भुगतान लंबित है.नरेगा संघर्ष मोर्चा ने 5-6 दिसंबर 2024 को जंतर-मंतर पर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, जिसमें नागरिकों से मजदूरों के अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील की गई है. उन्होंने कहा कि कम बजटीय आवंटन और मनमाना तकनीकी हस्तक्षेप मिलकर नरेगा को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं.

## बेड़ो-खूंटी रोड दो लेन बनेगा, जमीन अधिग्रहण के लिए रैयतों को नोटिस



**रांची।** बेड़ो-खूंटी रोड दो लेन बनेगा. राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने इसकी मंजूरी दी है और रैयतों से जमीन अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी किया है. नेशनल हाइवे 143एजी के दो लेन, पेब्ड़ सोल्डर रोड बनाया जायेगा. करीब 37 किमी यह रोड बेड़ो से खूंटी जाती है. इसके चौड़ीकरण व पुननिर्माण से पूरे इलाके में काफी फायदा होगा. अभी यह रोड सिंगल है, जिसमें रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है. अक्सर कई जगह सड़क संकरी होने पर वाहन फंसते हैं. खूंटी जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को जमीन अधिग्रहण के पूर्व सारे पक्षों की सुनवाई पूरी कर उचित मुआवजा भुगतान करने को कहा है.

# अस्पताल में मरीजों को मिले जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वास्थ्य उप केंद्रो में भी ओपीडी का हो संचालन- विधायक.

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)।** अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से माननीय क्षेत्रीय विधायक एमटी राजा जी शामिल हुए. बैठक में अस्पताल की विधि व्यवस्था एवं मरीज को मिलने वाली सुविधाओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गई. विधायक जी ने कहा कि क्षेत्र से पहुंचने वाले मरीज को अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिले और जरूरत की सभी निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराएं. इसके अलावा क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र में भी ओपीडी का नियमित संचालक को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं. प्राथमिक इलाज का लाभ ग्रामीणों को गांव के ही स्वास्थ्य उप केंद्र में मिले यह सुनिश्चित करना है. अनुमंडलीय अस्पताल के भवन की मरम्मती, भवन में बिजली की पुनः वायरिंग, खराब पड़े अल्ट्रासाउंड मशीन को संबंधित कंपनी से ठीक करा कर जल्द चालू करने, नियमित एक्स-रे टेक्निशियन के अस्पताल में रहने, आर ओ मशीन लगाकर पेयजल की व्यवस्था. इमरजेंसी वार्ड प्रसूता वार्ड में ऑक्सीजन पाइपलाइन का कनेक्शन करने पर मुख्य रूप से चर्चा की गई. प्रस्ताव लिया गया कि इस पर संज्ञान लेकर कार्य अस्पताल प्रबंधन समिति करेगी. बैठक में अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू, बिजली विभाग के सहायक अभियंता सत्यजीत कुमार, झामुमो नेता मो मारूफ उर्फ गुड्डू, नगर पंचायत कार्यालय के प्रतिनिधि, भवन प्रमंडल के अभियंता सहित अन्य मौजूद थे.

**मॉडल स्कूल की स्थिति देख चिंतित हुए विधायक जी.**

राजमहल जेके उच्च विद्यालय के परिसर में संचालित मॉडल स्कूल का जायजा लेने माननीय क्षेत्रीय विधायक एमटी राजा जी बुधवार को पहुंचे. वहां बच्चे बोरा में बैठकर बरामदे के फर्श पर पढ़ाई कर रहे थे. स्थिति को देख चिंतन व्यक्त करते हुए उन्होंने एसडीओ कपिल कुमार को विद्यालय पहुंचने को कहा. मौके पर मौजूद अभिभावकों ने विगत 12 वर्ष से हो रहे मॉडल विद्यालय में समस्या से भी अवगत कराया. बच्चों के बैठने के लिए बेंच डेस्क की तत्काल व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन करने को कहा गया . वहीं भवन के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष समस्या रखने की बात कही गई है. प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय एवं जेके उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया इसमें छात्र-छात्राओं के सुरक्षा को देखते हुए तत्काल चारदिवारी के आसपास के कमरे की खिड़की को ठीक करने का निर्देश विद्यालय प्रबंधन को दिया गया. वहीं शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर जिला एवं राज्य स्तरीय विभाग के पदाधिकारी से वार्ता कर समाधान निकालना का सकारात्मक आश्वासन दिया गया है. बीएलएनएल बोहरा डिग्री एवं इंटर कॉलेज पहुंचे जहां कॉलेज प्रशासन की ओर से विधायक को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया. कॉलेज की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की बात कही गई.

**विद्युत विभाग में पारदर्शिता पूर्ण तरीके से हो कार्य.**

माननीय क्षेत्रीय विधायक जी बुधवार को राजमहल विद्युत अवर प्रमंडल के कार्यालय का जायजा लेते हुए वहां के अभियंता एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहें कि सरकार के माध्यम से जो भी योजनाएं उपभोक्ता एवं गरीब तबके के लोगों के लिए चलाए जा रहा है उसका सीधा लाभ लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित करें पारदर्शिता पूर्ण तरीके से कार्य हो. कोई भी उपभोक्ता अनावश्यक परेशान नहीं हो विभाग को इस दिशा में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है.

## अश्लिल वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)** ।बरहेट थाना में दर्ज कांड संख्या 107/ 24 के आरोपी गोड्डा जिला के ललमटिया थाना अंतर्गत चितरकोठी गांव निवासी कुर्बान अंसारी, पिता नेजाम अंसारी को बरहेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत साहेबगंज जेल भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के कुसमा गांव के एक महिला ने कुर्बान अंसारी के खिलाफ 8 अक्टूबर 2024 को बरहेट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।महिला का आरोप है कि कुर्बान अंसारी उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसको ब्लैकमेल कर रहा है।वहीं उस महिला का मायका कुर्बान अंसारी का गांव चितरकोठी ही है।महिला के शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## व्यावसायिक संघ राजमहल ने विधायक जी का किया अभिनंदन.



**राजमहल/साहिबगंज(उजाला)** ।राजमहल गांधी चौक में बुधवार की शाम 4:00 बजे व्यावसायिक संघ राजमहल के माध्यम से राजमहल के नवनिर्वाचित माननीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी का अभिनंदन किया गया जिसमें शहर के सभी व्यवसायी एवं स्थानीय लोग मुख्य रूप से शामिल हुए. व्यवसाइयों ने विधायक जी से मांग किया की स्थाई मार्केट का निर्माण करते हुए रोजगार सृजन की जाए. विधायक जी ने आश्वासन दिया कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जाएगा. व्यवसाइयो को स्थाई मार्केट भी जल्द मिलेगा. मौके पर पपना कुमार, रंजन कुमार, सलीम शेख, मो शहनवाज, आशुतोष कुमार, अमरेंद्र साहा , स्मित चौरसिया, जय कुमार यादव , ज्योति साहा, गणेश साहा सहित अन्य मौजूद थे.

# बिरसा हरित क्रांति के तहत आत्मा कार्यालय में किसानों के बीच चना का बीज वितरण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को आत्मा कार्यालय में बिरसा हरित क्रांति योजना के तहत 88 किसानों के बीच चना बीज वितरण किया गया।वहीं बीज वितरण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी, उप प्रमुख रूपक साह, पंचायत समिति सदस्य रिजाउल अंसारी ने किसानों को 20-20 किलो चना का बीज देकर किया।इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के डोराई संथाली, भोगनाडीह ,बरमसिया , गोपलाडीह, हिरणपुर सहित अन्य पंचायत के किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया।प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों की आय बढ़ाना है इस योजना के तहत सरकार किसानों को उन्नत किस्म के चना बीज प्रदान करती है।ताकि फसल उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके।किसानों को उच्च उत्पाद वाले चने के बीज दिए गए हैं।जिससे उनकी पैदावार बेहतर हो।चने की अच्छी पैदावार से किसानों को बाजार में बेहतर मूल्य मिलने की संभावना होती है।बिरसा हरित क्रांति योजनाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में सहायक होती है।मौके पर प्रखण्ड प्रमुख बर्नाड मरांडी उप प्रमुख रूपक शाह, पंचायत समिति सदस्य रिजाउल अंसारी बीटीएम अनवारूल अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## गंगा पंप नहर दुमका प्रमंडल की टीम ने उधवा प्रखंड के गंगा कटाव क्षेत्रों का लिया जायजा



**उधवा/साहिबगंज(उजाला)** ।गंगा पंप नहर दुमका प्रमंडल की एक टीम ने बुधवार को उधवा प्रखंड क्षेत्र के गंगा कटाव क्षेत्रों का जायजा लिया। इस टीम में गंगा पंप नहर के अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे। जानकारी के अनुसार स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने टीम को कटाव क्षेत्रों का भ्रमण कराया। जहां टीम ने गंगा नदी के किनारे का निरीक्षण किया और कटाव की स्थिति का मूल्यांकन किया। उन्होंने पाया कि गंगा नदी के किनारे का कटाव एक बड़ी समस्या है, जो स्थानीय लोगों के लिए खतरा पैदा कर रही है। टीम ने कटाव के कारणों का विश्लेषण किया और इसके लिए समाधान की तलाश की। उन्होंने पाया कि कटाव के मुख्य कारणों में गंगा में प्रवाह पथ में सबसे बड़ी समस्या है। टीम ने बताया कि जल्द ही प्रभावित इलाकों के लिए गंगा कटाव की रोकथाम के लिए डीपीआर तैयार किया जाएगा। मौके पर स्थानीय मुखिया अताउर रहमान,पंचायत समिति सदस्य मताहर शेख, कलीमुद्दीन शेख, मुखिया प्रतिनिधि ताजीरूल हक, उप मुखिया रोबीउल हक आदि थे।

## तीनपहाड़ थाना पुलिस ने छिनतई मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**तीनपहाड़/साहिबगंज(उजाला)।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र मे हथियार के बल पर छिनतई के वरदात को अंजाम देने वाला मामला प्रकाश मे आया था। घटना तीनपहाड़ थान क्षेत्र के लालबन बाईपास में हुई थी। रविवार संध्या बाबूपुर गाँव के दो युवक से हथियार के बल से छिनतई हुई। छिनतई की घटना से लोगो में दहशत का माहौल था। पुलिस ने लूट पाट मामले में कानूनी प्रकिया करने के बाद एक युवक को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख ने कहा कि गिरफ्तार युवक छोटा हरचंदपुर के विशाल कुमार मंडल नामक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। घटना में शामिल अन्य युवको छापेमारी कर बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।इस को लेकर तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 62/ 24 धारा 304(2) BNS दर्ज की गई है।

## पानी की समस्या को लेकर काँग्रेस प्रखण्ड महासचिव ने सौंपा कार्यपालक को ज्ञापन



**बरहरवा/साहिबगंज(उजाला)** ।नगर के वार्ड नंबर 3 के हरिजनपाड़ा में पानी की समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार से समस्या के समाधान हेतु गुहार लगाई इस पर प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने हरिजन पाड़ा जाकर स्थान का जायजा लिया और पाया की वार्ड वासी पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं निरीक्षण उपरांत प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर हस्ताक्षर अभियान के तहत आवेदन बनाकर बरहरवा नगर के कार्यपालक पदाधिकारी को सौप कर जूझ रहे समस्याओं से अवगत कराया तथा जल्द से जल्द समस्या से निदान करवाने की बात कही। मौके पर मानिक रविदास,अर्जुन रविदास, सुरेश रविदास, सोनिया कुमारी, शिल्पी कुमारी, गोपाल रविदास सहित दर्जनों वार्डवासी उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से राधानगर के एक वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बोरियो में राधानगर के एक व्यक्ति हाइवा के चपेट में आने से दर्दनाक मौत, छानबीन में जुटी पुलिस**



**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** साहिबगंज जिला के बोरियो थाना क्षेत्र के जियो पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गया। मृतक की पहचान राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज पंचायत के मुंशीटोला निवासी सुलेमान शेख (64) वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने पुत्र के साथ साहिबगंज से बोरियों के रास्ते उधवा आ रहा था, इसी क्रम में जियो पेट्रोल पंप के समीप हाइवा संख्या जेएच16जी8628 के द्वारा पीछे से ठोकर मार दिया गया। जिसके कारण बाइक अनियंत्रित हो जाने से सुलेमान शेख सड़क पर गिर पड़ा तथा हाइवा के अगले चक्का के नीचे आ गया, जिससे मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना में मृतक के पुत्र अली हुसैन घायल हो गया है।वह फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मृतक को इलाज कराने के लिए उनके पुत्र अली हुसैन साहेबगंज ले गया था। जहां डॉक्टरों को दिखाकर अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच जियो पेट्रोल पंप के पास दुघर्टना का शिकार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते होते ही थाना प्रभारी पंकज वर्मा, एसआई सिद्धार्थ नाथ टोप्पो घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहेबगंज भेज दिया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर जांच पड़ताल में जुट गई है।उधर दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

## 100 केबी बिजली ट्रांसफॉर्मर लगी आग

**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)।** मिजाचौकी फाटक चैती दुर्गा मंदिर के समीप स्थित 100 केबी बिजली ट्रांसफॉर्मर के केबल में लगी आग ,ग्रामीणों के प्रयास से आग को बुझाया गया। आग लगते ही सर्वप्रथम बिजली को बन्द करवाया गया।वही बताया गया की अचानक बिजली ट्रांसफॉर्मर के केबल में आग लग गई, ग्रामीणों में अफरातफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी बिजली मिस्त्री को दी गई। मौके पर कन्हैया यादव संजय यादव गौतम चौधरी श्रीभुवन सिंह पीकू सिंह मनोज पासवान ,मनीष यादव विद्यासागर यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## उच्च विद्यालय भगैया मे मासिक गुरुगोष्टी का हुआ आयोजन

**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)** ।प्रखंड अंतर्गत वन प्रवासी उच्च विद्यालय भगैया में बीआर पी क्लाइमेंट सोरेन की अध्यक्षता में मासिक गुरुगोष्टी का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रखंड के सभी प्रार्थमिक एवं मध्य विद्यालय के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे,इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों को एमडीएम की मासिक रिपोर्ट,सत्र 21-22, 22-23,23-24का अंकेक्षण की रिपोर्ट की जानकारी ली गई साथ ही कहां गया कि जिस विधालय का आडिट नहीं करवाया गया है उन्हें छ दिसंबर तक अवश्य ही करावें, वहीं पोषाक एवं छात्रवृत्ति के लिए बच्चों की प्रपत्र भर कर मांगा गया, निर्देश देते हुए कहा गया कि एमडीएम नियमित एवं बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो, विधालय की परिसर, कमरे, शौचालय, पेयजल, किचेन की साफ-सफाई पर हमेशा ताकीद रखा जाय।

# सतीश मार्बल भगैया में 10 अज्ञात अपराधियों ने हथियार से लैश होकर लूट की घटना को अंजाम देने में हुए नकाम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)।** मिजाचौकी-भगैया मुख्य सड़क के किनारे इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी मेहदी पोखर में संचालित सतिश मार्बल में मंगलवार मध्य रात्रि समय लगभग 12:48 बजे 10 नकाबपोश अज्ञात अपराधियों ने हथियार से लैश होकर घर में प्रवेश कर लूट की वारदात को अंजाम देने में असफल रहे। इधर घटना की सूचना शोरूम के मालिक सतीश जायसवाल ने मोबाइल फोन से इशीपुर बाराहाट थाना की पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस के अधिकारी पुलिस जवान के साथ पहुंचे और घटना की बारकी से जांच में जुट गए हैं। इसीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेहंदी पोखर स्थित मार्बल दुकान में मंगलवार के रात अज्ञात अपराधियों द्वारा ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया भीतर का दरवाजा तोड़ने के दौरान गृह स्वामी जग गए एवं अपने सहयोगियों को फोन कर बुलाया एवं इसीपुर थाना को भी जानकारी दी ग्रामीणों को देखते हुए अपराधी निकल पड़े इस संबंध में मार्बल दूकान मालिक सतीश भगत ने बताया कि आठ एवं नौ के संख्या में लोग हथियारबंद मेरे दुकान में रात्रि 12:00 बजे के बाद आगे का दरवाजा तोड़कर घुस गए एवं मुख्य दरवाजा तोड़ने लगे इसकी सूचना मैंने अपने मित्र बंधु एवं सहयोगियों को फोन पर बतायाउन लोगों को आते देख अपराधी दुकान छोड़कर निकल गए,इस संबंध में सतीश भगत ने ईशीपुर पुलिस इंस्पेक्टर विकास कुमार को बताया कि हम व्यवसायी है, हमें सहियोग की जरूरत है रात्री गस्ती होनी चाहिए यह घटना पहली बार है, थाना पुलिस इस मामले की गहन छानबीन में जुटी है।

## झामुमो प्रखण्ड कमेटी बोरियो के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोरियो के विधायक धनंजय सोरेन शामिल हुए



**बोरियो/साहिबगंज(उजाला)** ।विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बोरियो प्रखण्ड के धोगोड़ा(डालाबाड़ी) में झामुमो प्रखण्ड कमेटी बोरियो के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन शामिल हुए ।वही धनंजय सोरेन ने कहा कि यह कार्यकताओं की जीत है,कार्यकताओं से समन्वय बनाकर के बोरियो विधानसभा सहित बोरियो प्रखंड को विकास की नई धारा से जोड़ने का काम करेंगे ।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू,प्रमुख शांति बस्की,प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी,प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य मंडल मरांडी,प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी,उपाध्यक्ष रिजवान अंसारी बाबूलाल हेंब्रम,अर्जुन रजक,लक्ष्मण बेसरा,प्रखंड कोषाध्यक्ष शकील अहमद,संगठन सचिव मो एजाज अंसारी संयुक्त सचिव सुरेश,गोलमा,अल्पसंख्यक अध्यक्ष मौलवी इम्तियाज अंसारी अल अमीन अंसारी युवा सचिव मोहम्मद मुमताज अंसारी,प्रखंड सोशल मीडिया सदस्य हेमलाल हेंब्रम,वरन किस्कु,शमशेर अंसारी,बशारत अंसारी,विजय यादव आलोक सेन,मरांग मरांडी,आलम अंसारी मंजूर अली नजीर अंसारी किताबुद्दीन अंसारी दिनेश मरांडी समेत अन्य मौजूद थे।

## भटकी हुई बालिका को न्यूज ग्रुप की सहायता से मिला परिवार




**साहिबगंज(उजाला)** ।रेलवे स्टेशन साहिबगंज में एक पंचवर्षीय बालिका जीआरपी को प्राप्त हुई थी जो बालिका कुछ बात नहीं पा रही थी ।उसे रेलवे चाइल्ड लाइन के माध्यम से बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया था ।आज बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉक्टर सुरेंद्रनाथ तिवारी ने उस बालिका से संबंधित विवरण सोशल मीडिया और न्यूज ग्रुप में जारी किया ।इसके उपरांत तुरंत मंगलहट क्षेत्र से कई अखबारों के प्रतिनिधियों ने तुरंत सूचना दी कि यह बालिका उनके क्षेत्र की है ।इसके उपरांत सभी के सहयोग से बालिका का परिवार साहिबगंज चाइल्ड लाइन कार्यालय पहुंचकर बाल कल्याण समिति के आदेश से अपने बालिका को प्राप्त किया। चाइल्डलाइन जिला समन्वयक मोहम्मद इकबाल ने संपूर्ण परिवार की काउंसलिंग की ।बालिका और बालिका का परिवार अत्यंत गरीब है ।परिवार और बच्चों के आंखों में खुशियों के आंसू थे ।बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि इनको झारखंड सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ जिसे यह परिवार प्राप्त करने का अहर्ता पूर्ण करता है उसे दिलाया जाएगा ।उन्होंने अखबार के तमाम प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया की सजकता के कारण एक बालिका को उसका परिवार मिल गया।

# जिले के विकास, सुरक्षा और जनहित के मुद्दों पर विधायकों ने डीसी के साथ की गहन चर्चा

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी एवं मांडू विधायक तिवारी महतो ने किया मुलाकात

हजारीबाग जिले के विकास और जनकल्याण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय का एक सकारात्मक प्रयास थी

जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद

**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने बुधवार को उपायुक्त डीसी से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान जिले में बढ़ रहे अपराध, विकास परियोजनाओं की प्रगति, और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई। सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और समाधान के लिए संभावित योजनाओं पर सुझाव दिए। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को उन्नत बनाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज जिले का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान है। इसे बेहतर चिकित्सा उपकरणों, पर्याप्त डॉक्टरों और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। इससे जिलेवासियों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में देरी और मरीजों को हो रही असुविधा पर चिंता जताई और इसे जल्द ठीक करने की अपील की साथ ही श्री प्रसाद ने जिले में बढ़ रहे अपराधों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने डीसी से कहा की जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना प्राथमिकता होनी चाहिए। बढ़ते अपराध न केवल जनता की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि विकास कार्यों को भी बाधित करते हैं। प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। उन्होंने विशेष रूप से महिला सुरक्षा और संगठित अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार से डीसी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा बड़कागांव क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी बड़ी समस्या है। विकास परियोजनाएं धीमी गति से चल रही हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और सिंचाई योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी ध्यान दिलाया। श्री चौधरी ने डीसी से आग्रह किया कि विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को साझा करते हुए कहा मांडू क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषि के लिए सिंचाई योजनाओं को बेहतर बनाने और गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं के पलायन पर चिंता व्यक्त की। श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान विकास योजनाओं में प्राथमिकता देकर ही किया जा सकता है।

डीसी नैंसी सहाय ने सभी विधायकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन इन समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाएगा। उन्होंने कहा जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को उन्नत करने और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देकर योजनाओं को लागू किया जाएगा। यह बैठक जिले के विकास और जनकल्याण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय का एक सकारात्मक प्रयास थी। सभी विधायकों और प्रशासन ने मिलकर यह संकल्प लिया कि जिले की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमने जिले में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की सुविधाओं को उन्नत बनाने पर चर्चा की। जनता की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं हमारी प्राथमिकता हैं। रोशन लाल चौधरी बड़कागांव विधायक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की बड़कागांव क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए डीसी से आग्रह किया गया है। हमने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है। निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो मांडू विधायक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की मांडू के युवाओं के लिए रोजगार और सिंचाई योजनाओं में सुधार की जरूरत है।

# विश्व दिव्यांग दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए रौशनलाल चौधरी



**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**बड़कागांव /केरेडारी।** प्रखंड के दिव्यांग संगठन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया, इस आयोजन के मुख्य अथिति बड़कागांव विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी मौजूद थे, इस मौके पर उन्होंने दिव्यांगों को गर्म वस्त्र और ट्राई साइकिल का वितरण किया, उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की दिव्यांग भाई बहन हमारे घर का एक हिस्सा है इनके साथ भेदभाव बिलकुल नही होना चाहिए, मै इनके समस्याओ को लेकर सदन में आवाज उठा कर हल करने की कोशिश करूँगा, उन्होंने आगे कहा की जब एक सही सलामत खुद से सक्षम लोगों के लिए 2500/= का योजना सरकार चला सकती है तो ये लोग तो दूसरे पर निर्भर है इनलोगों को तो कम से 5000/= पेंशन मिलना ही चाहिए, उन्होंने पिछले 6 महीने से दिव्यांगों के रुके पेंशन पर चिंता जहिर की, इस पर कल्याण पदाधिकारी से तुरंत इस पर पहल करने को कहा, इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष सचिन सोनी, प्रखण्ड संयोजक रामेश्वर महतो, अध्यक्ष लोकनाथ राणा, प्रखण्ड सचिव प्रभावती देवी सहित कई जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश

**जिले में 15 दिसम्बर से धान खरीद होगा प्रारंभ**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आज खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 धान अधिप्राप्ति को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा राज्य से प्राप्त निदेर्शों के आलोक में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर किसानों से धान अधिप्राप्ति एवं उन्हें निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के हिसाब से राशि के भुगतान को लेकर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने सभी बीसीओ, लैम्पस सचिव को निदेशित किया कि सभी पैक्स को संचालित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में अधिप्राप्ति के चल रहे कार्यों को अनुश्रवण करेंगे। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि किसानों को लैंप्स में धान देने हेतु जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक धान की अधिप्राप्ति हो सके। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि विभाग के निर्देश के आलोक में 15 दिसंबर से धान खरीद प्रारंभ होगी, इसके पूर्व सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही किसानों की सहूलियत को देखते हुए सभी राइस मिल को लैंपस के साथ टैग करें और किसानों का भुगतान ससमय हो यह सुनिश्चित करेंगे। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, बीसीओ,लैम्पस सदस्य सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।

# अज्ञात अपराधियों ने दिन दहाड़े छः गोली चलाकर मचाया दहशत



**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**टंडवा।** चतरा/ टंडवा थाना क्षेत्र के केरेडारी थाना समीप बुकरु मोड के आगे प्रणव नमन कोल ट्रांसपोर्ट कार्यालय में चला गोली। या कार्यलय उड़सू,टंडवा के चुदरु मंदिर के आगे है जो केरेडारी थाना के अंतर्गत आता है। कार्यलय के अंदर अज्ञात अपराधियों ने घुसकर दो गोली चला कर लैपटॉप किया छतिग्रस्त, कंपनी के कर्मियों में मचा हड़कम। न्यू स्कॉर्पियो एन गाड़ी नम्बर खल्ढड2इर 0015 बाहर में खड़ी वाहन पर चलाई गई दो गोली, दो गोली की गई हवाई फायरिंग, गोली की चार खोखा को केरेडारी पुलिस ने किया बरामद। गोलीबारी कर मोहन नामक व्यक्ति को ऑफिस में खोज रहा था, जिसके बाद कंपनी के कर्मियों को साइड कर धड़ाधड़ गोली अपराधियों द्वारा चलाया गया। बताया जाता है की अपराधी बाइक सवार होकर संडक में खड़ा कर ऑफिस में जाकर या गोलीबारी की गई है ।अपराधियों ने गोली चलाकर भाग निकले, गोलीबारी में छः गोली चलाई गई है।

# रेलवे कर्मचारी संगठन की मान्यता संबंधी चुनाव प्रारंभ, रेलवे के कर्मियों ने किया मतदान

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** 4.12.2024 से रेलवे कर्मचारी संगठन की मान्यता संबंधी चुनाव प्रारंभ हो गई । इसके लिए रेलवे प्लेटफार्म संख्या एक पर कालिदास हिंदी पुस्तकालय को पोलिंग बूथ बनाया गया है ।इसमें पीठासीन पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियंता अजीमगंज विजय शंकर भाग ले रहे हैं । रेल प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है ।इसके लिए सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी की जा रही है तथा रेलवे सुरक्षा बल की निगरानी में मतदान होता दिख रहा है और रेल कर्मियों के अंदर अपने कर्मचारी संगठनों के प्रति काफी रुझान देखा जा रहा है। इस अवसर पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि इस चुनाव में कुल पांच श्रमिक संगठन भाग ले रहे हैं ।ईस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन , ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस, ईस्टर्न रेलवे तृणमूल कांग्रेस एवं पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ ।यह चुनाव देश भर में भारत सरकार द्वारा कराया जा रहा है । जो 4,5 एवं 6 दिसंबर तक चलेगा । यह चुनाव विगत 2013 में कराया गया था । जिसमें पूर्वी रेलवे में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन विजई रहा था ।इस चुनाव में जिस संगठन को 35% मत प्राप्त होगा ,वही श्रमिक संगठन को मान्यता मिलेगी नलहटी से लेकर गुमानी तक सभी विभाग के कर्मचारियों का रुझान ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन की तरफ है और आशा है कि 90% रेल कर्मचारी ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के पक्ष में मतदान करेंगे । मतदान सुबह 8:00 बजे प्रारंभ हो गया एवं पहले मतदाता राजेश प्रमाणिक पॉइंट्स मैन , बांसलोय ब्रिज रहे ।इस अवसर पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन की ओर से पोलिंग एजेंट के रूप में अमर कुमार मल्होत्रा तथा गौतम यादव एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस की ओर से अजीत पाल कार्यरत दिखे । अन्य संगठनों के प्रतिनिधि सक्रिय नहीं थे एवं मुख्य रूप से देखा जा रहा है कि पाकुड़ बूथ संख्या 28 पर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस में ही टक्कर देखी जा रही है।

# बड़कागांव मुख्य पथ में भारी वाहन परिचालन रोक लगाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**केरेडारी।** बड़कागांव मुख्य पथ में भारी वाहन परिचालन रोक लगाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक, केरेडारी, टंडवा बड़कागांव मुख्य पथ पर भारी वाहनों के परिचालन रोक लगाने को लेकर केरेडारी प्रखंड के पेटों पंचायत भवन में रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की ' जिसकी अध्यक्षता रेश्मा प्रवीन ने की ।जबकी संचालन रमोतार रजक ने किया। बैठक में भारी वाहन के परिचालन को रोक लगाने पर चर्चा किया गया ।वही संतोष कुमार महतो ने कहा कि टंडव - बड़कागांव मुख्य पथ के किनारे घनी आबादी वाले क्षेत्र हैं दिन प्रतिदिन दुर्घटना से मौत हो रहा है। कई विद्यालय के बच्चे को आना जाना होता है' राहगीरों को हमेशा आना जाना लगा रहता है। जिसे हरहाल में भारी वाहन रोक लगाना होगा ' बैठक में संतोष कुमार महतो, ख्याली कुमार साव, अजित यादव, रमोतार रजक, राधा देवी, सुनैना देवी, पिंकी देवी, राजमती देवी, विकाश कुमार, विजय कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मिशन वात्सल्य (कोई भी बच्चा पीछे न छूटे) पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग:** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तर पर बच्चों के लिए एक स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करने, उन्हें अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाने के अवसर सुनिश्चित करने और उन्हें निरंतर तरीके से सभी क्षेत्रों में विकसित होने में सहायता करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के सहयोग से बाल कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन के तत्वावधान में ₹मिशन वात्सल्य (कोई भी बच्चा पीछे न छूटे)₹ के विषय पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार हजारीबाग में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों के लिए मिशन वात्सल्य एक संवेदनशील, सहायक और समकालिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का मूल मंत्र है। इस मिशन पर पूरे प्रमंडल स्तर के संबंधित पदाधिकरियों एवं अन्य को मिलकर संवेदनशील रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग शिप्रा सिंहा ने कहा कि वैसे बच्चे जिनके माता-पिता/माता या पिता ना हो, जिन बच्चों के माता या पिता/ माता-पिता गंभीर बीमारी से ग्रसित हो उन बच्चों को मिशन वात्सल्य का लाभ मिलना आवश्यक है। बच्चों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाना आवश्यक है। उन्होंने बाल देखभाल संस्थानों और बाल कल्याण समितियों, ग्राम बाल संरक्षण समिति को कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए नई रणनीतियों पर उपस्थित पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा, प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव श्री बासुदेव प्रसाद, मिरेकल फाउंडेशन के अमरेन्द्र कुमार, प्रमंडल स्तर पर बाल हित में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बाल संरक्षण विशेषज्ञों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया एवं उपरोक्त विषय पर प्रकाश डाला।


## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता वाहन को किया गया रवाना

पाकुड़ : रविन्द्र भवन टाउन हॉल परिसर से बुधवार को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रुप से दो टोटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार टोटो सभी प्रखंड के सभी पंचायतों में भ्रमण करेगी। प्रचार टोटो के माध्यम से 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि प्रचार टोटो सभी प्रखंडों के प्रत्येक पंचायत के गली मोहल्ले में भ्रमण कर लोगों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक करेगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हुसैनाबाद,पलामू:** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने घटना के बाद एसआई नर्मदेश्वर सिंह व पुलिस बल के साथ बुधवार को सुबह छापेमारी कर उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी 22 वर्षीय रवि चौहान को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है।

# ड्रोन तकनीक एवं जीपीएस सिस्टम पर अध्ययन



**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी/ धनबाद।** ड्रोन बूटकैंप के दूसरे दिन, बीआईटी सिंदरी में जीपीएस सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो यूएवी नेविगेशन, सटीक ट्रैकिंग और रूट प्लानिंग में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। प्रतिभागियों ने इस आवश्यक तकनीक के एकीकरण, कार्यक्षमता और वास्तविक दुनिया में उपयोग के बारे में इंटरएक्टिव और रोचक सत्रों के माध्यम से मूल्यवान जानकारियां प्राप्त कीं। व्यावहारिक कार्यशाला में, छात्रों ने प्रो. वरुण चौधरी और प्रो. कुंदन कुमार के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक ड्रोन का असेंबली किया, जिसमें उन्होंने सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित किया। दिन का समापन एक जीवंत प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसने नवाचार को प्रेरित किया, तकनीकी चुनौतियों को संबोधित किया और प्रतिभागियों के यूएवी तकनीक में कौशल को बढ़ाया। यह गहन अनुभव प्रतिभागियों को ड्रोन तकनीक के उन्नत पहलुओं और इसके भविष्य की संभावनाओं का अन्वेषण करने के लिए और प्रेरित करता है।

# मंईयां सम्मान योजना में लाभुकों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं, बिचौलियों के चंगुल में नहीं फंसना है : चंदन सिन्हा

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**छतरपुर:** झारखंड के सरकार जो कहती है सो करती है। यह सिर्फ झूठे वादे करने वालों की सरकार नहीं है।अपने वादे के अनुसार झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी ने मंईयां सम्मान योजना की राशि को एक हजार से बढ़ाकर ढाई हजार कर दिया है। जो हरेक बार की तरह दिसंबर माह के 11 तारीख को लाभुकों के खाते में चला जाएगा। झारखंड राज्य के तमाम वैसी बहने जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच की हो इस योजना हेतु अपना आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव के अलावा किसी भी प्रज्ञा केंद्र से आवेदन किया जा सकता है। उसके बाद ग्रामीण क्षेत्र हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के लिए अंचलाधिकारी द्वारा स्वयं अप्रूव कर दिया जाता है।जिसके लिए लाभुकों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। बिचौलियों के चंगुल में नहीं फंसना है। फॉर्म भरने एवं अप्रूवल की व्यवस्था बहुत ही सुलभ है। इसमें किसी प्रकार की कोई शुल्क देय नहीं है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री छतरपुर के उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिंहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में चंदन सिंहा ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबन बनाने एवं महिला सशक्तिकरण हेतु झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना मिल का पत्थर साबित हुआ है। जिसके कारण महिलाओं का भीड़ अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहा है। जानकारी के अभाव में लोग भड़काने के लिए मजबूर हैं। जब की झारखंड की सरकार ने यह सुविधा दी है कि लोगों के कार्य उनके घर-घर तक जाकर पदाधिकारी स्वयं कर रहे हैं। जिन बहनों को आवेदन देने में कोई कठिनाई हो वह पार्टी के किसी भी कार्यकताओं से संपर्क स्थापित कर अपने समस्याओं का निदान करवा सकते हैं। पार्टी का हरेक नेता एवं कार्यकर्ता उनके सहयोग के लिए हमेशा खड़ा है। मंईयां सम्मान योजना का आवेदन लेने की कोई निश्चित तिथि नहीं है। जैसे ही किसी महिला का आयु 18 वर्ष से अधिक होता है वह अपना आवेदन दे सकते हैं। प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई अवश्य होगी और अगले माह से ही इस योजना का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। कार्यालय का चक्कर लगाना जरूरी नहीं है। झारखंड की बहनों ने जो विश्वास अपने भाई हेमंत सोरेन जी के उपर किया है पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं नेता उस विश्वास को टूटनें नहीं देंगे सरकार से मिलने वाली हरेक योजनाओं से किसी को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

# एनएमएल पीबी-सीएमपी का वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 का भव्य शुभारंभ

**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**




**केरेडारी/हजारीबाग।** NML PB-CMP ने आज वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 का भव्य शुभारंभ किया, जिसमें अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस समारोह की अध्यक्षता श्री फैज तैय्यब, परियोजना प्रमुख ने की, साथ ही श्री एस.के. दुबे, महाप्रबंधक (इन्फ्रा), खदान एजेंट, खदान प्रबंधक और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, इसके बाद गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा गया, जो सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत को चिह्नित करती है। अपने संबोधन में ल्रडढ, श्री फैज तैय्यब और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खनन कार्यों में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और यह बल दिया कि, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था 'सुरक्षा रथ' का शुभारंभ, जो एक मोबाइल पहल है, जिसका उद्देश्य खदानों में सुरक्षा जागरूकता फैलाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह पहल कर्मचारियों और श्रमिकों तक पहुंचेगी और कार्यस्थल में सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। यह उद्घाटन वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत को चिह्नित करता है, जो कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित और प्रेरित किया जाएगा। PB-CMP उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी सुरक्षा पहलों के माध्यम से कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है ।

# उपायुक्त ने सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को सुगमतापूर्वक धरातल पर उतारने के लिए कर्मियों, अधिकारियों, ग्राम पंचायत मुखिया का कराया एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** बुधवार को पाकुड़ के रविन्द्र भवन टाऊन हॉल में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए संबंधित कर्मियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जो जमीनी स्तर पर लोगों को लाभान्वित करने से जुड़ी है उसे सुगमतापूर्वक ससमय लाभुकों तक पहुंचाना है। जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, पंचायत स्तरीय कर्मियों एवं मुखियाओं की उपस्थिति में उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के शुरूआत में जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत सचिवालय प्रतिदिन खुले तथा भीएलई डिजिटल पंचायत का लाभ लोगों तक पहुंचाये इसके लिए मुखिया तथा पंचायत सचिव का रोल महत्वपूर्ण है, उसे निभाएं।

इसके पश्चात अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आपदा एवं दुर्घटना में लोगों को मिलनेवाली सरकारी सुविधाओं एवं मुआवजा की जानकारी दी। शीतलहरी को ध्यान में रखते हुए सभी अंचल तथा नगर परिषद के द्वारा चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था के बारे में बताया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा ने अपने विभाग से छह तरह की मिलने वाली सुविधाओं को बताया। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली शिक्षा, सुविधा एवं सेवा लाभ के बारे में बताया। उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कन्यादान योजना तथा मातृ वंदना योजना की भी विस्तृत जानकारी दी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि किसानों का निबंधन सर्वप्रथम धान अधिप्राप्त करने से पूर्व किसानों को उपार्जन साईट पर निबंधन होना अनिवार्य है। किसानों का निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाईन आवेदन के साथ भौतिक आवेदन अपने नजदीक अंचल कार्यालय में समर्पित करना अनिवार्य होगा। किसानों से धान की अधिप्राप्ति बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। किसानों से धान की अधिप्राप्ति होने के उपरात 48 घंटे के अन्दर सरकार द्वारा निर्धारित किये गये समर्थन मूल्य का 50% की राशि का भुगतान किया जाता है। इस बार खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में लक्ष्य 2 लाख क्विंटल का लक्ष्य है। समर्थन मूल्य 2300 रूपए प्रति क्विंटल होगा।

उप विकास आयुक्त, महेश कुमार संथालिया ने इस कार्यशाला की महत्ता को बताते हुए कहा कि जैसे उपायुक्त महोदय के मार्गदर्शन में चुनाव के सभी आयामों में पाकुड़ अव्वल रहा उसी तरह हम सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में अव्वल बनने का प्रयास करें। इस पहले कदम में हमने अबुआ आवास में राज्य में अव्वल हैं तथा मनरेगा में तीसरे पायदान पर है उसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी हम पहले पायदान पर आने के लिए सुनियोजित रूप से कार्य करें। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं/बालिकाओं के कानूनी प्रावधानों जैसे-शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा आदि के बारे में जानकारी दिए तथा बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, सोशल मीडिया के दुष्प्रयोग से बचने आदि, मुद्दों पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध से लोगों को सतर्कता बरतने के उपाय बताए। उपायुक्त मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सभी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक कैसे सुगमता और पारदर्शिता से पहुंचे इस दिशा में समेकित प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने पंचायत सचिव एवं मुखियागण से क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनने तथा प्रतिदिन पंचायत सचिवालय को समय पर खोलते हुए आने वाले व्यक्तियों का शिकायत सुनकर उनका समाधान करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभागों के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को गति देते हुए समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि राशन सही समय पर मिले, पेंशन से कोई योग्य लाभुक वंचित नहीं रहे। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति, मंईया सम्मान योजना, साईकिल वितरण, म्युटेशन, अबुआ आवास, मनरेगा योजना, आपूर्ति विभाग, कुसुम योजना आदि के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने सभी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। 08 दिसंबर से 10 दिसम्बर तक चलने वाली पोलियो अभियान के बारे में सभी की सहभागिता से 'एक भी बच्चा छूटे ना' का नारा देते हुए पोलियो अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया।

मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्म एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, मुखिया समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी।समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट,अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया।उन्होंने ऐसे स्थानों जहाँ अधिक दुर्घटनाएं हो रही है,वहां रंबल स्ट्रिप व रिफ्लेक्टिव टेप लगाने पर बल दिया।उन्होंने सदर एसडीएम को सतबरवा बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने पर बल दिया।

**अनुमंडल स्तर पर सड़क सुरक्षा की बैठक करने का निर्देश, सभी मुखियागण के साथ सड़क जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने सभी को अनुमंडल स्तर पर सड़क सुरक्षा की बैठक करने को लेकर निर्देशित किया।इसपर उन्होंने छतरपुर व हुसैनाबाद एसडीएम को विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों के बीच जागरूकता भी आवश्यक है।इसी क्रम में उन्होंने जिले के सभी मुखिया गणों के साथ सड़क जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित करने की भी बात कही। उन्होंने हिट एंड रन योजना के तहत योग्य लोगों को लाभान्वित करने की बात कही,इसपर परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वित्तिय वर्ष में 39 लोगों को इसका लाभ दिया गया है।वहीं गुड सेमेरिटन योजना के तहत 3 लोगों को लाभान्वित किया गया है।बैठक में पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने भी सुल्तानी घाटी वाले एरिया में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति ज्यादा गंभीर होने पर बल दिया।इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने बड़कागांव की नौरतन सृष्टि बाला को 3.17लाख रु का चेक सौंपा



**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**हजारीबाग।** बडकागांव निवासी नौरतन सृष्टि बाला पुत्री सुनीता कुमारी को रायफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से एयर राइफल को क्रय करने हेतु चेक दिया गया। यह एयर राइफल को क्रय करने के लिए एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के द्वारा सीएसआर मद से 3.17 लाख रु का चेक दिया गया। चेक वितरण के साथ साथ नौरतन सृष्टि बाला को एयर राइफल शूटिंग खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी तथा चॉकलेट देकर देकर आशीष दिया। उपायुक्त ने बताया कि नौरतन सृष्टि बाला राइफल शूटिंग में झारखंड का प्रतिनिधित्व कई स्तरों पर कर रही है इसलिए इनके मनोबल को बढ़ावा देने के लिए एयर राइफल खरीदने की सहायता दी गई है। इस दौरान परियोजना प्रमुख श्री फैज तैयब एवं डीजीएम श्री प्रशांत कुमार मौजूद थे।

# दो दिनों के अंदर हटाए अतिक्रमण : अंचल अधिकारी बलियापुर

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार अंचल बलियापुर की पूरी टीम जिसमें अंचल अधिकारी स्वयं, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन एवं चौकीदार के साथ बलियापुर चौक की मापी कराई और हटाए जाने वाले अतिक्रमण को लाल निशान कर चिन्हित कर दिया गया ' अंचल अधिकारी ने बताया कि नाली के ऊपर जो पाथ वे बना है उसपर दुकानदारों के द्वारा सामान वगैरा रखकर अतिक्रमित कर दिया गया है, जिसके कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ' अंचल अधिकारी ने अतिक्रमण कार्यों को 48 घंटे के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने हेतु निर्देशित किया है ' दिए गए समय सीमा पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर अंचल प्रशासन के द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा, वैसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने में होने वाले खर्च की वसूली सर्टिफिकेट केस दायर कर संबंधित अतिक्रमणकारी से की जाएगी ' सड़क के किनारे वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या और भी प्रबल हो जाती है ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटने से यातायात सुगम हो सकेगा ' किसी भी एंबुलेंस या जरूरतमंद को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा ' अंचल अधिकारी ने बताया कि आदेश का उल्लंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों पर लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के तहत कानूनी करवाई की जाएगी ' उन्होंने सभी व्यवसाईयों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की है ' यह भी अनुरोध किया है कि आप स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा ले ताकि किसी प्रकार के बल प्रयोग की जरूरत ही ना पड़े।

# सिविल सर्जन पलामू के अथक प्रयास से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में डिजिटल एक्स रे सेवा का हुआ शुभारंभ



**झारखंड उजाला,संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामूः** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश कुमार, डा मुकेश कुमार सिंह, डा शशि भूषण, डा राकेश रंजन, डा मंजूर आलम चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से डिजिटल एक्स रे सेवा का उदघाटन किया गया, इस सेवा को शुरू कराने के लिए डा अनिल कुमार, सिविल सर्जन पलामू का अथक प्रयास रहा, उनके प्रयास से ही अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में में एक्स रे सेवा को शुरू किया जा सका, इससे अनुमंडल क्षेत्र की बड़ी आबादी लाभान्वित होगी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि डिजिटल एक्स रे सेवा का प्रति एक्स रे प्लेट केवल 70 रुपए रखा गया है, मौके पर विभूति कुमार गुप्ता, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक सहित कई चिकित्सा कर्मी एवं प्रशिक्षु ए एन एम उपस्थित थे।

# जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, डीसी ने हर हाल में अवैध खनन रोकने के दिये निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**पलामूः** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 43 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 32.35 लाख रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया।वहीं कुल 6 प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है।समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोडिंग की समस्या को भी रेखांकित करते हुए ऐसे वाहनों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने की बात कही।उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही।

**इंटर स्टेट बॉर्डर पर सीसीटीवी की अधिष्ठापन पर हुई चर्चा**

बैठक में इंटर स्टेट बॉर्डर को अवैध माइनिंग के दृष्टि से सुरक्षित करने को लेकर नाईट विजन एनेबल्ड सीसीटीवी अधिष्ठापन करने पर भी विचार किया गया।उन्होंने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को अवैध माइनिंग पर लगाम लगाने को लेकर टोल प्लाजा का मदद लेने पर भी बल दिया।इसके साथ हो डीआईओ को माइंस को लेकर नजरी नक्शा बनाने के भी निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी से कहा कि जहां भी आपके क्षेत्र अंतर्गत अवैध बालू के उठाव संभावना है,वहां ट्रेंच खोदकर उस रास्ते को अवरुद्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रशरों के आस-पास विभिन्न तरह के अवैध गतिविधि पर रोक लगाने पर बल दिया।

# डीसी ने डीएमएफटी के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में डीएमएफटी के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने पूर्व की बैठक में स्वीकृत योजनाओं के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।इस दौरान उन्होंने एमएमसीएच में सीसीटीवी का अधिष्ठापन, एमएमसीएच में एम्बुलैंस सप्लाई, मॉड्यूलर टॉयलेट सप्लाई, एमएमसीएच में दीदी किचन की प्रगति आदि की समीक्षा किया गया।इस दौरान कई योजनाओं का टेंडर निकाले जाने की बात कही गयी,वहीं कुई योजनाओं में कार्य भी प्रारंभ हो गया है।इस दौरान उपायुक्त ने जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है या टेंडर भी नहीं हुआ है उस संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया।इसके अतरिक्त एजेंडावार प्राप्त अन्य योजनाओं पर भी चर्चा किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, डीएफओ, पलामू व चतरा सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी सभागार से जुड़े जबकि प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया व उप मुखिया वर्चुअल मोड से जुड़े रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र बनियाडीह-2 के बच्चों के बीच मुखिया सुदामा यादव ने गर्म वस्त्र का किया वितरण



**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामूः** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बनियाडीह बराही पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र बनियाडीह-2 पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल विकास परियोजना के द्वारा उपलब्ध कराए गए गर्म वस्त्र का वितरण पंचायत के मुखिया सुदामा यादव ने किया। मुखिया सुदामा यादव ने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में ठंड काफी ज्यादा बढ़ गया है।ऐसे में गर्म वस्त्र को पहन कर बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र आ सकेंगे एवं ठंड से बच सकेंगे।आंगनबाड़ी केंद्र बनियाडीह 2 की सेविका शान्ति देवी ने बताया कि पोषक क्षेत्र के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया है। मौके पर सुरेंद्र यादव,उपेंद्र यादव, ललू रजवार, नीमा देवी, रजमतिया देवी, रानी देवी, बालेश्वर रजवार, वीरेंद्र राम, कुलदीप यादव,वीरेंद्र यादव, फुझरी देवी, सुनर राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डीसी ने पेयजल विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा की

**छत्तरपुर के सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक,संवेदक को शोकॉज के साथ एकरारनामा रद्द करने पर चर्चा**

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**मेदिनीनगर/पलामूः** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत निमिया में चल रहे एमवीएस के कार्यों की समीक्षा की।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने तय अवधिनुसार कार्य नहीं करने को लेकर संबंधित संवेदक को शोकॉज करने की बात कही।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उपरोक्त योजना में कनीय अभियंता व सहायक अभियंता द्वारा भी लापरवाही बरती गयी है,दोनों अभियंताओं द्वारा अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया है।उपायुक्त ने दोनों अभियंताओं को भी शोकॉज करने को बात कही।उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।

**छत्तरपुर के सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक,संवेदक को शोकॉज के साथ एकरारनामा रद्द करने पर चर्चा**

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने छत्तरपुर में भी संचालित एमवीएस स्कीम का रीव्यू किया।इसमें पाया गया कि विभाग द्वारा एकरारनामानुसार कार्य नहीं किया जा रहा है।जांच में संवेदक द्वारा कार्य करने वाले मजदूरों को पेमेंट भी नहीं किया जा रहा है जिसके कारण कार्य लंबित है।इस मामले में भी डीसी ने संवेदक को शोकॉज करने की बात कही साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार संवेदक के साथ एकरारनामा रद्द करने पर भी विचार करने की बात कही।इसके अलावे उन्होंने संबंधित सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक लगाने की बात कही।इसी तरह उपायुक्त ने हरिहरगंज, तोलरा, मझिआंव में संचालित मल्टी विलेज स्किम की सभी समीक्षा कर कई बिंदुओं पर निर्देशित किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार समेत विभिन्न सहायक व कनीय अभियंता मौजूद रहे।

# तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन एवं केज प्रणाली का निरीक्षण

**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग द्वारा आज 4 दिसंबर को तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री लोकेश बारंगे,आईएएस, सहायक समाहर्ता की उपस्थिति में कुल 8 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं का सफलतापूर्वक संचयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, श्री लोकेश बारंगे ने केज प्रणाली में मत्स्य पालन का भी निरीक्षण किया। यह प्रणाली जलाशय में मछलियों का पालन नियंत्रित और वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए एक आधुनिक तकनीक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्यपालकों के प्रयासों की सराहना की और इस तकनीक को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही। जिला मत्स्य अधिकारी ने जानकारी दी कि तिलैया जलाशय में मत्स्य अंगुलिका संचयन और केज प्रणाली के माध्यम से मत्स्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। इस पहल से न केवल मत्स्य कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। यह कार्यक्रम मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और स्थानीय मत्स्य कृषकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में जिला मत्स्य कार्यालय का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी डॉ. रजनी गुप्ता, प्रधान लिपिक संजीव कुमार, प्रवीण किस्पोट्टा, जयंत खलको, संदीप उरांव किसान,राजू निषाद,मो. जसीम, मनोज साव, कल्याण यादव, छोटन भुईयां, संजय कुमार, दीपक कुमार, मुकेश निषाद, मो. मुस्लिम, मुस्ताक मियां, रूबी देवी हेमंती देवी के अलावा कई किसान मौजूद थे।

# कैश का नो टेंशन डिजिटल करेंसी है न


सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती। देश में क्रिप्टो करंसी की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सुरक्षित और आसान डिजिटल करंसी लाने की योजना पर काफी समय से कार्य कर रहा था और अब 01 दिसंबर से आम लोगों के लिए ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा चुका है। इससे पहले आरबीआई ने 01 नवंबर से डिजिटल करंसी ई-रुपये की शुरूआत सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार के लिए की थी। फिलहाल खुदरा ई-रुपये के परीक्षण में चार बैंकों (आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईडीएफसी बैंक तथा यस बैंक) और चार शहरों (दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू, भुवनेश्वर) को शामिल किया गया है। पहले ही दिन ह्यडिजिटल रुपये से करीब पौने दो करोड़ रुपये मूल्य का लेनदेन हुआ। दरअसल इन चार बैंकों की ओर से कुल 1.71 करोड़ रुपये डिजिटल मुद्रा की मांग की गई थी। मांग के मुताबिक आरबीआई ने इनको डिजिटल रुपया जारी किया। आरबीआई के मुताबिक आने वाले दिनों में बैंकों की बढ़ती जरूरत के हिसाब से जारी की जाने वाली रकम में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आरबीआई से जारी किया गया डिजिटल रुपया भारत की पहली वर्चुअल करंसी है। इसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) रेग्युलेट करेगा। डिजिटल करंसी डिजिटल फॉर्मेट में है और यह हार्ड कैश की जगह लेगी। डिजिटल करंसी सीबीडीसी के तहत काम करती है और सीबीडीसी को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। सीबीडीसी को बराबर मूल्य पर कैश में एक्सचेंज किया जा सकेगा। डिजिटल करंसी को जलाया या डैमेज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक बार जारी किए जाने के बाद यह हमेशा रहेगी जबकि करंसी नोट कुछ सालों में खराब हो जाते हैं। डिजिटल करंसी के इस्तेमाल से लोगों को अपनी नकदी की सुरक्षा की चिंता से मुक्ति मिलेगी और जिन लोगों का बैंक में खाता नहीं हैं, वे भी इसके




जरिये बैंकिंग प्रणाली में शामिल हो सकेंगे। अभी हमारी जेब में जो करंसी नोट या सिक्के रहते हैं, डिजिटल करंसी में वही डिजिटल रूप में हमारे मोबाइल फोन या वॉलेट में रहेंगे और हमें लेनदेन के लिए बैंक की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम फिलहाल जिस प्रकार नकद में पैसों का लेनदेन करते हैं बिल्कुल उसी प्रकार डिजिटल रुपये से भी कर पाएंगे।

यह भी जान लें कि ई-रुपया किस तरह काम करेगा। ई-रुपया पूरी तरह से कैशलैस और कांटैक्टलैस भुगतान प्रणाली है। इसका इस्तेमाल एक ही बार किया जा सकता है। ई-रुपया वास्तव में टोकन आधारित होगा, जो एक ई-मेल जैसा हो सकता है और पैसे भेजने के लिए पासवर्ड डालना होगा, जो बिना इंटरनेट के कार्य करेगा। ई-रुपये से मोबाइल फोन के जरिये चंद सेकेंडों में ही लेनदेन संभव होगा और इस लेनदेन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से देखा भी जा सकेगा। इसकी सबसे खास बात यही है कि इसके माध्यम से लेनदेन डिजिटल भुगतान प्रणाली की तुलना में ज्यादा रीयल टाइम और कम लागत में होगा और इसमें बैंकों की तरह निपटान की जरूरत भी नहीं होगी। सीबीडीसी में नकद देते ही इंटरबैंक सैटलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी, जिससे लेनदेन कम लागत में होगा। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ई-रुपये से देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी और इससे देश की भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी। देश में डिजिटल करंसी का प्रचलन बढ़ने पर रुपये छापने की लागत बहुत कम हो जाएगी और इससे धन भेजना भी सस्ता होगा। वास्तव में यह क्रिप्टो करंसी से बिल्कुल अलग है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती, जिनका चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। दरअसल बिट कॉइन या अन्य क्रिप्टो करंसी डीसेंट्रलाइज्ड होती है, जिन पर किसी भी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता जबकि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी सेंट्रलाइज्ड है। इसे भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और इसे आरबीआई ही जारी करेगा। इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसे आसानी से एक मोबाइल से दूसरे पर भेजा जा सकेगा और इससे हर प्रकार का सामान खरीदा जा सकेगा तथा प्रत्येक सेवाओं के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो डिजिटल करंसी का इस्तेमाल हम अपने सामान्य रुपये-पैसे के रूप में कर सकेंगे लेकिन ये रुपये-पैसे डिजिटल फॉर्म में होंगे। यही कारण है कि डिजिटल करंसी में निवेश करना दुनियाभर में प्रचलित अन्य वर्चुअल करंसी के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित माना जा रहा है। डिजिटल करंसी में ब्लॉक चेन टैक्नोलॉजी तथा अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। ब्लॉक चेन को ह्यडिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टैक्नोलॉजी (डीएलटी) के रूप में भी जाना जाता है और इस टैक्नोलॉजी को क्रिप्टो करंसी का बैकबोन भी कहा जाता है। डिजिटल करंसी से भारत की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलने और डिजिटल वित्तीय क्षेत्र में स्थिति मजबूत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल करंसी देश में डिजिटल इकोनॉमी को नया आयाम प्रदान करेगी। हालांकि आर्थिक विशेषज्ञ फिलहाल डिजिटल करंसी को लेकर कुछ सवाल भी उठा रहे हैं। मसलन, बैंकों में जमा पूंजी को देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण रीढ़ माना जाता है, ऐसे में यदि डिजिटल करंसी को बैंक खातों से ज्यादा सुरक्षित माना गया तो कहीं इससे बैंकिंग व्यवस्था पर असर न पड़े। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा यूपीआई के जरिये लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए जो व्यवस्था बनाई गई है, उस पर भी डिजिटल करंसी से बड़ा असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सीबीडीसी के चलन से बैंक में जमा के लिए लेनदेन की मांग कम हो जाएगी, जिससे उनकी जमा कम होगी। इसके अलावा यदि बैंक जमा राशि खो देते हैं तो क्रेडिट बनाने की उनकी क्षमता सीमित हो जाएगी क्योंकि केन्द्रीय बैंक निजी क्षेत्र को लोन प्रदान नहीं कर सकते। एक बड़ी चिंता यह भी है कि एक ओर जहां भारत डिजिटलीकरण तथा डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया में एक प्रमुख देश के रूप में उभरा है, वहीं देश में वित्तीय साक्षरता की स्थिति संतोषजनक नहीं है। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलने के साथ ही हाल के वर्षों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चिंताओं को दूर करने के लिए कारगर कदम उठाते हुए देश में वित्तीय साक्षरता के लिए भी पुरजोर तरीके से अभियान चलाना चाहिए।

## आज का राशिफल


स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.


**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# कहां होंगे लापियर-फिसर जैसे भारत प्रेमी लेखक




गांधी फिल्म को पिछली 30 नवंबर को रिलीज हुए चालीस साल हो गए। गांधी फिल्म बनी थी, अमेरिका में बसे महान यहूदी लेखक लुई फिशर द्वारा लिखी गांधी जी की जीवनी से प्रभावित और प्रेरित होकर। उनकी पुस्तक को गांधी जी के सर्वश्रेष्ठ जीवनी ग्रंथों में एक माना जाता है। वैसे तो गांधी जी की सैकड़ों जीवनियां लिखी जा चुकी हैं। गांधी फिल्म के रिलीज होने के चंदेक दिनों के बाद फ्रीडम एट मिडनाइट, फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल, सिटी आफ जॉय, 'ओ' जेरूसलम' और 'इज पेरिस बर्निंग' जैसी किताबों के रचयिता डोमिनिको लापिएर चल बसे। आप पूछ सकते हैं कि गांधी फिल्म, लुई फिशर और लापिएर का क्या संबंध है? आपका सवाल वाजिब है। लुई फिशर तथा लापिएर जैसे विदेशी लेखकों का भारत प्रेम उन्हें खास बनाता है। वे भारत से हजारों मील दूर रहने पर भी भारत से सम्बंधित श्रेष्ठ रचनायें लिखते रहे।

फ्रीडम एट मिडनाइट 1975 में प्रकाशित हुई थी। उसे बाजार में आते ही दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया था। उसे लापिएर ने लैरी कौलिंस के साथ मिलकर लिखा था। दोनों लेखकों ने फ्रीडम एट मिडनाइट के जरिए भारत के पाठकों को अनेक रोचक तथ्यों से पहली बार रूबरू करवाया था। उदाहरण के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान जाने से पहले अपना दिल्ली का बंगला उद्योगपति रामकृष्ण डालमिया को ढाई लाख रुपये में बेचा था। डालमिया ने पूरे बंगले को खरीदने के बाद उसे गंगाजल से धुलवाया भी था। यह जानकारी पहली बार दुनिया ने फ्रीडम एट मिडनाइट को पढ़कर जानी थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू साधु-संतों से मिलने में भी परहेज नहीं करते थे। भारत 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ तब वे 17 यार्क रोड ( अब मोतीलाल नेहरू रोड) में रहते थे। पंडित नेहरू 15 अगस्त की तैयारियों में जुटे हुए हैं। फ्रीडम एट मिड नाइट में लैरी कोलिंस तथा डोमिनिको लॉपियर लिखते हैं- ह्ल देश के स्वंतत्र होने की खुशी को दिल्ली के चप्पे-चप्पे में महसूस किया जा सकता था। सड़कों पर साधु और संन्यासी भी प्रकट हो गए थे। नई दिल्ली में जगह-जगह पर शहनाई वादक शहनाई बजाने लगे थे। 14 अगस्त, 1947 को नेहरू जी के घर में कुछ साधु पहुंच गए। वे नेहरू जी से मिले। उन्होंने उन पर पवित्र गंगा जल छिड़का, माथे पर भभूत लगाई और हाथ में मौली बांधी। धार्मिक आडंबरों से दूर रहने वाले वाले नेहरू जी ने यह सब कुछ बड़े प्रेम से करवाया। नेहरू जी इसी यार्क रोड के अपने बंगले से 14-15 अगस्त, 1947 की रात काउंसिल हाउस (अब संसद भवन) में हुए गरिमामय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। उन्हें यह बंगला तब मिला था जब वे 1946 में अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री बने थे। वे तीन मूर्ति में तो सितंबर, 1947 में शिफ्ट हुए थे। इस तरह के तमाम तथ्यों को लिखकर लापिएर अपने पाठकों को अपना प्रशंसक बना लेते थे। यह तथ्य भी दुनिया ने इनकी किताब से ही जाना कि अगर भारत के अंतिम वायसराय लार्ड माउंटबैटन को पता चल गया होता कि कैंसर ग्रस्त जिन्ना ह्यसिर्फ कुछ महीनों के ही मेहमान हैं, तो वे बंटवारे की बजाय जिन्ना की मौत का इंतजार करते। हालांकि, यह बातें सिर्फ जिन्ना के हिंदू डॉक्टर को पता थी, जिसने अपने मरीज के साथ विश्वासघात नहीं किया। लापिएर ने भोपाल गैस त्रासदी की कहानी को बेहद मार्मिक अंदाज में फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल से पेश किया था। वास्तव में विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटना या विभीषिका पर यह कालजयी किताब है। इसे उन्होंने अपने साथी जोवियर मोरो के साथ मिलकर लिखा था। उन्होंने भोपाल विभीषिका पर लिखी गई पुस्तक की सारी रायल्टी' गैस पीड़ितों को दे दी।

## हिंदी में पढ़ाई

नई शिक्षा नीति के तहत देश ने पेशेवर शिक्षा भी हिंदी माध्यम से देने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक चिकित्सा शास्त्र की पढ़ाई सिर्फ अंग्रेजी में ही होती थी और उसकी किताबें अंग्रेजी में ही उपलब्ध हुआ करती थीं, लेकिन अब चिकित्सा के तीन विषयों की तीन किताबों का हिंदी में आना सुखद और ऐतिहासिक प्रगति है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत एमबीबीएस छात्रों के लिए हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का अनावरण किया है। अपनी तरह के इस पहले कदम के तहत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के हिस्से के रूप में तीन विषयों, जैव रसायन, शरीर रचना विज्ञान और चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान की हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का विमोचन किया गया है। लगे हाथ, उन्होंने यह भी घोषणा की है कि इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और कानून की शिक्षा भी जल्द ही हिंदी में दी जाएगी। जाहिर है, हिंदी में ऐसी पहल को किसी हिंदीभाषी क्षेत्र के राज्य को ही अंजाम देना था और इसमें मध्य प्रदेश ने बाजी मार ली है।

पेशेवर या व्यावसायिक शिक्षा मातृभाषा या हिंदी में देने की चर्चा पुरानी है। संविधान निमार्ताओं ने यही सोचा था कि आजादी मिलने के बाद के दो दशक में हिंदी समृद्ध हो जाएगी और अंग्रेजी अनिवार्य नहीं रह जाएगी। लेकिन यह सच है, हमारी सरकारों ने भाषा संबंधी बाधाओं से जूझने का जोखिम नहीं उठाया और अंग्रेजी स्वाभाविक ही सशक्त होती चली गई। हिंदी क्षेत्र में डॉक्टरी भले ही मातृभाषा में होती है, लेकिन पढ़ाई तो अंग्रेजी में ही होती आई है। जब अस्पतालों में डॉक्टर-मरीज संवाद हिंदी में होता है, तो डॉक्टरों का आपसी परामर्श या चिकित्सा कार्य अंग्रेजी में क्यों हो? इलाज भी अगर हिंदी में होगा, तो शायद ज्यादातर मरीजों को समझने में सुविधा होगी। अभी तो अनेक डॉक्टरों के हाथ से लिखी पर्ची को पढ़ना-समझना भी आसान नहीं है। हालांकि, हिंदी में पढ़ाई से एक खतरा यह है कि विदेश में नौकरी नहीं मिलेगी। शायद सरकार नीति के तहत ही ऐसा चाहती है कि देश के योग्य पेशेवर देश की सेवा में ही अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। वैसे अगर भाषा को माध्यम बनाकर ब्रेन ड्रेन को रोकने का सपना देखा जा रहा है, तो इसमें बहुत सफलता नहीं मिलेगी। ब्रेन ड्रेन रोकने के दूसरे बेहतर तरीके हो सकते हैं। देश में अगर कार्य संस्कृति व वेतन-भत्ते को सुधार लिया जाए, तो बहुत सारे युवा या डॉक्टर, इंजीनियर ऐसे भी होंगे, जो विदेश से लौट आएंगे। खैर, पेशेवर शिक्षा को हिंदी भाषा में प्रदान करने के मामले में हम पिछड़ गए हैं, लेकिन इसके लिए अभी कतई दुखी होने या अफसोस करने की जरूरत नहीं है। भारत अनेक भाषाओं का देश है और यहां हिंदी को किसी भी भाषा पर थोपा नहीं जा सकता, यह भारत की उदारता के विरुद्ध होगा। जो देश छोटे थे या जिन देशों ने तानाशाही की, वहां स्थानीय भाषा में पूरी शिक्षा संभव हो गई। वास्तव में, पेशेवर शिक्षा में पूरा जोर गुणवत्ता पर होना चाहिए। अगर हम अपने हर शिक्षण संस्थान में गुणवत्तापूर्ण डॉक्टर, इंजीनियर, वकील पैदा करने लगेंगे, तब जरूरी बदलाव लाने में हम सफल होंगे। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए चलना होगा। फिलहाल, यह खुशी की बात है कि 10 हिंदीभाषी और गैर-हिंदीभाषी राज्यों ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू कर दिया है। कुल मिलाकर, आने वाले समय में भारत में दस से ज्यादा भाषाओं में पेशेवर पढ़ाई की आजादी होगी और होनी भी चाहिए।

# साइबर धोखाधड़ी से बचें, तुरंत करें शिकायत और हों सुरक्षित

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। साइबर क्राइम का बढ़ता चेहरा हमारे डिजिटल युग में एक बड़ी चिंता का सबब बन गया है। इंटरनेट और तकनीकी उन्नति के साथ, इसके साथ साइबर जोखिम भी बढ़ गए हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। बहुत सारे लोग इस बात को नजरअंदाज करते हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि शिकायत करने से उन्हें और ज्यादा मुसीबत में डाला जाएगा, लेकिन यह गलत धारणा है।

शिकायत करना ही सबसे बेहतरीन रास्ता है ताकि आप सुरक्षित रह सकें और अपराधियों को पकड़ा जा सके। साइबर क्राइम से निपटने के लिए पुलिस और साइबर निवारण दलें तत्पर हैं और शिकायत करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए उन्हें उनकी पूरी मदद करने के लिए तैयार हैं। यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हैं, तो आपको रिपोर्ट साइबर के माध्यम से मामले की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए, ताकि इसे जांच के लिए सही कानून प्रवर्तन एजेंसी को भेजा जा सके।

शिकायत करते समय, आपको सभी जानकारी को सही और सटीक तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए। अपनी संदिग्धियों को साफ तरीके से व्यक्त करें और संभावित आक्रमण के सबूतों को संग्रहित करें। यह जानकारी पुलिस को सहायता प्रदान करेगी और वे आपकी मदद कर सकते हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए सावधानी बरतना भी महत्त्वपूर्ण है। इंटरनेट पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सबसे अच्छा तरीका है जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना। सतर्क रहें, अपने पासवर्ड को मजबूत रखें, अनचाहे ईमेलों और वेबसाइटों से दूर रहें, और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

साइबर क्राइम होने पर शिकायत करना सबसे बड़ा कदम होता है जो हमें मुसीबत से बचा सकता है। यदि हम सभी मिलकर सावधान रहें और साइबर सुरक्षा को गंभीरता से लें, तो हम सब मिलकर इस डिजिटल युग में सुरक्षित रह सकते हैं।



# धमकी देने वाला मेरा कार्यकर्ता निकला तो इस्तीफा दे दूंगा

**पप्पू यादव का पूर्णिया SP को चैलेंज, बोले-सरकार में बैठे लोग हत्या की साजिश कर रहे**

**पूर्णिया।** पुलिस ने सांसद पप्पू यादव को वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक भोजपुर जिले का रहने वाला आरोपी रामबाबू राय पप्पू यादव की पुरानी पार्टी जनधिकार का कार्यकर्ता निकला। पूर्णिया पुलिस के खुलासे के बाद सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर सीएम नीतीश और पूर्णिया एसपी पर निशाना साधा है। सांसद ने मुख्यमंत्री को लेकर कहा है कि 'आप जब पहली बार मुख्यमंत्री बन रहे थे, तब मैं आपके साथ था। लालू यादव और शहाबुद्दीन मेरे खिलाफ थे। मैं उनसे लड़कर आपके साथ खड़ा था। अब मैं अफसोस करता हूं, कि उस वक्त वे लोग मुझे गोली मार देते तो ही अच्छा होता।' वहीं पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा को लेकर कहा कि 'बिना वर्दी को आपके हिम्मत है कि आप मुझसे लड़ सकें या बात भी कर पाएं।' उन्होंने कहा कि मेरे करीबी धमकी दिलवा रहे हैं तो सामने लाइए, मैं इस्तीफा दे दूंगा।बैक टू बैक ट्वीट में सरकार और प्रशासन पर उठाए सवाल पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए लिखा- आपकी पुलिस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है। वह वही व्यवहार कर रही है जो दिवंगत कांग्रेस MLA हेमंत शाही जी



को गोली लगने पर तत्कालीन सरकार और प्रशासन ने किया था। उन पर घायल होने की नौटंकी का आरोप लगाया, बाद में इलाजरत हेमंत जी की मृत्यु हो गई थी। फिर से वही हो रहा है। मुझे धमकी देने के प्रकरण की हाई कोर्ट के पर्यवेक्षण में सीबीआई जांच हो। दूसरे ट्वीट में लिखा- मुझे लगता है सत्ता में बैठे कुछ लोग पुलिस प्रशासन का इस्तेमाल कर मेरी हत्या की साजिश रच रहे हैं। अगर सरकार तुरंत इस पर निर्णय नहीं लेती है तो हम हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। तीसरे ट्वीट में लिखा- 26 लोगों ने अब तक जान से मारने की धमकी दी। यह धमकी मलेशिया, पाकिस्तान, नेपाल से धमकी मिली है, उस पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अगर किसी ने पैसा देकर धमकी दिलाया है तो पुलिस उसके नाम का खुलासा कर गिरफ्तार करे। पुलिस किसी के इशारे पर मेरी सुरक्षा से खेल कर रही है।28 फोन नंबर और 50 वीडियो की जांच अब तक क्यों हुई मंगलवार की रात 9 बजे सांसद पप्पू यादव सोशल मीडिया फेसबुक पर लाइव आकर 12 मिनट तक अपनी बातें रखी। एसपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कहा कि सरकार, पूर्णिया एसपी और डीजी साहब बताएं कि मैंने अब तक 28 फोन नंबर और 50 वीडियो भेजे हैं। इसकी जांच अब तक क्यों नहीं की गई। मैं पूर्णिया एसपी का सम्मान करता हूं। मगर आप किसी के कहने पर कितना भी कुछ कह लीजिए। मेरा चरित्र सुरक्षा लेने का कभी नहीं रहा। मैं सात बार एमपी रह चुका हूं। मुझे सुरक्षा की चिंता होती तो मैं 30 दिनों तक लोगों के बीच अकेला नहीं घूमता और ना ही महाराष्ट्र दिल्ली में बगैर सुरक्षा के जाता। मेरी सुरक्षा की चिंता मत करें। मेरी सुरक्षा मैं खुद कर लूंगा। मैं आपसे बस इतना ही कहूंगा कि राजनीति में फंसकर आप अपनी विश्वसनीयता मत खोइए। हिम्मत है तो सीबीआई जांच कराए सरकार सांसद ने कहा कि 'मुझे बिहार की पुलिस प्रशासन पर थोड़ा भी यकीन नहीं। मैं सीबीआई जांच की मांग करता हूं। हिम्मत है तो सरकार सीबीआई जांच कर ले। पूर्णिया एसपी के दावों पर 'आप किसके इशारे पर आप चल रहे हैं। जिस तरीके से आपने आरोप लगाए तुरंत पता कीजिए कौन है वो करीबी।'पप्पू यादव ने कहा कि 'अगर 2 लाख में डील होगी और महज 2 हजार में मान जाएगा। किसने दी धमकी और किसने दिया वो वीडियो। उस वीडियो को आखिर क्यों सामने नहीं लाया जा रहा। मैं आगे आग्रह करूंगा पूर्णिया एसपी से कि आप पार्टी पॉलिटिक्स में न पड़े।

## संक्षिप्त डायरी

### 30 जिले से आए कलाकारों में बेगूसराय को प्रथम स्थान




**बेगूसराय।** बिहार राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बेगूसराय जिले के बाल रंगमंच आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी मल्हीपुर के कलाकारों ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लखीसराय में आयोजित महोत्सव में पूरे बिहार से 30 जिले से आए कलाकारों में बेगूसराय को प्रथम स्थान मिला है। बाल रंगमंच के कलाकारों ने श्याम कुमार सहनी की ओर से लिखित नाटक अमर शहीद शहीद जुब्बा भाई का निर्देशन कुणाल कुमार ने किया। नाटक में अभिनय करने वालों में साक्षी कुमारी, मुस्कान कुमारी, राजेश कुमार, आकाश कुमार, ऋषि कुमार, रोहित कुमार, वीजेंद्र कुमार और ऋषि कुमार शामिल है। नाटक प्रस्तुति में प्रतिभागियों ने शानदार अभिनय कर निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कलाकारों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बाल रंगमंच के निदेशक और नगर परिषद बीहट के उप मुख्य पार्षद ने कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया।वहीं, जिले के कई वरिष्ठ रंग निर्देशक अवधेश सिंह, अरविंद सिन्हा, प्रवीण कुमार गुंजन, अमित रौशन, सीताराम, डॉ. कुंदन कुमार, गणेश गौरव एवं हरीश हरिऔध आदि रंगकर्मियों ने कलाकारों को सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से बधाई दी है। कहा है कि बेगूसराय का नाम रोशन किया है।

### उर्वरक तय रेट से 400 रुपए अधिक बिक रहा



**नालंदा।** गेहूं की बुआई के मौसम में किसानों पर एक नया संकट मंडरा रहा है। जिले में डीएपी उर्वरक की कालाबाजारी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है, जबकि प्रशासन के दावे पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। स्थानीय कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जिले में डीएपी के 1244 टन स्टॉक मौजूद हैं, फिर भी स्थानीय व्यापारी किसानों से अनैतिक तरीके से 1700 से 1800 रुपए प्रति बैग की दर से उर्वरक बेच रहे हैं। सरकार की ओर से निर्धारित मूल्य 1350 रुपए प्रति बैग है, लेकिन व्यापारी इसकी अवहेलना कर रहे हैं। स्थानीय किसानों ने बताया कि दुकानदार पहले स्टॉक की कमी का बहाना बनाते हैं और फिर मनमाने दाम वसूलते हैं। महलपर के किसान जनार्दन पासवान का कहना है, हमें मजबूरन महंगे दामों पर डीएपी खरीदना पड़ता है। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।परिस्थितियों से निपटने के लिए कई किसान वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एसएसपी और यूरिया का उपयोग कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार ने किसानों को राहत देते हुए कहा है कि वे 06112-231143 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह स्थिति न केवल किसानों के आर्थिक बोझ को बढ़ाती है, बल्कि कृषि क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है। स्थानीय प्रशासन और व्यापारी मिलीभगत से किसानों का शोषण कर रहे हैं। जिले में उर्वरक स्टॉक की स्थिति - यूरियाः 12,084 टन- डीएपीः 1,244 टन- एमओपीः 485 टन- एनपीकेः 1,887 टन- एसएसपीः 3,568 टन स्पष्ट है कि आपूर्ति पर्याप्त है, फिर भी किसानों को अनुचित दबाव झेलना पड़ रहा है।

### महिला स्वच्छताकर्मी का अर्धनग्न मिला शव

**पूर्णिया।** में 45 वर्षीय महिला स्वच्छता कर्मी का अर्धनग्न अवस्था में शव मिला है। परिजन के अनुसार सोमवार को महिला सब्जी लाने गई थी। सब्जी लेकर घर करीब 7 बजे पहुंची। फिर से दोबारा वो अंडा लाने के लिए निकली। काफी समय होने के बाद भी वो घर नहीं लौटी। घर वालों ने खोजबीन की तो नगर पंचायत चंपानगर कार्यालय परिसर से होकर गुजर रहे लोगों की नजर पशु पशु चिकित्सालय के पशु शेड में पड़ी। जहां महिला की लाश पड़ी थी। लोगों ने अर्धनग्न लाश को कपड़ ढंका। परिजन के अनुसार महिला के साथ रेप हुआ है। जिसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है। फिर शव को ठिकाने लगा दिया गया।

## अफसर के ड्राइवर का फंदे से लटकता मिला शव

**गया।** के डेल्हा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पीछे वाली गली स्थित एक मकान में कोर्ट के किसी अफसर के निजी ड्राइवर चंदन कुमार ने पंखे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार देर शाम सामने आई, जब मकान मालिक ने खिड़की से झांककर शव को पंखे से लटकता हुआ देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। एफएसल की टीम घटनास्थल से नमूने एकत्रित करने में जुटी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र के मुताबिक चंदन कुमार का कमरा सुबह से बंद था। मकान मालिक मिथिलेश यादव ने शाम को उसका दरवाजा खटखटाया, लेकिन उधर



से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांकने पर अंदर का नजारा देख उनके होश उड़े गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डेल्हा पुलिस ने शव पंखे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

## अरेंज के बाद लव मैरिज, पति-प्रेमी दोनों ने साथ छोड़ा

**भागलपुर।** में शादी के बाद भी महिला का अफेयर खत्म नहीं हुआ। महिला ने अपने पति को धोखे में रखकर अपने प्रेमी से शादी की। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि महिला न पति की रही और न अपने प्रेमी की। अब 5 साल के बच्चे के साथ किराए के मकान में अकेले रह रही है। महिला के पास अपना गुजारा करने के लिए भी पैसे नहीं बचे। आज किराए के मकान से महिला को हटाने के लिए प्रेमी पहुंचा तो हंगामा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। दरअसल, 6 साल पहले प्रेमिका (28) का अफेयर चूड़ा कारोबारी से शुरू



हुआ था। अफेयर के एक साल बाद प्रेमिका की शादी रेलकर्मी मिथिलेश से हुई, जो मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव के रहने वाला है। शादी के बाद संतोष (प्रेमी) ने प्रेमिका को ब्लैकमेल करने लगा। अश्लील फोटो भेजने की धमकी और जहर खाकर जान देने की बात करने लगा। इसके बाद प्रेमिका उसके जाल में फंस गई। पिछले साल नवंबर में प्रेमी ने प्रेमिका को एक किराए के कमरे में बुलाया और वहीं उससे शादी कर ली। जब प्रेमिका के पति मिथिलेश को इसकी जानकारी मिली तो वह महिला से रिश्ता खत्म कर लिया।प्रेमिका के अनुसार, प्रेमी संतोष शादी के बाद उसको अपने घर नहीं ले गया था। जिस किराए के घर में उसने शादी की थी, उसी जगह रख रहा था। प्रेमिका के साथ उसने शारीरिक संबंध भी बनाया। इस साल के सितंबर तक संतोष ने किराए का पैसा भी दिया। प्रेमिका के बच्चे की स्कूल की फीस भी दी। सितंबर के बाद वो अपने घर रहने लगा। प्रेमिका को पैसे देना भी बंद कर दिया। दूसरी तरफ पहले पति रेलवे कर्मी ने महिला से संबंध तोड़ दिया था। अब महिला अपने बच्चे के साथ असहाय हो गई। किराया देने के लिए भी पैसे नहीं बचे। रिश्तेदार से पैसे मांगकर अपनी जरूरतों को पूरी कर रही है।संतोष अब अपनी प्रेमिका के साथ रहने के लिए राजी नहीं है। महिला ने मानवाधिकार की टीम से मदद मांगी। बात जब ज्यादा बढ़ गई तो टीम ने पुलिस को मामले की सूचना दी। डायल-112 की टीम आई और प्रेमी-प्रेमिका (दंपती) को तिलकामांझी पुलिस के हवाले कर दिया। महिला बार-बार अपने प्रेमी संतोष के साथ रहने की जिद कर रही है, पर संतोष तैयार नहीं हो रहा है

## समस्तीपुर में रेल विकास और विस्तार मंच का प्रदर्शन

**भोला टॉकीज और मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग, निकाला जुलूस**

**समस्तीपुर।** शहर के भोला टॉकीज और मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर रोड और ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर समस्तीपुर रेल विकास और विस्तार मंच के बैनर तले लोगों ने डीआरएम कार्यालय चौक पर मंगलवार को प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के संरक्षक शत्रुघ्न पंजी कर रहे थे। इससे पहले लोगों ने सर्वदलीय रेल विकास और विस्तार मंच का बैनर लेकर शहर में जुलूस निकाला, फिर विभिन्न मार्गों से होते हुए डीआरएम कार्यालय चौक पहुंचे। जहां लोगों ने निर्माण जल्द शुरू करने की मांग की। सभा का संचालन सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए रघुनाथ राय, रामसागर पासवान, विश्वनाथ हजारी, राम विनोद पासवान, रामबली महतो,




राजेंद्र राय, उपेंद्र राय, सोनेलाल पासवान, नीरज भरद्वाज, अरूण कुमार, मनोज कुमार आदि ने कहा कि लंबे समय से लोग शहर में फ्लाई ओवर निर्माण की मांग कर रहे हैं। सरकार का आश्वासन तो मिल रहा है, लेकिन अब तक निर्माण कार्ड शुरू नहीं हो पाया है। जिससे लोग रोज जाम में फंसते हैं। वहीं, समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ पर स्थित मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर भी रोज जाम रहता है। यहां पर घंटे लोग जाम में फंसे रहते हैं। इस रेलवे गुमटी पर लंबे समय से लोग पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। मंच के संयोजक शत्रुघ्न राय पंजी ने कहा कि 2014 में ओवर ब्रिज की स्वीकृति हुई थी। 2016-17 में बजट से योजना के लिए एक हजार रुपए आवंटन का प्रावधान भी किया गया। तब से कभी ब्रिज की लंबाई-चौड़ाई, तो कभी राज्य सरकार और रेलवे के बीच खींचतान चलता रहा। सांसद शांभवी चौधरी का ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने का वादा भी जुमला साबित हो चुका है।

हाल ही में मंत्री अशोक चौधरी का ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने का वादा भी जुमला साबित हो चुका है। वक्ताओं ने कहा कि आगामी 12 दिसंबर को मुक्तापुर रेलवे गुमटी पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## बीच सड़क दंपती के बीच मारपीट, थाने पहुंचा मामला

**नालंदा।** के इस्लामपुर थाना क्षेत्र में एक दंपती के बीच सार्वजनिक स्थल पर विवाद हो गया। माल बिगहा के निवासी धर्मवीर कुमार और उनकी पत्नी रश्मि देवी के बीच महिला थाना के पास सड़क पर ही भिड़ंत हुई, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। 7 वर्ष पुरानी शादीशुदा जीवन में दंपती ने एक-दूसरे पर अवैध संबंधों का आरोप लगाया। रश्मि देवी ने आरोप लगाया कि उनके पति घरेलू खर्च को लेकर उन्हें लगातार मारपीट करते हैं। एक महिला के साथ अवैध संबंध रखते हैं। वहीं, धर्मवीर कुमार ने भी पलटवार करते हुए अपनी पत्नी पर गांव के एक युवक के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया। घटना उस समय और विकराल हो गई जब महिला थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंची



और उसके पति ने भी उसका पीछा किया। सड़क पर ही दोनों के बीच मारपीट और गाली-गलौज होने लगा। स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने काफी प्रयास किया कि दोनों को शांत किया जा सके, लेकिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा था। बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि दंपती को समझाकर-बुझाकर घर भेज दिया गया है।

## 12 साल की लड़की हुई गर्भवती जीजा ने किया रेप

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में 12 साल की लड़की गर्भवती हो गई। उसके पेट में दर्द हुआ तो परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद पता चला कि उसके गर्भ में 2 महीने का बच्चा है। जिसके बाद जब बेटी से इस बारे में पूछा गया तो लड़की ने अपने जीजा द्वारा गर्भवती होने की बात बताई। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक मामला एक गांव के ईंट भट्ठे का है। जहां बिहार के शेखपुरा से एक परिवार एक महीने पहले कमाने-खाने आया था। परिवार यहीं रहकर काम कर रहा है। यहां परिवार में महिला, उसका पति, 5 बेटे और बेटियां हैं। इनकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। 2 महीने पहले यह परिवार बिहार में ही था। एक दिन माता-पिता धान काटने के लिए खेतों में गए हुए थे। उस दौरान घर पर सिर्फ 12 साल की बेटी अकेली थी। तभी जीजा घर में आया और अपनी साली के साथ संबंध बनाए। लड़की ने भी अपने परिवार को इस बारे में नहीं बताया। अब परिवार



पानीपत आ गया है। गर्भपात कराने सरकारी अस्पताल पहुंची मां दो दिन पहले बच्ची के पेट में दर्द हुआ। उसकी मां उसे नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई। जहां उसके मल की जांच की गई। जिसमें पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद उसे शहर के सिविल अस्पताल भेजा गया। यहां मां ने डॉक्टरों से गर्भपात कराने की गुहार लगाई। पुलिस से बोली मां - दामाद पर नहीं करना कार्रवाई, बड़ी बेटी का घर उजड़ जाएगा मामले की जानकारी पुलिस को अस्पताल की ओर से दी गई। पुलिस जब अस्पताल पहुंची तो मां ने उन्हें कहा कि वह दामाद पर कोई कार्रवाई नहीं करवाना चाहती है। क्योंकि इससे उसकी बड़ी बेटी का भी घर उजड़ जाएगा।

## सी.एच.ओ परीक्षा में माफिया ने जारी की थी गाइडलाइन

**पुलिस के आने पर क्वेश्चन 3 और जाने पर 6 पर क्लिक करना था, वॉशरूम जाने पर थी मनाही**

**पटना।** में हो रहे राज्य स्वास्थ्य समिति की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 4500 पदों पर बहाली की परीक्षा को रद्द कर दिया गया। प्रश्नपत्र लीक होने के पुख्ता सबूत मिलने के बाद यह फैसला लिया गया है। एडव की जांच में यह खुलासा हुआ है कि माफियाओं ने अभ्यर्थियों के लिए बकायदा गाइडलाइन जारी की थी। गाइडलाइन के मुताबिक पुलिस या कोई चेकिंग करने आने वाले पर प्रश्नपत्र 3 पर क्लिक करना था, जबकि उसके जाने के बाद क्वेश्चन नंबर पर 6 पर क्लिक कर देना था। सी.एच.ओ के 4,500 पदों के लिए देशभर से करीब 25 हजार अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा था। ऑनलाइन एग्जाम कराने की जिम्मेदारी पुणे की वी-शाइन कंपनी को दी गई थी। माफियाओं ने वी-शाइन के बिहार के प्रतिनिधियों से मिलकर सभी 25 हजार अभ्यर्थियों का डाटा हासिल कर लिया था। इसके बाद फोन



कर इन अभ्यर्थियों से माफियाओं ने सेटिंग की थी। पटना के जिन 12 सेंटरों पर परीक्षा थी उनमें से अधिकतर का ऑडिट ही नहीं किया गया था। नियम यह है कि परीक्षा से करीब 10 दिन पहले कंपनी का प्रतिनिधि ऑनलाइन सेंटर का ऑडिट करेगा। कुछ को परीक्षा से एक या दो दिन पहले मेल कर सूचना दी गई है। माफियाओं ने बड़े स्तर पर धांधली की साजिश रची थी। सेट अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल गाइडलाइन भी जारी किया गया था। EOU की जांच में यह बात सामने आई है कि इस परीक्षा के लिए सभी सेट अभ्यर्थियों से 5-5 लाख रुपए में डील हुई थी। टोकन मनी के रूप में सभी अभ्यर्थियों से 25 से 50 हजार रुपए लिए गए थे। बाकी के पैसे परीक्षा देने के बाद देने थे। वहीं सेंटर सेट करने के लिए इस परीक्षा को करा रही कंपनी वी शाइन टेक प्राइवेट लिमिटेड से 8 लाख में डील हुई थी। इस परीक्षा में लगभग 60 प्रतिशत सीट (2700) सेट किया गया था।



इस पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड रविभूषण अब भी फरार है। EOU ने मामला भी दर्ज किया है। EOU और पुलिस की पटना के अलावा नालंदा, दिल्ली, वैशाली, मुजफ्फरपुर सहित कई जगह छापेमारी जारी है। रवि भूषण, अतुल वत्स, आदित्य, प्रतीक, अतुल और आशुतोष सहित एक दर्जन माफियाओं की तलाश है। रविभूषण का पैसा पटना में 6 से अधिक ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों में लगा हुआ है। अतुल वत्स दीघा के परीक्षा केंद्र का पार्टनर है। रवि 1 दिसंबर की रात को ही पटना से फरार हो गया। रवि भूषण मंगलवार की शाम तक बिहार में ही अपना ठिकाना बदलता रहा। टीम को मंगलवार को रविभूषण का लोकेशन मिला। टीम के लोकेशन पर पहुंचने के पहले ही रविभूषण वहां से फरार हो गया। रविभूषण का अंतिम लोकेशन नेपाल में पता चला है। EOU ने नेपाल पुलिस से संपर्क किया है। ठिकाने बदलने के लिए महंगी गाड़ियों का इस्तेमाल विभूषण, सिपाही बहाली, अमीन बहाली जैसे एग्जाम का पेपर लीक कराकर काली कमाई कर चुका है। बताया जाता है कि रवि एक ठिकाने से दूसरे ठिकाने पर जाने के लिए गाड़ी बदल देता था। ताकि पुलिस या एडव को उसकी भनक ना लगे। बिहार से निकलते समय रवि भूषण सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सवार था। कई अहम सुराग मिले EOU मंगलवार देर शाम तक पटना के 4 परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी करती रही। इस दौरान कई जानकारियां एडव को मिली हैं। माफिया और अभ्यर्थियों के बीच बातचीत की जानकारी भी टीम को मिली है। माफियाओं ने सब कुछ एक प्लान के तहत अभ्यर्थियों को बता दिया था। सारे निर्देश दे दिए गए थे। ताकि पूरे प्रकरण की भनक किसी को ना लगे। वहीं EOU सेंटर्स के सर्वर से लेकर सभी संदिग्ध कंप्यूटर की जांच के लिए अपने ऑफिस ले आई है।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 17 करोड़ पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष में सात से दस प्रतिशत बढ़कर 16.4 से 17 करोड़ तक रहने का अनुमान है। इसी अवधि में विमानन उद्योग का घाटा 2,000-3,000 करोड़ रुपये रहने के आसार है। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा के अनुसार, 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.93 करोड़ रही थी। हालांकि यह भीषण गर्मी और अन्य मौसम संबंधी व्यवधानों से आंशिक रूप से प्रभावित हुई।

- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जारी की चालू वित्त वर्ष के लिए रिपोर्ट
- विमानन उद्योग का घाटा 2,000-3,000 करोड़ रुपए रहने के आसार

### 20 से 30 अरब रुपए शुध्द घाटे का अनुमान

घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि के बीच इक्रा ने भारतीय विमानन उद्योग पर परिदृश्य को 'स्थिर' बरकरार रखा है। इक्रा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख किंजल शाह ने कहा कि उद्योग को वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में 20-30 अरब रुपये का शुद्ध घाटा होने का अनुमान है।



### पहली छमाही में 16.2 फीसदी यात्री बढ़े

भारतीय विमानन कम्पनियों के अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 16.2 प्रतिशत बढ़ी। रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या वार्षिक आधार पर सात से दस प्रतिशत बढ़कर 16.4 से 17 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

### एटीएफ की कीमत डॉलर पर निर्भर

यह विमानन कंपिनयों की बेहतर मूल्य निर्धारण शक्ति के समर्थन से अतीत में हुए घाटे की तुलना में काफी कम है। विमानन कंपनियों की लागत संरचना आमतौर पर दो प्रमुख घटकों विमान ईंधन या एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों और रुपया/डॉलर की दरों पर निर्भर करती है।

### लागत का 40 फीसदी हिस्सा ईंधन पर खर्च

इक्रा ने कहा कि सालाना आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में एटीएफ की औसत कीमत 6.8 प्रतिशत घटकर 96,192 रुपये प्रति किलोलीटर हो गईं। यह कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले की तुलना के 65,261 रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर से अधिक है। विमानन कंपनी की लागत का करीब 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा ईंधन लागत, जबकि करीब 35-50 प्रतिशत हिस्सा परिचालन व्यय का होता है।

## खबर संक्षेप



### हुंडई का अनुसंधान के लिए आईआईटी से समझौता

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर ग्रुप ने बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में अनुसंधान को गति देने के लिए तीन आईआईटी संस्थानों के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि इसमें पांच वर्षों में 70 लाख डॉलर का निवेश होने का अनुमान है। वाहन समेत कई क्षेत्रों में मौजूदगी रखने वाले दक्षिण कोरियाई समूह ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी मद्रास के साथ गठजोड़ किया है।

### अप्रिलया की आरएस 457 बाइक जनवरी से होगी महंगी



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी पियाजियो व्हीकल्स अपनी स्पोर्ट्स बाइक अप्रिलिया आरएस 457 की कीमत जनवरी से 10,000 रुपये तक बढ़ाएगी। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इटली की वाहन विनिर्माता कंपनी अप्रिलिया का स्वामित्व पियाजियो समूह के पास है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह मूल्य वृद्धि अप्रिलिया आरएस 457 के लिए उपलब्ध सभी तीन रंगों पर लागू होगी। इसमें कहा गया है कि पूरे भारत में मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत में 10,000 रुपये की बढ़ोतरी की योजना बनाई गई है। साल 2025 में अप्रिलिया आर 457 की कीमत 4.2 लाख रुपये (महाराष्ट्र शोरूम) होगी।

### रुपया निचले स्तर से उबरा डॉलर तीन पैसे मजबूत



**मुंबई,।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को सीमित दायरे में कारोबार के बाद रुपया अपने अबतक के निचले स्तर से उबरा और अंत में तीन पैसे की बढ़त के साथ 84.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में गिरावट की मुख्य वजह डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स मुद्रा को लेकर दी गई चेतावनी, यूरो क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू समष्टि आर्थिक संकेतक और निरंतर विदेशी पूंजी की निकासी रही।

### स्विगी का घाटा कम होकर 625.53 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** खानपान एवं किराना के सामान की आपूर्ति करने वाली कंपनी स्विगी का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत घाटा कम होकर 625.53 करोड़ रुपये रह गया। स्विगी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का घाटा 657 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने पहली बार शेयर बाजारों को अपने तिमाही नतीजों की जानकारी दी है।

### टाटा पावर ने मप्र में सौर परियोजना की शुरू




**नई दिल्ली।** टाटा पावर की इकाई टाटा पावर रिन्यूएबल्स एनर्जी ने मध्य प्रदेश के नीमच में 431 मेगावाट डीसी सौर परियोजना चालू करने की मंगलवार को घोषणा की। टाटा पावर ने बयान में कहा, 1,635.63 एकड़ में फैली इस परियोजना में सिंगल-एक्सिस ट्रैकर्स और बाई-फेशियल मॉड्यूल का अनूठा संयोजन है। इससे भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए एक नया मानक स्थापित होगा।

### चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम की घोषणा की

# चीन का अमेरिका पर पलटवार, गैलियम समेत अन्य सामग्री के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

बीजिंग

चीन ने मंगलवार को अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और संभावित सैन्य उपयोग वाली अन्य प्रमुख उच्च-प्रौद्योगिकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम की घोषणा अमेरिका द्वारा कंप्यूटर चिप बनाने वाले उपकरण, सॉफ्टवेयर और उच्च बैंडविड्थ मेमोरी चिप के निर्यात पर नियंत्रण के अधीन चीनी कंपनियों की अपनी सूची का विस्तार करने के बाद की। इन चिप का इस्तेमाल उन्नत अनुप्रयोगों के लिए होता है।

### अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति दे रहे चेतावनी

व्यापार प्रतिबंधों को ऐसे समय में बढ़ाया जा रहा है, जब नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन और अन्य देशों से आयात पर शुल्क में भारी वृद्धि करने की चेतावनी दे रहे हैं। इससे व्यापार और प्रौद्योगिकी पर बढ़ते तनाव के और बढ़ने की संभावना है। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

**खास बातें**

- जर्मेनियम, एंटीमनी व सैन्य उपयोग की सामग्रियों पर प्रतिबंध
- अमेरिका ने कंप्यूटर चिप बनाने वाले उपकरण सॉफ्टवेयर पर लगाया प्रतिबंध
- ट्रंप ने अन्य देशों से आयात पर शुल्क में भारी वृद्धि की चेतावनी दी है



### अमेरिका के खिलाफ चीन का कड़ा विरोध दर्ज

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, "चीन ने सेमीकंडक्टर निर्यात नियंत्रण उपायों को अद्यतन करने, चीनी कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने और चीन की प्रौद्योगिकी प्रगति के दुर्भावनापूर्ण दमन के लिए अमेरिका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।"

### अमेरिका की कंपनी सूची में 140 चीन की कंपनियां

*चीन ने पहले निर्यातकों को गैलियम जैसी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सामग्री को अमेरिका भेजने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन करने की आवश्यकता बताई थी। अमेरिका की तथाकथित 'कंपनी सूची' में हाल ही में शामिल की गई लगभग सभी 140 कंपनियां चीन में स्थित हैं।*

### चीनी कंपनियों के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंध

*लिन ने कहा, " चीन अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने, निर्यात नियंत्रण उपायों के दुरुपयोग, तथा चीनी कंपनियों के खिलाफ अवैध एकतरफा प्रतिबंधों और लंबे समय तक अधिकार क्षेत्र लगाने का दृढ़ता से विरोध करता है।" चीन में मिलने वाले खनिजों का इस्तेमाल कंप्यूटर चिप, कारों और अन्य उत्पादों में किया जाता है।*

### ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त नियंत्रण लगेगा

*चीन ने जुलाई, 2023 में कहा था कि उसे निर्यातकों को गैलियम और जर्मेनियम जैसी सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सामग्री अमेरिका भेजने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। अगस्त में, चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वह एंटीमनी के निर्यात को प्रतिबंधित करेगा और ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त नियंत्रण लगाएगा।*

### एंटीमनी का उपयोग बैटरी से लेकर हथियारों तक

*एंटीमनी का इस्तेमाल बैटरी से लेकर हथियारों तक कई तरह के उत्पादों में किया जाता है। ऐसे खनिजों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। साल 2021 के अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, चीन एंटीमनी का एक प्रमुख उत्पादक है, जिसका उपयोग अग्निरोधी, बैटरी, अंधेरे में देखने में सक्षम बनाने वाले चश्मे और परमाणु हथियार बनाने में किया जाता है।*

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी कायम

### सेंसेक्स 597 अंक उछला

मुंबई



मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी आने से शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी बनी रही। इस दौरान सेंसेक्स 597 अंक और निफ्टी 181 अंक चढ़कर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 597.67 अंक उछलकर 80,845.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 701.02 अंक बढ़कर 80,949.10 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 181.10 अंक बढ़कर 24,457.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में करीब छह प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, आईटीसी, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सकारात्मक वैश्विक धारणा के बीच घरेलू सूचकांकों ने मजबूती का रुख कायम रखा। निवेशक अब संभावित वृद्धि कारकों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

- एचडीएफसी बैंक व रिलायंस में रही खरीदारी

### अदाणी पोर्ट्स का शेयर छह फीसदी चढ़ा

अदाणी समूह की सात कंपनियों के शेयर मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें अदाणी पोर्ट्स के शेयर में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में रही। बीएसई में अदाणी पोर्ट्स का शेयर 6.02 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 5.15 प्रतिशत, एसीसी 2.56 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज 2.33 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज 2.09 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 1.19 प्रतिशत और एनडीटीवी का शेयर 0.45 प्रतिशत चढ़ा।

# सोना 200 रुपए टूटा चांदी 2400 रुपए उछली

नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन नरमी जारी रही और यह 200 रुपये टूटकर 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, चांदी की कीमत 2,400 रुपये के उछाल के साथ 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी बाजार में तेजी का रुख, मुख्य रूप से औद्योगिक मांग के कारण है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। सोमवार को यह 78,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स (जिंस बाजार) सोना वायदा 7.40 डॉलर प्रति औंस या 0.28 प्रतिशत बढ़कर 2,665.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के विश्लेषक (जिंस शोध) मानव मोदी ने कहा, ''पिछले सत्र में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई, जो कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ब्रिक्स देशों पर भारी शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद डॉलर में मजबूती के बाद आई।''

- सोना 200 रुपए टूटकर 79,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा

### विनिर्माण पीएमआई के कारण डॉलर मजबूत

एबन्स होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता के अनुसार, उम्मीद से बेहतर अमेरिकी विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों के कारण अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिली, जिससे सोने की कीमतें लगभग स्थिर रहीं। एशियाई बाजार में चांदी 1.93 प्रतिशत बढ़कर 31.46 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

### टॉरेंट पावर योग्य संस्थागत नियोजन से पूंजी जुटाएगी

**नई दिल्ली।** टॉरेंट समूह की कंपनी टॉरेंट पावर ने पात्र संस्थागत नियोजन के जरिये पूंजी जुटाने को लेकर निर्गम के खुलने की घोषणा की। कंपनी यह निर्गम 1,555.75 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर जारी करेगी। यह क्यूआईपी (पात्र संस्थागत नियोजन) एक या अधिक चरणों में 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की कंपनी की योजना का हिस्सा है। कंपनी ने न तो जारी किए जाने वाले शेयरों की संख्या और न ही कुल निर्गम आकार का खुलासा किया। हालांकि, ऐसा अनुमान है कि निर्गम का आकार 3,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये के बीच रह सकता है। टॉरेंट पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की कोष जुटाने वाली समिति ने दो दिसंबर को हुई अपनी बैठक में आज निर्गम खोलने को अधिकृत करने पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

### भारत के बढ़ते कद की ओर करता है इशारा

# देश में बीते वित्त वर्ष लगभग 92,000 पेटेंट आवेदन जमा

नई दिल्ली

देश में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान लगभग 92,000 पेटेंट आवेदन जमा किए गए। यह प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक विकास के केंद्र के रूप में भारत की बढ़ते कद को बताता है। पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक (सीजीपीडीटीएम) उन्नत पंडित ने मंगलवार को कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) दिशानिर्देशों को नया रूप दिया जा रहा है और नए मानदंडों के लिए विभिन्न पक्षों से जानकारियां मांगी जा रही हैं। पंडित ने यहां उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा, "पिछले वित्त वर्ष में करीब 92,000 पेटेंट आवेदन दायर किए गए। इसका मतलब है कि हर छह मिनट में एक नई प्रौद्योगिकी भारत में बौद्धिक संपदा संरक्षण की मांग कर रही है।" उन्होंने कहा, "हम बौद्धिक संपदा दिशा-निर्देशों में सुधार कर रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में आईपी के संरक्षण के लिए बनाए गए थे। यह प्रक्रिया जारी है, ऐसे दिशा-निर्देशों के प्रभाव को और मजबूत बनाने के लिए उद्योग मंडलों और आईपी हितधारकों द्वारा भी योगदान दिया जा सकता है।"




### भारत के पेटेंट कार्यालय की दक्षता को करता है रेखांकित

पंडित ने कहा, "हम कुशल आईपी आवेदन दाखिल प्रक्रिया की दिशा में काम कर रहे हैं। स्वीकृत पेटेंट में यह तीव्र वृद्धि आवेदनों को संसाधित करने और आईपी अधिकार प्रदान करने में भारत के पेटेंट कार्यालय की दक्षता को रेखांकित करती है।




### आरबीआई ने जैवरॉन फाइनेंस का पंजीकरण किया रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण प्रक्रियाओं के कारण नागपुर स्थित जैवरॉन फाइनेंस का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि जैवरॉन फाइनेंस ने अपने डिजिटल ऋण परिचालन में वित्तीय सेवाओं की 'आउटसोर्सिंग'' में रिजर्व बैंक के आचार संहिता के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है। इसमें कर्ज मूल्यांकन, ऋण वितरण, ब्याज दर तय करने के साथ-साथ केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) सत्यापन प्रक्रिया जैसे अपने मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को 'आउटसोर्स'' किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि कंपनी न केवल ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) पर उनकी क्षमता, सुरक्षा और आंतरिक नियंत्रण, अंतिम लाभकारी मालिकों, राष्ट्रीयता एवं शेयरधारिता प्रतिरूप का आकलन करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाने में विफल रही।

# आईआईटी खड़गपुर के 11 छात्रों को 1 करोड़ का पैकेज

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्रों को 2024-25 'प्लेसमेंट'' सत्र के पहले दो दिन में 800 से अधिक नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। संस्थान में 'प्लेसमेंट'' सत्र रविवार को शुरू हुआ। दिए गए अधिकांश प्रस्ताव सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, वित्त, बैंकिंग, परामर्श और मुख्य इंजीनियरिंग क्षेत्रों में थे। सोमवार शाम छह बजे तक छात्रों को 13 अंतरराष्ट्रीय 'ऑफर'' भी मिले हैं। 11 छात्रों को एक करोड़ रुपये (सालाना) से अधिक का पैकेज मिला है, जबकि अबतक का सबसे अधिक पैकेज 2.14 करोड़ रुपये का मिला है। एप्पल, कैपिटल वन, डीई शॉ, ग्लीन, गूगल, ग्रेविटन, माइक्रोसॉफ्ट, ऑप्टिवर, क्वांटबॉक्स, डेटाब्रिक्स, स्क्वायरपॉइंट कैपिटल, एबुलिएंट सिक्योरिटीज कुछ ऐसी कंपनियां थीं जिन्होंने पहले दिन 'प्लेसमेंट'' सत्र में भाग लिया।



### लग्जरी आइटम्स में हो सकते हैं शामिल

# महंगे रेडीमेड कपड़ों पर लग सकता है 28 फीसदी जीएसटी

नई दिल्ली

शादियों के सीजन में केंद्र सरकार की ओर से झटका मिल सकता है, दरअसल 21 दिसंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक है और इसमें ब्रांडेड कपड़े पर लगने वाले जीएसटी को बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में अगर आपकी शादी दिसंबर महीने के बाद है और आपने अभी शादी के लिए कपड़े नहीं खरीदे हैं तो इनके महंगे होने की संभावना है। फिलहाल रेडीमेड कपड़ों पर चार स्लैब में अलग-अलग जीएसटी वसूला जाता है, जिसमें 5 से 28 फीसदी तक टैक्स है। वहीं 21 दिसंबर को होने वाली बैठक के बाद मंत्री समूह ब्रांडेड रेडीमेड कपड़ों पर टैक्स कलेक्शन बढ़ा सकता है।

- जीएसटी काउंसिल की 21 दिसंबर को बैठक प्रस्तावित है

### रेडीमेड कपड़ों पर है ये स्लैब

वैसे तो जीएसटी के केंद्र सरकार ने 4 स्लैब बनाए हुए हैं, लेकिन रेडीमेड कपड़ों पर तीन स्लैब में जीएसटी लगता है। 1,500 रुपए तक के कपड़ों पर 5 प्रतिशत जीएसटी, 1,500-10,000 रुपए तक के कपड़ों पर 18 प्रतिशत जीएसटी और 10,000 से अधिक के कपड़ों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लिया जाता है।



### रेडीमेड कपड़ों पर लग सकता है टैक्स

अभी रेडीमेड कपड़ों पर तीन स्लैब में जीएसटी लगता है, इसको लेकर 21 दिसंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक में बड़ा फैसला हो सकता है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में मंत्री समूह रेडीमेड कपड़ों पर टैक्स स्लैब को बढ़ा सकता है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में 5 फीसदी के टैक्स स्लैब को हटाया जा सकता है। ऐसे में रेडीमेड कपड़ों पर 21 दिसंबर के बाद 18 फीसदी और 28 फीसदी जीएसटी टैक्स चुकाना पड़ सकता है।

### ब्रांडेड कपड़ों पर 28 फीसदी जीएसटी संभव

*फिलहाल सरकार कपड़ों की प्राइस के हिसाब से तीन स्लैब में कपड़ों पर जीएसटी वसूलती है, लेकिन 21 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार ब्रांडेड कपड़ों को 28 फीसदी के स्लैब में डाल सकती है, जिसके बाद ब्रांडेड कपड़े पहले के मुकाबले और ज्यादा महंगे हो जाएगे।*

### 148 वस्तु हो सकती हैं महंगी

*मंत्री समूह जीएसटी काउंसिल को 148 वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव का प्रस्ताव देगा और इस पर जीएसटी काउंसिल अंतिम फैसला करेगी। मंत्री समूह की रिपोर्ट पर 21 दिसंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक होगी। काउंसिल की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी और इसमें राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे।*

# ट्रेडमार्क विवाद समाधान के लिए इंडिगो से चर्चा जारी

नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मंगलवार को कहा कि वह अपने नए इलेक्ट्रिक मॉडल के नाम में '6ई' के इस्तेमाल से उत्पन्न ट्रेडमार्क विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए इंडिगो एयरलाइन के साथ चर्चा कर रही है। महिंद्रा ने हाल ही में दो इलेक्ट्रिक वाहन- बीई 6ई और एक्सईवी 9ई को पेश किया है। लेकिन इंडिगो एयरलाइन का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का कहना है कि यह एयरलाइन के डिजाइनर कोड 6ई का उल्लंघन करता है। हालांकि महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि उसका ट्रेडमार्क 'बीई 6ई' इंडिगो के '6ई' से अलग है जिससे ग्राहकों के मन में किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहती है।

- महिंद्रा के इलेक्ट्रिक मॉडल के नाम से 6ई के इस्तेमाल से बढ़ा विवाद




### ट्रेडमार्क पंजीकरण का दिया आवेदन

हालांकि महिंद्रा ने दावा किया कि उसने अपने इलेक्ट्रिक एसयूवी 'बीई 6ई' के लिए ट्रेडमार्क पंजीकरण का आवेदन किया है जो कि इंडिगो के 6ई से मौलिक रूप से अलग है जिससे भ्रम की कोई भी संभावना नहीं रहती है। इस पर इंडिगो की तरफ से फिलहाल

# आईसीसी रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को बड़ा नुकसान, बुमराह की बादशाहत कायम

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को नुकसान हुआ है। जबकि जसप्रीत बुमराह की बादशाहत कायम है। दरअसल, पिछले हफ्ते के अपडेट में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले टेस्ट के अलावा न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट को भई शामिल किया गया है।

वहीं टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो, इंग्लैंड के जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं जबकि इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन तीसरे स्थान पर हैं तो भारत के यशस्वी जायसवाल दो स्थान के नुकसान के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। श्रीलंका के कमिंडू मेंडिस दो स्थान के फायदे से अब सातवें नंबर पर हैं तो साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 14 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली टॉप 10 से बाहर हो गए हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ और वह अब 14वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के धनंजय डी सिल्वा एक स्थान के फायदे से 15वें तो दिनेश चंडीमल दो स्थान के फायदे से 17वें पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के ओली पोप आठ स्थान के फायदे से 32वें नंबर पर तो बेन स्टोक्स सात स्थान के फायदे से 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

हालांकि, टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पहले और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा उनके बाद दूसरे स्थान पर कायम हैं। श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थआन के नुकसान से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं डरबन टेस्ट में 11 विकेट अपने नाम करने वाले दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन 19 स्थान के जबरदस्त फायदे से सीधे 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




# सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर बनी एसटीएफ इंडिया फाउंडेशन की डायरेक्टर




**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का फाउंडेशन (एसटीएफ इंडिया) मुख्य रूप से गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल से जोड़ने का काम करता है की कमान अब उनकी बेटी सारा तेंदुलकर संभालेंगी। सचिन ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी बेटी सारा अब इस फाउंडेशन में डायरेक्टर के पद पर काम करेंगी।

तेंदुलकर ने अपने पोस्ट में कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया में डायरेक्टर के तौर पर शामिल हो गई हैं। अब सारा भारत में खेल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल रही हैं।

सचिन ने यह भी साझा किया कि सारा तेंदुलकर ने फाउंडेशन के कार्यों में अपनी भागीदारी शुरू कर दी है और उन्होंने कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिनमें सारा बच्चों के साथ समय बिताती हुई नजर आ रही हैं। तस्वीरों में सारा बच्चों के साथ बैठी हुई मस्ती करती दिखाई दे रही हैं, जो यह दर्शाती है कि वह न केवल एक नेतृत्वकर्ता के रूप में, बल्कि एक प्रेरणादायक और सहयोगात्मक भूमिका में भी सक्रिय हैं।

सचिन की इस फाउंडेशन का उद्देश्य भारत के गरीब बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और खेल के माध्यम से एक बेहतर भविष्य देना है। इस फाउंडेशन के को-फाउंडर और डायरेक्टर सचिन और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर हैं। अब सारा के इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने से फाउंडेशन के कार्यों को और गति मिलेगी और यह उम्मीद जताई जा रही है कि वह अपने पिता के दृष्टिकोण और मिशन को और आगे बढ़ाएंगी।

# सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ अनुभव अच्छा रहा : रानी

**रोहतक (एजेंसी)।** पिछले महीने माह ही हॉकी को अलविदा भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल आजकल जूनियर महिला टीम की कोच के तौर पर काम कर रही हैं। इसी को लेकर रानी ने कहा, ''सब जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करने का मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैंने इससे काफी कुछ सीखा। वे युवा लड़कियां थीं जो मेरे जैसी ही पृष्ठभूमि से आती हैं। उनकी परेशानियों को समझना और उनका मार्गदर्शन करना आसान था।'' उन्होंने कोच के तौर पर अपने अनुभव के बारे में कहा, ''मैंने उनसे कहा कि अगर मैं सफल हो सकती हूं तो आप भी हो सकती हो। उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है और मैंने उनके साथ अपने अनुभव साझा करके उन्हें वह मार्गदर्शन देने का प्रयास किया है।'' वह आगामी हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब के लिए मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में भी काम करेंगी। इसमें पहली बार महिलाओं का टूर्नामेंट भी होगा। रानी ने साल 2008 में 14 साल की उम्र में ओलंपिक क्वालीफायर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया था। इसलिए उन्हें पता है कि एक युवा खिलाड़ी किस तरहके दबाव का अनुभव करता है। उन्होंने कहा,''मैं सूरमा क्लब की मेंटर बनने जा रही हूं इसलिए मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उस भूमिका को निभाने का प्रयास करुंगी। युवा खिलाड़ियों पर मानसिक और भावनात्मक रूप से प्रदर्शन करने का बहुत दबाव होता है। में इसमें उनकी मदद करना चाहूंगी। वहीं सीनियार हॉकी टीम को इस पूर्व कप्तान कहा है कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर भारतीय टीम ने एक प्रकार से 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारी शुरु कर दी है। इससे पता चलता है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। रानी ने कहा, ''एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत हमारी महिला हॉकी टीम को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। यह अच्छी शुरुआत है। इससे तय है कि कोच हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।''



# भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगाा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है।' भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।



## टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकौर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया:** ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।


# बुमराह का सामना करने तैयार हैं : कैरी

एडीलेड। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कैरी ने कहा कि गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दिन-रात के इस मैच में बुमराह सहित अन्य भारतीय गेंदबाजों का सामना सामना करने वह बेहतर रणनीत के साथ उतरेंगे। बुमराह ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर मेजबान टीम की बल्लेबाजों को ढ़हा दिया था। कैरी ने कहा,'' बुमराह निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है पर हमारे बल्लेबाज भी किसी भी आक्रामण का जवाब देने का तरीका खोज ही लेते हैं।'' उन्होंने कहा,''हमने उसकी गेंदबाजी का आंकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने उसे जवाब दिया था।'' उन्होंने कहा,''हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका खोज लेंगे। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरी थी और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।'' वहीं जोश हेज़लवुड के बल्लेबाजों को लेकर दिये बयान के बाद जहां टीम में दरार की बात की जा रही है वहीं कैरी ने इससे साफ इंकार करते हुए कहा कि ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का कोई तनाव नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी बल्लेबाज बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनका लक्ष्य शतक लगाना रहता है।



# यशस्वी जायसवाल वहीं खड़ा है जहां मैं 10 साल पहले था : केएल राहुल

एडीलेड। लोकेश राहुल को 22 वर्षीय यशस्वी जायसवाल में अपनी झलक दिखती है जो अपने पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उसी स्थिति में नजर आ रहे हैं जैसे वह 10 वर्ष पूर्व अपनी शुरुआती ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे। राहुल ने 2014-15 की श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और तीन तथा एक रन की पारी खेली थी। उन्होंने हालांकि अगले ही मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में जोरदार वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाकर सभी का ध्यान खींचा था। सिडनी में दूसरी पारी में राहुल नर्वस दिखे थे जहां उन्होंने मुरली विजय के साथ एक घंटा बल्लेबाजी करते हुए 16 रन बनाए थे। राहुल जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी। राहुल और जायसवाल ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पारी का आगाज करते हुए 201 रन की साझेदारी की थी जो भारतीय रिकॉर्ड है। जायसवाल ने पर्थ में शतक जड़ा था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे। जायसवाल के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, 'मैंने उसमें खुद को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी का आगाज कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं और आपके दिमाग में बहुत कुछ चलता रहता है और इसलिए आप बस इतना कर सकते हैं कि चीजों को धीमा करने की कोशिश करें, कुछ गहरी सांसें लेने की कोशिश करें।'



# वेस्टइंडीज में 15 साल बाद टेस्ट जीती बंगलादेश, यह क्रिकेटर बना हीरो

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** तैजुल इस्लाम (5 विकेट), नाहिद राणा (5 विकेट) और जाकेर अली (91) रनों की शानदार पारी के दम पर बंगलादेश की टेस्ट टीम ने इतिहास रचते हुए 15 साल बाद वेस्टइंडीज को उसी के घर में दूसरे टेस्ट मैच में 101 रनों से शिकस्त दी है। इसी के साथ बंगलादेश ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। टेस्ट में यह तीसरा बार है जब बंगलादेश ने वेस्टइंडीज को उसी के घर में हराया है। इससे पहले उसने 2009 में किंग्स्टन में 97 रनों तथा सेंट जॉर्ज में 4 विकेट से हराया था। बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकिर अली ने (91) की महत्वपूर्ण पारी की बदौलत वेस्टइंडीज के सामने 287 रन का लक्ष्य रखा।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की ओर से केवल कावेम हॉज (55) और कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (43) संघर्षपूर्ण पारी खेली। जस्टिन ग्रीव्स (20), केसी कार्टी (14) और जॉशुआ डासिल्वा (12) रन बनाए। बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के 6 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम 50 ओवर में 185 रनों पर समेट कर 101 रनों से मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। हसन महमूद और तसकीन अहमद को 2-2 विकेट मिले। नाहिद राणा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। तैजुल इस्लाम को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया%।

तैजुल इस्लाम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एक विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट झटकते हुए कुल 6 विकेट लिए। इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन ही बना सकी थी। बंगलादेश के लिए पहली पारी में शादमान इस्लाम (64) शहादत हुसैन दीपू (22), कप्तान मेहदी हसन मिराज (36), महमूदुल हसन जॉय (3), लिटन दास (एक) और जेकर अली (एक) रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज की ओर जेडेन सील्स ने 4 और शमार जोसेफ ने 3 विकेट लिए। केमार रोच को 2 विकेट मिले।

अल्जारी जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को नाहिद राणा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने 65 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए क्रेग ब्रैथवेट (39), केसी कार्टी (40), मिकाइल लुईस (12) रनों की पारी खेली। 8 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश की ओर से नाहिद राणा ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को 2 विकेट मिले। तसकीन अहमद, तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

बंगलादेश ने दूसरी पारी में जाकेर अली (91),शादमान इस्लाम (46), कप्तान मेहदी हसन मिराज (42), शहादत हुसैन (28), लिटन कुमार दास (25) और तैजुल इस्लाम (14) के योगदान से 268 रन बनाये और पहली पारी में मिली बढ़त के साथ वेस्टइंडीज को 287 रन का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और केमार रोच ने तीन-तीन विकेट लिए। शमार जोसेफ ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। जेडेन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला था।



# अल-साद ने अल-नासर को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के प्लेऑफ में प्रवेश किया

दोहा। कतर के क्लब अल-साद ने सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में प्रवेश किया। ये जीत अल-साद के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मैच में उसके स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डों शामिल नहीं थे। रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया गया था। अल-साद ने हाफ टाइम के 8 मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल की। वहीं खेल समाप्त होने के कुछ मिनट पहले ही अल-नासर के रोमेन सैस ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अल-साद टीम को इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसपर के एडम ओनास ने गोल कर उसकी बढ़त 2-1 कर दी। इस जीत से उत्साहित अल-साद के कोच फेलिक्स सांचेज़ ने कहा कि, ये एक मुश्किल मुकाबला था। हमने अल-नासर को गोल रोकने के लिए और उनके घरेलू स्टेडियम में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर प्रयास किये। गौरतलब है कि ईरान के एस्टेघलाल क्लब द्वारा साऊदी अऱब को 2-2 से बराबरी पर रखने के बाद अल अहली क्लब पहले स्थान पर था। जेद्दा में अल अहली के लिए दोनों गोल इवान टोनी ने किए। वहीं राफेल सिल्वा ने 42 मिनट के बाद ईरान टीम के लिए गोल किया पर टोनी ने एक गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। मोहम्मद होसैन एल्सामी ने एक बार फिर गोल कर एस्टेघलाल को बराबरी पर ला दिया।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए अभी किसी टीम का स्थान पक्का नहीं हुआ

मुम्बई। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अभी 15 मैच बाकी हैं पर किसी भी टीम की जगह अभी पक्की नहीं हुई है। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद जहां एक प्रकार से फाइनल की रेस से वह बाहर हो गयी है। वहीं भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की टीमें रेस में बनी हुई हैं। इंग्लैंड ओर न्यूजीलैंड टेस्ट तक के अंकों के आधार पर अंतिम दो स्थानों के लिए अभी भी 6 टीमें रेस में बनी हुई हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान अंकों पर टीमों की संभावना को नुकसान भी पहुंचा सकती है। चैम्पियनशिप की शुरुआत टीमों के साथ हुई थी, जिनमें से बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड बाहर हो गयी हैं। इन दिनों वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच आपसी श्रृंखला खेली जा रही है, लेकिन उसके नतीजे का असर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका पर नहीं पड़ेगा।

**भारत** - ऑस्ट्रेलिया से अगर भारतीय टीम तीन मैच जीतती है तो भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 62.28 हो जाएगा और सिर्फ दक्षिण अफ्रीका आगे निकलने की स्थिति में रहेगा। यदि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारती भी है, तो भी लगातार तीसरे फाइनल का मौका बन सकता है। इसके लिए उसे न्यूजीलैंड-इंग्लैंड, अफ्रीका-श्रीलंका और अफ्रीका-पाक सीरीज 1-1 से ड्रॉ होनी चाहिए तथा दुआ करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका के बीच दो मैचों की सीरीज 0-0 पर खत्म हो।

**दक्षिण अफ्रीका** - श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में मिली जीत से अफ्रीका ने फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। अफ्रीकी टीम के तीन मैच बचे हैं। इन सभी को जीतकर टीम निश्चित रूप से फाइनल में होगी। वहीं अफ्रीकी टीम अगर एक मैच भी हार जाती है तो 61.11 प्रतिशत अंक तक पहुंच सकेगी और फाइनल के लिए अन्य टीमों पर निर्भर हो जाएगी। इतने अंकों पर ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के पास उससे आगे निकलने का मौका रहेगा।

**ऑस्ट्रेलिया**- ऑस्ट्रेलिया को अपने बल पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे 6 मैचों में कम से कम 4 जीत और 1 ड्रॉ चाहिए। ऐसा होने पर सिर्फ दक्षिण अफ्रीका उससे आगे जा सकता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर भारत के खिलाफ 2-3 से हारता भी है, तो श्रीलंका को 2-0 से स्वीप कर फाइनल में पहुंच सकता है। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया भारत के 58.77 अंक से आगे 60.53 पर समाप्ति करेगा। यहां अब उसे केवल दक्षिण अफ्रीका पछाड़ सकता है।

**श्रीलंका**- श्रीलंका भी दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति में है। उसके तीन मैच बचे हैं और ये सभी जीतकर टीम 61.54प्र. अंकों के साथ फाइनल में पहुंच सकती है। इस स्तर पर भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही उससे आगे निकलने की स्थिति में होगा। वहीं एक मैच भी हारे तो चार अन्य टीम आगे निकल सकेंगी।

# टी20 में मोहित अहलावत के नाम है तिहरे शतक का रिकार्ड

नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज मोहित अहलावत के नाम टी20 क्रिकेट में तिहरे शतक का रिकार्ड है। मोहित ने दिल्ली के स्थानीय टूर्नामेंट फ्रेंड्स प्रीमियर लीग में मावी इलेवन की ओर से फ्रेंड्स इलेवन के खिलाफ 302 रन की नाबाद पारी खेली थी। मोहित ने इस मुकाबले में 39 छक्के लगाये। इससे पहले टी20 की एक पारी में किसी टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के 21 थे। ट्वेंटी20 के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के की बात करें तो रिकॉर्ड 34 छक्कों का था। अहलावत ने सभी को पीछे छोड़ दिया। मोहित की इस पारी से मावी इलेवन ने दो विकेट पर 416 रन बनाये। यह किसी भी ट्वेंटी20 मैच में एक रिकॉर्ड है। मावी इलेवन की ओर से पारी की शुरुआत करने उतरे मोहित अहलावत ने इस मैच में 234 रन बनाये। मोहित के तिहरे शतक की सहायता से मावी इलेवन ने 20 ओवरो में 416 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स इलेवन 216 रन से हार गयी। इससे पहले ट्वेंटी20 में सबसे बड़ा टीम स्कोर 263/5 था जो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2013 आईपीएल में सहारा पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं एक बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 175 रन जो क्रिस गेल ने बनाया था। मोहित दिल्ली की तरफ से खेलते हैं।

# ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है : राहुल द्रविड़

**मुंबई (एजेंसी)** पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास से पैदा हुई कमी को ऋषभ पंत ने तुरंत भर दिया जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट को ऐसे अपनाया जैसे 'बत्तख पानी पर तैरती' है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने गाबा में चौथे टेस्ट में 89 रन की मैच विजयी पारी खेली और श्रृंखला में 274 रन बनाकर 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

द्रविड़ ने कहा, 'धोनी के जाने के बाद आपको लगा होगा कि शायद किसी को भी उसकी जगह लेने में समय लगेगा। मैं यह नहीं कह रहा कि उसने उनकी जगह ले ली है लेकिन निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है, अविश्वसनीय प्रदर्शन।' भारत के पूर्व कप्तान और कोच ने कहा, 'पंत को गाबा में उस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 89 रन बनाते हुए देखना, जब सब कुछ दांव पर लगा हुआ था और टीम इतनी कमजोर थी, उस तरह के दबाव में उस तरह का प्रदर्शन करना - बेहद शानदार... वह कितने विशेष क्रिकेटर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पानी में बत्तख की तरह अपनाया है। यह बस अभूतपूर्व है।'

उस दौरे पर पंत ने पांच पारियों में दो अर्धशतक की मदद से 68.50 की औसत से रन बनाए और भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने पर्थ में पहला टेस्ट 295 रन से जीतकर मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भी 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलिया पर दबदबा बनाया है लेकिन 2003 में एडीलेड में द्रविड़ की 233 रन की पारी प्रशंसकों की पसंदीदा है। इस पारी के संदर्भ में द्रविड़ ने स्वीकार किया कि उन्हें अब भी श्रृंखला नहीं जीत पाने का मलाल है।

द्रविड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला में जिस तरह का प्रदर्शन किया है - वहां श्रृंखला जीतना बहुत मायने रखता है। मेरा या भारत का प्रदर्शन चाहे कितना भी शानदार रहा हो, हम श्रृंखला नहीं जीत पाए। हम करीब पहुंच गए थे लेकिन सिडनी में अंतिम दिन हमें वो विकेट नहीं मिल पाए जिनकी हमें जरूरत थी।' इस 51 वर्षीय खिलाड़ी ने उस घटना को याद किया जिसमें उन्होंने गलती से अपने कप्तान सौरव गांगुली को रन आउट कर दिया था। द्रविड़ ने स्वीकार किया कि यह 'गलती' उनकी थी। उन्होंने कहा, 'मैं सोच रहा था कि मैंने कप्तान को रन आउट करवा दिया है। मुझे कुछ सार्थक करना चाहिए। सौरव को रन आउट करवाना पूरी तरह से मेरी गलती थी। मैं इसे स्वीकार करता हूं - यह मेरी गलती थी।' द्रविड़ ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि आप सिर्फ बल्लेबाजी करने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, आप सिर्फ लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।'



## दिल्ली-मुंबई हाईवे निर्माण को लेकर झालोद में 14 गांवों के किसानों ने किया उग्र प्रदर्शन

दाहोद। भारतमाला परियोजना के तहत गुजरात में दिल्ली-मुंबई के बीच हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य के खिलाफ दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रुकवा दिया। बता दें कि भारतमाला परियोजना के तहत दिल्ली और मुंबई के बीच एक हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। यह हाइवे मध्य गुजरात और दक्षिण गुजरात के कुछ जिलों से होकर गुजरने वाला है। लेकिन इस हाइवे के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से ही विवाद चल रहा है। पहले वहीं भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद था। अब प्रशासन की ओर से दिए गए आश्वासन के मुताबिक सुविधा नहीं मिलने से स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बन रहे दिल्ली-मुंबई हाईवे के विरोध में दाहोद जिले की झालोद तहसील के 14 गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया है। किसानों का आरोप है कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे हाईवे के कारण उन्हें कोई बुनियादी सुविधा नहीं मिल रही है। पूर्व में कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी प्रशासन ने कोई सुविधा नहीं दी है। किसानों ने बुनियादी सुविधाओं और कुछ लंबित मांगों के साथ एक आवेदन प्रस्तुत किया। हाईवे निर्माण के कारण किसानों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। जिससे किसान नाराज हैं। ऐसा नहीं है कि किसान पहली बार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले भी इसी मुद्दे पर प्रदर्शन किया था, लेकिन उस समय अधिकारियों ने प्रदर्शन पर जबरन रोक लगा दी थी। हालाँकि इस बार किसान अधिक नाराज थे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि उन्हें आश्वासन के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिली। जिससे गुस्साए किसानों ने भारतमाला परियोजना के तहत राजमार्ग का काम रोक दिया।

## माहौल बिगाड़ना चाहती हैं सपा-कांग्रेस : मंत्री अग्रवाल

लखनऊ। संभल को लेकर सियासत जारी है और बयानबाजी भी। उप्र में योगी कैबिनेट के मंत्री नितिन अग्रवाल ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बुधवार को संभल दौरे राजनीतिक पर्यटन बताया है। उन्होंने कहा कि संभल में सामान्य हो रही स्थिति को कांग्रेस और सपा के नेता बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने संभल जाने की घोषणा की है, मुझे लगता है कि वे वहां जाकर शांति व्यवस्था जो बहाल हुई है उसे बिगाड़ने व अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें, संभल में हुए बवाल के दौरान मारे गए लोगों से मिलने के लिए राहुल गांधी के बुधवार को संभल जाने की आशंका है। उनके आने की खबर के बाद पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि जिले की सीमाओं पर चौकसी को बढ़ा दिया गया है, क्योंकि 10 दिसंबर तक किसी भी बाहरी व्यक्ति के संभल में आने पर रोक है। कोई भी नेता अगर कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करेगा या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो हमारी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके नेता जहां भी इस तरह की घटना होती है केवल राजनीतिक पर्यटन के लिए जाते हैं। संभल जामा मस्जिद का सर्वे कोर्ट के आदेश पर हो रहा था। इसके बाद भी सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वहां पर स्थिति बिगाड़ी और हिंसा की। संभल में प्रशासन ने पूरी तत्परता के साथ काम किया है।

## आगरा पुलिस ने ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया

### - पांच शातिर सदस्यों को किया गिरफ्तार

आगरा । आगरा पुलिस ने 110 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। इस गैंग के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गैंग भारत के साथ ही दक्षिण एशियाई देशों और यूएई का भी निशाना बनाते थे। इनका धंधा था लोगों को इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगना। आगरा के रहने वाले विनय आहूजा का केस 4 अक्टूबर, 2024 को साइबर सैल थाने में दर्ज हुआ था। साइबर फॉड करने वाले गैंग के सदस्यों ने इसके पूरे गैर कानूनी प्रयोग को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे लोगों को धोखे से इन्वेस्टमेंट करवाकर ठगते थे। यह गैंग अब गिरफ्तार हो चुका है और उनके साथ से बहुत सारी चीजें बरामद की गई हैं। पुलिस का कहना है कि अन्य सदस्यों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सभी बैंक अकाउंट को सीज कर दिया गया है। अब चौंकाने वाली जानकारी यह है कि इस गैंग ने विवेचना के दौरान 239 ट्रांजेक्शन करके लगभग 110 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। इनके पास अनेक फर्जी बैंक अकाउंट भी थे जिनमें पैसा ट्रांसफर होता था। पु?लिस अ?धिकारी ने इस मामले पर कहा ?कि यह घटना साइबर थाने में दर्ज हुई और अब सामने आई चौंकाने वाली जानकारी है। इन लोगों ने अपनी घटनाओं से 110 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया है। पुलिस इस मामले में गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में है। आरोपियों के पास से 85 बैंक खातों की डिटेल मिली है। जब इन बैंक खातों को साइबर पोर्टल पर रन कराया गया तो हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। कुल 239 ठगी की घटनाओं का पैसा इनके खातों में आया है।

## लापता हुए कॉमेडियन सुनील पाल 24 घंटे के अंदर मिले

मुंबई। जाने-माने कॉमेडियन सुनील पाल मंगलवार को लापता हो गए थे। इसकी सूचना सुनील की पत्नी ने मुंबई के सांताक्रुज पुलिस थाने में दी। आखिरकार पुलिस ने सुनील पाल से संपर्क किया और बातचीत में उन्होंने कहा कि वह आज (बुधवार) को मुंबई आएंगे। मालूम हो कि कॉमेडियन सुनील पाल अपनी कॉमेडी को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। लेकिन फिलहाल वह एक निजी कारण से चर्चा में हैं। सुनील पाल की पत्नी ने उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुनील पाल की पत्नी सरिता पाल ने मुंबई के सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में मंगलवार को अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सरिता पाल की ओर से दर्ज शिकायत में कहा गया, सुनील पाल आज घर नहीं आए। उनका फोन भी बंद है। उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। इसलिए मैं पुलिस में शिकायत दर्ज करा रही हूं। चूंकि सुनील पाल एक कॉमेडियन हैं इसलिए वह कई बार शो के लिए मुंबई से बाहर जाते रहते हैं। अब इस घटना को लेकर सरिता पाल ने कहा है कि, उनके पति सुनील पाल संपर्क में हैं। मेरी सुनील पाल से बात हुई है। उन्होंने पुलिस से भी बात की है।

# एकनाथ शिंदे 6 माह के लिए बनना चाह रहे थे मुख्यमंत्री, शाह के दो टूक जवाब से हो गए चुप



**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र में आज विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो जाएगा। इससे पहले दस दिन से अधिक चली रस्साकसी को लेकर कई तरह की खबरें आ रहीं है। बताया जा रहा है कि कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर 6 माह के लिए सीएम का पद मांगा था, लेकिन शाह की दो टूक से वे चुप हो गए। रिपोर्ट एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया गया है कि भाजपा ने 6 महीने सीएम वाली बात को खारिज कर दिया था। पार्टी का कहना था कि इससे एक गलत मिसाल कायम होगी। उन्होंने कहा, 6 महीने के लिए सीएम नियुक्त करने का कोई सिस्टम नहीं है। यह गलत फैसला होगा और प्रशासन पर इसका गलत असर पड़ेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिंदे समेत अन्य नेताओं की मुलाकात 28 नवंबर को हुई थी।

वरिष्ठ नेता ने बताया कि शिंदे से यह भी कहा गया कि वह खुद को भाजपा अध्यक्ष की जगह पर रखकर देखें। उन्होंने बताया कि बैठक में, भाजपा नेतृत्व ने शिंदे से पूछा कि अगर आप स्पष्ट बहुमत हासिल कर लेते तो क्या मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ देते। इस पर शिंदे निशब्द हो गए थे। बुधवार को भाजपा की बैठक होनी है, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा। इससे पहले ही शिंदे ने साफ किया था कि वह भाजपा नेतृत्व के फैसले को मानेंगे और सरकार गठन में अड़ंगा नहीं डालेंगे। खबर है कि बैठक में भाजपा से देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे मौजूद थे। महायुति ने राज्य की 288 में से 230 सीटों पर जीत हासिल की है। खबरों के मुताबिक राजनेता ने यह भी बताया है कि बैठक में शिंदे ने भाजपा को अपना पुराना कथित वादा भी याद दिलाया, जो लोकसभा चुनाव के बाद किया गया था कि अगर गठबंधन बहुमत हासिल कर लेता है कि तो उन्हें मुख्यमंत्री दोबारा बनाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, उनका यह अनुरोध सीधा यह कहकर खारिज कर दिया गया कि भाजपा के बहुमत के करीब सीटें हासिल करने के बाद ऐसा फैसला लेना गलत होगा।

## सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का ऐलान, असम के होटल, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस बैन

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को खपत को प्रतिबंधित करने के लिए राज्य में बीफ प्रतिबंध को रेस्तरां, होटलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों तक बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में हमने निर्णय लिया है कि किसी भी रेस्तरां या होटल में गोमांस नहीं परोसा जाएगा और किसी भी सार्वजनिक समारोह या सार्वजनिक स्थान पर भी गोमांस नहीं परोसा जाएगा, इसलिए आज से हमने निर्णय लिया है कि होटल, रेस्तरां और में गोमांस का सेवन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पहले हमारा निर्णय मंदिरों के पास गोमांस खाना बंद करने का था लेकिन अब हमने इसे पूरे राज्य में विस्तारित कर दिया है कि आप इसे किसी भी सामुदायिक स्थान, सार्वजनिक स्थान, होटल या रेस्तरां में नहीं खा पाएंगे। मौजूदा असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021 के अनुसार, उन क्षेत्रों में गोमांस और गोमांस उत्पादों की बिक्री या खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो मुख्य रूप से हिंदू, जैन, सिख और अन्य गैर गोमांस खाने वाले समुदायों द्वारा बसाए गए हैं या किसी मंदिर या अन्य धार्मिक संस्थान के 5 किलोमीटर के दायरे में हैं।



## भारत ने खरीदा मल्टीरोल हैलीकॉप्टर यह कई टास्क को एक साथ देगा अंजाम



*** अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों की बिक्री को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारतीय नौसेना के लिए अमेरिका में बने एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर डील का एलान किया था और अब दूसरी बार ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले ही अमेरिका ने रोमियों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को बिक्री को मंजूरी दे दी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने फॉरन मिलेट्री सेल के तहत 1.17 बिलियन डॉलर कीमत के कम्युनिकेशन, सेंसर और लॉजेस्टिक भारतीय नौसेना के रोमियो हैलिकॉप्टर की ताक़त को और बढ़ाएगी। नौसेना के लिए करोड़ 2.6 बिलियन की कीमत से 24 एमएच-60 रोमिया मल्टीरोड हेलीकॉप्टर की खरीद की है। रोमियो हैलिकॉप्टर चौथी जेनेरेशन के हैलिकॉप्टर में सबसे बेहतर तकनीक है। ये एक मल्टीरोल हैलिकॉप्टर यानी एक साथ कई टास्क को अंजाम दे सकता है। रडार और सोनार इस हैलिकॉप्टर को दुनिया में पंडुब्बियों के लिए सबसे ख़तरनाक बनाती है। इसे एंटी-सबमरीन एडवांस हैलिकॉप्टर के तौर पर जाना जाता है। इसकी दो सबसे बड़ी खासियत यह है कि पानी में छिपी पनडुब्बियों पर हमला करना और एयर टू सरफेस यानी हवा से जमीन पर हमला करना है। वहीं हेलफायर एयर टू सरफेस मिसाइल जहाजों को निशाना बनाती है।

ख़ास बात है कि जिस तरह के कॉनफ़िगरेशन को अमेरिका नेवी इस्तेमाल में लाती है। पहले 9 हैलिकॉप्टर जो भारत में आए है वह उसी कॉनफ़िगरेशन के साथ हैं। बाकी के हैलिकॉप्टर में कुछ बदलाव भी किए जा सकते है। अभी तक भारतीय नौसेना को 9 हैलिकॉप्टर मिले हैं और इसका पहला स्क्वाड्रन कोच्चि में स्थापित भी किया जा चुका है।

चीन लगातार अपनी मौजूदगी भारतीय समुद्री इलाक़ों में बढ़ा रहा है। ऐसे में हमारी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए उन्नत हथियारों की जरूरत है। उसी में मद्देनज़र नौसेना को उन्नत तकनीक वाले एक मल्टी रोल हैलिकॉप्टर की जरूरत थी। और वह जरूरत खत्म हुई एमएच-60 रोमिया मल्टीरोल हेलीकॉप्टर के तौर पर दरअसल नौ सेना के बेड़े में शामिल ब्रिटेन के बने सी किंग हैलिकॉप्टर की फ्लीट पुरानी हो चुकी है उनकी जगह ले रहे है ये नए रोमियो हैलिकॉप्टर।

# बिहार में चुनाव से पहले तेजस्वी का बड़ा दांव, बोले- हमारी सरकार बनी तो लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे



**पटना (एजेंसी)।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार में आगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनने पर पूरे बिहार में उपभोक्ताओं को हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। मुंगेर में राजद कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जनता के साथ साझा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और स्मार्ट प्री-पेड मीटरों द्वारा अनियमित बिलिंग से जूझ रहे हैं, जो स्मार्ट धोखेबाज कहलाने लायक हैं। उन्होंने कहा कि हम चीजों को सही करने और 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करके लोगों को राहत देने का इरादा रखते हैं। हम सत्ता में आने पर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन तब तक हम नीतीश कुमार सरकार पर इसके लिए दबाव बनाएंगे। युवा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वह नहीं रहे जो वह थे और वह उस मंडली के लिए 'मुखौटा' (मुखौटा) बन गए हैं जो राज्य में सत्ता खींच रही है।

राजद नेता ने बिहार के लिए विशेष दर्जा सुरक्षित करने और वंचित जातियों के लिए बढ़ा हुआ कोटा प्रदान करने वाले कानूनों की रक्षा करने में विफलता के लिए जद (यू) सुप्रीमो को लताड़ा, बावजूद इसके कि उनकी पार्टी केंद्र में एनडीए सरकार का हिस्सा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला संवाद यात्रा के लिए 250 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है, जिसे मुख्यमंत्री जल्द ही शुरू करने वाले हैं और कहा कि सार्वजनिक धन को बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि नौकरशाही को लूट में लिप्त होने की खुली छूट दे दी गई है।

# पीने लायक नहीं रह गया है हरिद्वार का गंगाजल, रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरिद्वार में गंगा नदी का पानी लोग बोतलों से लेकर केन में भरकर घर लाते हैं, ताकि इसके शुद्ध पानी से घर को भी स्वच्छ किया जा सके। गंगाजल का उपयोग वर्षों से कई धार्मिक कार्यों में भी किया जाता है। गंगाजल से शुद्ध हिंदू धर्म में और कुछ नहीं है। मगर बीते कई वर्षों में ऐसी रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया है कि गंगाजल में उपलब्ध वो बैक्टीरिया जो इसे पवित्र बनाते हैं, उनकी संख्या अब कम होती जा रही है।

इसी बीच उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भी एक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि हरिद्वार में गंगा नदी का पानी बी श्रेणी में पाया गया है। पीने के लिए ये पानी सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। हालांकि इस पानी का उपयोग नहाने के लिए किया जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर महीने हरिद्वार के आसपास करीब आठ स्थानों पर गंगा के पानी की जांच करता है। हाल ही में किए गए परीक्षण के दौरान नवंबर महीने के लिए गंगा नदी का पानी 'बी' श्रेणी का पाया गया। नदी के पानी को पाँच श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें 'ए' सबसे कम जहरीला है, जिसका मतलब है कि पानी को कीटाणुरहित करने के बाद पीने के स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और 'ई' सबसे जहरीला है। एएनआई से खास बातचीत में यूकेपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया, 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानी की गुणवत्ता को पांच श्रेणियों में बांटा है। चार मापदंडों (पीएच, घुलित ऑक्सीजन, जैविक ऑक्सीजन और कुल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया) के आधार पर गंगा की गुणवत्ता 'बी' श्रेणी में पाई गई है। इसका मतलब है कि गंगा का पानी नहाने के लिए उपयुक्त है।' स्थानीय पुजारी उज्ज्वल पंडित ने भी जल प्रदूषण में हो रही वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मानव मल के कारण गंगा जल की शुद्धता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, 'केवल गंगाजल से स्नान करने से हमारे शरीर के रोग दूर हो जाते हैं। इससे कैंसर जैसी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। हमारा दावा है कि अगर आप अभी गंगाजल लें और 10 साल बाद इसकी जांच करें तो आपको इसमें कोई अशुद्धता नहीं मिलेगी। गंगाजल की शुद्धता के बारे में जो भी बात सामने आ रही है वह मानव मल के कारण है और हमें इसे बदलने की जरूरत है।'

इस बीच, भारत की नदी निकायों, विशेषकर दिल्ली में यमुना नदी में प्रदूषण पिछले कुछ वर्षों से गंभीर चिंता का कारण रहा है। 1 दिसंबर को यानुमा नदी की सतह पर जहरीले झाग की एक मोटी परत तैरती देखी गई, जिससे संभावित स्वास्थ्य जोखिम के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।

# अब उद्धव को लगा झटका, बोले- हिंदुत्व का एजेंडा उठाओ वरना खत्म हो जाएगी पार्टी



**मुंबई (एजेंसी)।** कहते हैं सुबह का भूला शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते हैं। हिंदु सम्राट बाला साहेब ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे भी हिंदुत्व से भटक गए थे। अब,जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हे केवल 20 सीटें मिली तो एकदम से उन्हे बड़ा झटका लगा और बोले कि इस बार 20 सीटें आईं। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में एक भी सीट नहीं बचेगी। इससे बेहतर है कि हिंदुत्व का एजेंडा लगातार चलते रहना चाहिए। एक पूर्व पार्षद ने कहा, उन्होंने हमें कहा है कि शिवसेना यूबीटी हमेशा हिंदुत्व के लिए काम कर रही थी और हमेशा करती रहेगी, लेकिन विपक्ष ने गलत बात फैला दी कि हमने हिंदुत्व छोड़ दिया है। उन्होंने हमें हिंदुत्व का एजेंडा लोगों तक ले जाने के लिए कहा है। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने नेताओं से मुंबई की 36 विधानसभाओं में फैले 227 वार्डों में तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना यूबीटी अब हिंदुत्व का एजेंडा घर घर ले जाने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने यह फैसला बृह्ममुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले उठाया है। नवंबर में संपन्न हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी महज 20 सीटें ही जीत सकी थी। कहा जा रहा है कि शिवसेना यूबीटी के कई नेता अब एमवीए से अलग होकर चुनाव लड़ने का सुझाव दे रहे हैं।खबर है कि मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों को बीएमसी चुनावों की तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उद्धव ने पूर्व पार्षदों से भाजपा और महायुति की उस बात का विरोध करने के लिए कहा है, जिसमें दावा किया जाता है कि शिवसेना यूबीटी ने हिंदुत्व विचारधारा छोड़ दी है।

**बीएमसी चुनावों में नहीं होगा गठबंधन**

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि अधिकांश पूर्व पार्षद चाहते हैं कि शिवसेना यूबीटी को बीएमसी चुनावों में किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होना चाहिए। खबर है कि उद्धव ने पहले उन्हें जमीन पर काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने मुंबई में चुनाव की तैयारियों के लिए विधायकों, नेताओं, सचिवों और संयोजकों को भी नियुक्त कर दिया है। शिवसेना के एक पदाधिकारी का कहना है कि निकाय चुनावों के लिए 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही खबर है कि अगले सप्ताह तक उद्धव ने नेताओं से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

# लोकसभा में राहुल गांधी के साथ वाली सीट पर बैठने को तैयार नहीं अखिलेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में 99 सांसदों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनकर उभरी कांग्रेस की इच्छा थी कि सदन में उनके नेता राहुल गांधी के ठीक बराबर वाली सीट पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बैठें। सत्ता पक्ष के सामने विपक्ष की मजबूत एकता का खुला नजारा पेश किया जाएगा। जिससे सरकार हमेशा सचेत रहेगी। लेकिन अखिलेश इसके लिए तैयार नहीं हुए। मंगलवार को सदन की कार्रवाई की शुरुआत से कुछ देर पहले कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद केसी वेणुगोपाल और अन्य सदस्यों के द्वारा अखिलेश यादव से इसे लेकर अपील भी की गई। लेकिन उन्होंने इसे मानने से इंकार दिया और वह सदन में विपक्षी दलों की कांग्रेस के बाद वाली दूसरी पंक्ति की अपनी पूर्व नियोजित सीट पर बैठने के लिए ही तैयार नजर आए। अखिलेश के मना करने पर हालांकि खुद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी सीट से उठे और उन्होंने भी अखिलेश यादव को मनाने की कोशिश की और उन्हें अपने साथ वाली सीट पर बैठने का अनुरोध किया। जिस पर भी अखिलेश ने अपनी पुरानी सीट पर ही बैठने की इच्छा जताई। मूल रूप से सदन में कांग्रेस के सांसदों के बैठने के क्रम में सबसे आगे राहुल गांधी बैठते हैं। उनके साथ वाली एक सीट कांग्रेस ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी.आर.बालू को दी है और अब पार्टी की इच्छा बालू के साथ वाली खाली सीट अखिलेश यादव को देने की थी। लेकिन सपा मुखिया इसके लिए तैयार नहीं हुए।

वहीं, जानकार इसके पीछे लोकसभा में विपक्ष की दूसरी पंक्ति में समाजवादी पार्टी के लगभग सभी सांसदों के बैठने को मुख्य वजह के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि अगर सपा मुखिया अखिलेश यादव सदन में अपने दल की तरफ से कोई मुद्दा उठाएंगे तो उन्हें समर्थन प्रदान करने के लिए सपा के बाकी सांसद उनके पीछे या आसपास होने चाहिए। यही व्यवस्था वर्तमान में सदन में बनी हुई है। लेकिन अगर अखिलेश इसकी जगह पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास जाकर बैठते हैं तो उनके और सपा के सदस्यों के बीच बना हुआ यही मजबूत तारतम्य टूटेगा। संभवतः यही कारण हो सकता है कि अखिलेश यादव ने राहुल गांधी के बराबर वाली सीट पर बैठने से इंकार किया होगा।

# महाकुंभ की टेंट सिटी किसी सुपर डीलक्स होटल से नहीं होगी कम

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में आने वाले करोड़ों भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर योगी सरकार महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-20 (अरैल) में 2,000 से ज्यादा स्विस कॉटेज बेस्ड टेंट्स की स्थापना कर रही है। इन टेंट्स में ठहरने वाले लोगों की सुविधा के लिए विला टेंट्स को 900 स्क्वेयर फीट, सुपर डीलक्स टेंट्स को 480 से 580 स्क्वेयर फीट तथा डीलक्स ब्लॉक्स की स्थापना 250 से 400 स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इन टेंट्स में एसी, डबल बेड, मैट्रेस, सोफा सेट, कस्टमाइज्ड इंटीरियर्स, राइटिंग डेस्क, इलेक्ट्रिक गीजर, फायर एक्सटिंगुइशर्स, रजाई, ब्लैंकेट, मॉस्किटो नेट, वाईफाई, डाइनिंग एरिया व कॉमन सिटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी, जो नदी किनारे सुखद पर्यावरणीय दृष्यों के अवलोकन का अनुभव प्रदान करेंगे। वहीं, इनके पैकेज में योग, कल्चरल इवेंट्स व प्रयागराज से जुड़ी अन्य प्रमुख स्थलों व धार्मिक महत्व के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराना भी सम्मिलित होगा। यह सुपर डीलक्स टेंट विला, महाराजा, स्विस कॉटेज व डॉर्मेटरी फॉर्मैट में उपलब्ध रहेंगी, जिनका प्राइसिंग 1,500 से 35,000 के बीच प्रतिदिन के हिसाब से तय रहेंगी। वहीं, डॉर्मेटरी के अलावा 4,000 से 8,000 का शुल्क अतिरिक्त व्यक्ति के ठहरने पर देना होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, वह सीएम योगी के विजन के अनुरूप तैयार की जा रही है। अनुमान है कि महाकुंभ 2025 में 75 देशों के 45 करोड़ से अधिक विजिटर्स आ सकते हैं, ऐसे में उन्हें वर्ल्ड क्लास अकॉमोडेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराने के लिए 1 जनवरी से 5 मार्च की समयावधि के बीच इन टेंट्स का संचालन किया जाएगा। इन टेंट्स को यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट और महाकुंभ ऐप के जरिए भी बुक किया जा सकता है। इन टेंटों की स्थापना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया जा रहा है और 6 पार्टनर्स के साथ मिलकर विभिन्न टेंट ब्लॉक्स की स्थापना कर रहे हैं। इनमें आगमन, कुंभ कैम्प इंडिया, ऋषिकुल कुंभ कॉटेज, कुंभ विलेज, कुंभ कैनवास व एरा प्रमुख हैं।





# देवा-पुष्पा-2 द रूल-छावा की बदली गई रिलीज डेट

**मुंबई।** आगामी फिल्मों में शाहिद कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म देवा, विक्की कौशल की ऐतिहासिक फिल्म छावा और अल्लू अर्जुन की एक्शन ड्रामा से भरपूर फिल्म पुष्पा 2 द रूल शामिल है। शाहिद कपूर की फिल्म देवा अब 14 फरवरी 2025 की जगह 31 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही। छावा पहले 6 दिसंबर 2024 को रिलीज होनी थी, लेकिन अब 19 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पुष्पा 2 द रूल में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक केमेस्ट्री फिर से देखने को मिल रही है। पुष्पा 2 पहले 6 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन अब 5 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है।



लाइफ Style

# सारा
## राजनेता के बेटे पर आया दिल

सारा अली खान अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहे या न रहे, लेकिन अपनी लव लाइफ को लेकर वो सुर्खियों में रहती हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत हो या कार्तिक आर्यन या फिर क्रिकेटर शुभमन गिल। अपनी लव-लाइफ को लेकर वह सुर्खियों में छाई रहती हैं।

चर्चाएं हुईं कि एक्ट्रेस का दिल क्रिकेटर पर आया है, लेकिन वो सिर्फ अफवाह निकली। अब चर्चाएं हैं कि एक्टर एक बड़े राजनेता के बेटे को डेट कर रही हैं, जो खुद करोड़पति मॉडल है। पिछले काफी समय से पटौदी खानदान की इस बेटी का नाम करोड़पति मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ जोड़ा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि सारा और अर्जुन दोनों रिलेशनशिप में हैं। तस्वीरें सामने आईं, तो दोनों के अफेयर की चर्चाओं ने फिर से तूल पकड़ लिया। सारा ने कुछ तस्वीरों को इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। तस्वीरों में उन्होंने सनसेट एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने डेजर्ट सफारी का भी लुफ्ट उठाया। दूसरी तरफ अर्जुन प्रताप ने भी अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह जिम में पसीना बहाते नजर आ रहे हैं। अर्जुन एक होटल में बना हुआ जिम इस्तेमाल कर रहे हैं। सारा और अर्जुन ने एक-दूसरे के साथ एक भी फोटो शेयर नहीं की है, लेकिन फैंस का मानना है कि दोनों एक साथ ही राजस्थान वेकेशन पर गए हैं और वहां पर क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। सारा और अर्जुन की ये फोटोज कोलाज के साथ सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही है, जिसने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है।

हॉलीवुड मसाला



# इंफेक्शन की वजह से रोशनी गई

**लॉस एंजिल्स।** एल्टन जॉन द डेविल वियर्स प्राडा- द म्यूजिकल देखने के लिए पहुंचे थे। लेकिन वह सिर्फ इस शो को सुन ही पाए क्योंकि देख पाना उनके लिए मुमकिन नहीं था। इस शो के गाने उन्होंने ही लिखे हैं। एल्टन ने अपने इस शो के एक्सपीरियंस के बारे में कहते हैं, 'मैंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी है, इसलिए मैं यह शो देख नहीं पाया लेकिन मैंने इसे सुनने का पूरा मजा लिया है। वह कहते हैं, 'जब मैं जुलाई महीने में फ्रांस में था तो एक इंफेक्शन की वजह से मेरी दायीं आंख की रोशनी चली गई। चार महीने से मैं देख नहीं पा रहा हूं।



# रेड सी इंटरनेशनल फिल्म... में दिखेगा आमिर का जलवा

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान को इस साल के रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (आरएसआईएफएफ) में विशेष सम्मान मिलने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव 5 से 14 दिसंबर तक जेद्दा, सऊदी अरब में आयोजित होगा। आमिर खान के साथ ऑस्कर के लिए नामांकन पाने वाली एमीली ब्लंट भी इस कार्यक्रम में सम्मानित की जाएंगी। इन सितारों को उनके उत्कृष्ट करियर और फिल्म इंडस्ट्री पर उनके स्थायी प्रभाव के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। इस महोत्सव में शामिल होने वाली अन्य प्रमुख हस्तियों में वायोला डेविस और मोना जाकी का नाम भी शामिल है। आमिर और एमीली ब्लंट, दोनों 'इन कंवर्सेशन विद' सत्र में हिस्सा लेंगे, जिसमें वे अन्य मशहूर कलाकारों जैसे एंड्रू गारफील्ड, ईवा लोंगोरिया, करीना कपूर खान और रणबीर कपूर के साथ अपनी फिल्मों और अनुभवों पर बातचीत करेंगे।



# मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं

**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का अफेयर काफी वक्त तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। दोनों को कई बार साथ देखा गया। हालांकि, अब इनका ब्रेकअप हो चुका है। इस बीच अनन्य का नाम वॉकर ब्लैंको के साथ जुड़ रहा है। कथित तौर पर दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अनन्या ने आगे कहा, 'मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं। और जब कोई मुझसे कहता है कि तुम्हें बहुत ज्यादा चीजें शेयर नहीं करनी चाहिए, वे किसी और से चीजें शेयर कर सकते हैं। ऐसा सुनकर मुझे दुख होता है, क्योंकि मैं चीजों को इस तरह नहीं देखती। मैं लोगों में अच्छी चीजें देखना पसंद करती हूं'। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो आने वाले साल में उनकी झोली में दो फिल्मे हैं। वे लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगी। इसका निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं।




# जब मैं छोटा था, मेरे बाल मुफासा जैसे थे

**मुंबई।** शाहरुख खान अपने दोनों बेटों अबराम और आर्यन खान के साथ पहली बार फिल्म 'मुफासाः द लायन किंग' में जुड़ रहे हैं। शाहरुख इस फिल्म में मुफासा की आवाज देंगे, जबकि अबराम युवा मुफासा और आर्यन सिम्बा के किरदार को आवाज देंगे। यह फिल्म 20 दिसंबर को भारत में रिलीज होगी। उन्होंने साल 2019 में द लायन किंग में भी अपनी आवाज दी थी। शाहरुख ने इस फिल्म से अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए कहा, 'आप इस किरदार से जुड़ते हैं, क्योंकि मुफासा दयालु, मजबूत, शक्तिशाली, प्यारा और परिवार से जुड़ा हुआ है। ये वे गुण हैं जिन्हें हम सभी अपने अंदर देखना चाहते हैं।' उन्होंने मजाक करते हुए अपने बचपन के दिनों को याद किया और कहा, "मेरे बाल भी मुफासा के जैसे थे, इसलिए मैं खुद को उससे जुड़ा हुआ महसूस करता हूं।'

टीवी मसाला



# शक्ति ने चंकी को रातोंरात दिलाई थी 10 फिल्में....

**नई दिल्ली।** ग्रेट इंडियन कपिल शो' में चंकी पांडे, गोविंदा और शक्ति कपूर की जोड़ी नजर आई। तीनों अभिनेता इस शो में मस्ती करते दिखाई दिए। तीनों अभिनेताओं ने एक दूसरे से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस दौरान अर्चना पूरन सिंह ने भी शक्ति कपूर को लेकर एक किस्सा सुनाया। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में चंकी पांडे ने बताया कि शक्ति कपूर ने प्रोड्यूसर से 50 हजार रुपए दिलाए थे।

# जब एक गाने की शूटिंग के कारण अमेरिका में बुरे फंसे फरदीन, पीछे पड़ गए एफबीआई ऑफिसर....

**नई दिल्ली।** फरदीन खान ने अपने करियर की शुरुआत में करीना कपूर के साथ एक फिल्म 'खुशी'की थी। इसी फिल्म के एक गाने की शूटिंग अमेरिका में हुई। इसके चक्कर में फरदीन के पीछे एफबीआई ऑफिसर पड़ गए थे। फरदीन खान एक बार फिर से बॉलीवुड फिल्मों में पूरी तरह से सक्रिय हो गए। पर्सनल लाइफ में तमाम उतार-चढ़ावों के बाद वह अब अपने करियर पर फोकस करना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने मैशबेल इंडिया को अपनी अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' और करियर से जुड़ी बातों को लेकर एक इंटरव्यू दिया। इसमें ही उन्होंने एक किस्सा साझा किया कि कैसे वह फिल्म 'खुशी' के एक गाने को शूट करने के चक्कर में एफबीआई के शक के घेरे में आ गए थे।

*गाने के लिए पुलिस यूनिफॉर्म लेने गए* : फरदीन इंटरव्यू में बताते हैं, 'मुझे करीना के साथ एक गाना फिल्म 'खुशी'के लिए शूट करना था, जिसमें पुलिस ऑफिसर की यूनिफॉर्म पहननी थी। ऐसे में मैं, फिल्म के डायरेक्टर और कुछ और लोग एक फैंसी ड्रेस स्टोर में गए। हमने वहां पुलिस की यूनिफॉर्म मांगी और कहा कि बिल्कुल रियल लगनी चाहिए। ड्रेस स्टोर के मालिक ने कहा कि यूनिफॉर्म मिल जाएंगी। लेकिन, अगले दिन हमारे होटल में एफबीआई के ऑफिसर पहुंच गए। दरअसल, मामला यह था कि कुछ दिन पहले ही 9/11 की घटना हुई थी। ऐसे में हर संदिग्ध गतिविधि पर एफबीआई नजर रख रही थी। हमसे पूछताछ की गई कि क्यों पुलिस की यूनिफॉर्म खरीद रहे हो। तब हमने बताया कि हम फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।




*साथ में रहे एफबीआई ऑफिसर* : फरदीन आगे बताते हैं कि जब गाने की शूटिंग हो रही थी तो एफबीआई एजेंट हमारे आसपास मौजूद रहे। वह हमारा पीछा करते रहे। जब उन्हें यकीन हो गया कि हम कोई गलत काम नहीं कर रहे हैं तो उन्होंने हमारा पीछा छोड़ दिया।

*करीना कपूर के साथ काम करके मिली खुशी* : फिल्म 'खुशी'में करीना के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को भी फरदीन ने याद किया। साथ ही करीना को वर्सटाइल एक्ट्रेस बताया। फरदीन ने कुछ और फिल्मों में करीना के साथ काम किया है।

# 'जीरो से रीस्टार्ट' का ट्रेलर रिलीज




***नई दिल्ली।*** *'जीरो से रीस्टार्ट' '12वीं फेल' का प्रीक्वल है, जिसका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसमें '12वीं फेल' के निर्माण के पीछे के दृश्यों की झलक पेश की गई है। ट्रेलर में विक्रांत के शानदार प्रदर्शन के साथ ही निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा का फिल्म के प्रति समर्पण भी झलकता है। 'जीरो से रीस्टार्ट' के ट्रेलर की शुरुआत विधु विनोद चोपड़ा द्वारा '12वीं फेल' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतने के साथ होती है, जिसे आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, अनिल कपूर, अल्लू अर्जुन और विजय देवरकोंडा जैसे सितारों से प्रशंसा मिलती है।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.